माघ शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 24 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 184, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से बनती हैं बहुमूल्य धातु 16
जंगली पोकर के अपने टाइप के लोग कैम्पेन में अनिल 15

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512- 2548300

# जिनके अपने होश ठिकाने नहीं, वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में इंडी गठबंधन पर जमकर बोला हमला

## करखियांव में किया 13 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

- बनास काशी संकुल समारोह को संबोधित करते मोदी ने कहा काशी का अपमान युवा नहीं भूलेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी



**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में स्थानीय भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन को सीधे निशाने पर रखा।

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को बनास काशी संकुल के उद्घाटन समारोह और पूर्वांचल के लिए 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार का कहना है कि काशी के नौजवान नशेड़ी हैं। मोदी को गाली देते-देते दो दशक बिता दिए, अब ये लोग यहां के नौजवानों पर भड़ास निकाल रहे हैं। बोले कि जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि काशी और उप्र.का नौजवान विकसित यूपी बनाने में जुटा है। अपना भविष्य बनाने में लगा हुआ है। उप्र. के युवा कांग्रेस और इंडी गठबंधन द्वारा किया गया अपमान कभी नहीं भूलेंगे। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर हमलावर होते हुए कहा कि परिवारवादी हमेशा युवा शक्ति और मेधा से डरते हैं। उन्हें लगता है कि सामान्य युवा को अवसर मिला तो वह हर जगह चुनौती देगा। इन्हें वही पसंद आते हैं जो दिन रात इनकी जय-जयकार करते रहें। राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री ने कहा कि इनके गुस्से और बौखलाहट का एक और कारण यह है कि इन्हें काशी और अयोध्या का नया स्वरूप पसंद नहीं आ रहा है। ये राममंदिर को लेकर कैसी-कैसी बातों से हमला करते हैं। मुझे नहीं पता था कि कांग्रेस को श्रीराम से इतनी नफरत है। ये अपने परिवार और वोट बैंक से बाहर कुछ सोच ही नहीं पाते। जब चुनाव आता है तो ये लोग साथ आते हैं।

### इहां सब गुरू ह, गठबंधन क पैंतरा ना चली

**वाराणसी।** मोदी ने भोजपुरी में इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि 'ई बनारस हव, इहां सब गुरू ह। इहां इंडी गठबंधन क पैंतरा ना चली। बनारस नाहीं पूरे यूपी के पता हव कि माल वही है पैकिंग नई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो इनको जमानत बचाने के लिए भी बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। भाषण की शुरुआत भोजपुरी में करते हुए मोदी ने कहा कि काशी की धरती पर आज एक बार फिर आवे क मौका मिलल हव। जब तक बनारस नाही आइत तब तक हमार मन नाहीं मानेला। 10 साल पहिले आप लोग हमके बनारस क सांसद बनइला, अब 10 साल में बनारस हमके बनारसी बना देलस।

### पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को मिलेगी गति

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री ने वाराणसी में जिन 13 हजार करोड़ से ज्यादा की 45 परियोजनाओं की शुरुआत की उनसे, पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को गति मिलेगी। इसमें रेल, रोड, एयरपोर्ट, पशुपालन, उद्योग, खेल, कौशल विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, अध्यात्म, पर्यटन, एलपीजी गैस जैसे अनेक क्षेत्रों से जुड़े कार्य हैं। रोजगार के नए अवसर बनेंगे। संत रविदास की जन्मस्थली से जुड़ी अनेक परियोजनाओं का भी लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है।

### जो कभी नहीं हुआ, मोदी ने वह कर दिखाया: योगी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, काशी को प्रधानमंत्री द्वारा 45 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी गई। जो कभी नहीं हुआ, वह पीएम ने कर दिखाया। योगी ने अंगवस्त्र व कामधेनु की मूर्ति देकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने जीआई उत्पादों के पांच कारीगरों जमालुद्दीन अंसारी, श्रीकांत मिश्र, सत्या सिंह, अमृता सिंह और सिद्धार्थ मौर्य को अधिकृत उपयोगकर्ता का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया।

# लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का निधन



**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का शुक्रवार को मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में निधन हो गया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री जोशी (86) को दिल का दौरा पड़ने के बाद 21 फरवरी को अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने शुक्रवार तड़के अंतिम सांस ली। मनोहर जोशी अविभाजित शिवसेना से राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले पहले नेता थे। वे 1995 से 1999 तक मुख्यमंत्री रहे। जोशी संसद सदस्य भी चुने गए थे, वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 2002 से 2004 तक लोकसभा अध्यक्ष रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# खनौरी जाने से रोकने पर किसानों ने किया पथराव, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

## प्रदर्शनकारियों ने मनाया काला दिवस, भाजपा नेताओं के पुतले फूंके

हिसार/अमृतसर, एजेंसी

पुलिस ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा की ओर बढ़ रहे किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसूगैस के गोले दागे और लाठी चार्ज भी किया। विरोध में किसानों की ओर से भी पथराव किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हिसार-नारनौंद रोड पर ये किसान खेरी चोपटा गांव से खनौरी सीमा जा रहे थे, उसी दौरान पुलिस ने उन पर आंसूगैस के गोले दागे। किसान पिछले कुछ दिनों से पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं। वे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के 'दिल्ली चलो' आह्वान पर वहां इकट्ठा हुए हैं।

दूसरी ओर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शुक्रवार को काला दिवस मनाया और राज्य की सीमा पर दो जगह डेरा डाले प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कार्रवाई के विरोध में भाजपा के नेताओं के पुतले फूंके। हरियाणा पुलिस और पंजाब के किसानों के बीच हिंसा में मारे गए किसान शुभकरण सिंह के प्रति शोक व्यक्त करने के लिए एसकेएम ने काला दिवस मनाने का आह्वान किया था। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) ने पंजाब के 17 जिलों में 47 स्थानों पर प्रदर्शन किया और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूंके। अमृतसर में, किसानों ने मुख्य प्रवेश बिंदु न्यू गोल्डन गेट पर भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का पुतला फूंका।

होशियारपुर जिले में भी प्रदर्शन किया गया, किसानों ने केंद्र और हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### मारे गए किसान के परिवार को एक करोड़ देगी पंजाब सरकार

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खनौरी सीमा पर मारे गए किसान शुभकरण सिंह के परिवार को मुआवजे के तौर पर एक करोड़ रुपये और उसकी बहन को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में बुधवार को झड़प में बठिंडा के किसान सिंह (21) की मौत हो गई थी और 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। मान ने पंजाबी भाषा में एक पोस्ट में कहा कि दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। किसान नेता सिंह के मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे थे। मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने की भी मांग की थी।

### प्राथमिकी दर्ज होने तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे

चंडीगढ़। किसान नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि मारे गए शुभकरण सिंह का अंतिम संस्कार तब तक नहीं किया जाएगा जब तक पंजाब सरकार घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करती। पटियाला में किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने जोर दिया था कि मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन अब अधिकारियों ने बताया कि यह संभव नहीं है। पंधेर ने कहा कि हमने (शुभकरण के) परिवार से कहा कि इसमें दो दिन या 10 दिन लगे। हमारे लिए पैसे महत्वपूर्ण नहीं है। प्राथमिकी दर्ज करन के बाद ही अंतिम संस्कार होगा।

# पेपर लीक होने की चर्चा से हताश युवक ने फंदे पर लटककर दी जान

- सुसाइड नोट में लिखा, क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी न दिला सकी
- शैक्षिक प्रमाण पत्र भी जला दिए कन्नौज सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भूड़पुर्वा की घटना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती का पेपर लीक होने की चर्चा से हताश युवक ने बीएससी तक के शैक्षिक प्रमाण पत्र जला कर शुक्रवार को अपने घर में फंदे पर लटककर जान दे दी। सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी न दिला सकी। परिजनों ने कहा कि बेटे ने हाल ही में सिपाही भर्ती परीक्षा दी थी जिसका पेपर लीक होने की चर्चा से परेशान चल रहा था।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भूड़पुर्वा निवासी ब्रजेश पाल (25) पुत्र लक्ष्मन पाल शुक्रवार सुबह जब कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने आवाज दी। जवाब न मिलने पर मां ने कमरे में झांका तो बेटा फंदे पर लटका था। पूर्व ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। कमरे में उसके कुछ शैक्षिक कागजात जले हुए मिले। सुसाइड नोट में लिखा था कि 'हमारी आधी उम्र पढ़ते-पढ़ते निकल गई है। ऐसी डिग्री का क्या फायदा जो एक नौकरी तक न दिला सकी। सुसाइड नोट में बीएससी तक के कागजात जलाने की बात भी लिखी है। लिखा है कि उसकी मौत के लिए माता-पिता को परेशान न किया जाए। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि युवक ने नौकरी न लगने का कारण बताते हुए सुसाइड नोट लिख फांसी लगाई है। इसमें किसी को दोषी नहीं ठहराया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### अखिलेश यादव ने कहा जान देना समाधान नहीं

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि ये बेहद दुखद खबर है कि बेरोजगारी की त्रासदी से निराश होकर कन्नौज में एक युवा ने फंदे पर लटककर जान दे दी। ऐसा करने से पहले उसने अपनी सारी डिग्रियां भी जला डालीं। कहा कि जान देना कोई समाधान नहीं होता, संघर्ष ही रास्ता निकालता है। भाजपा सरकार में नौकरी की उम्मीद बेमानी है। जो भाजपा अपनी सरकार बनाने के लिए हर हथकंडा अपनाती है, वो नौकरी देने के नाम पर क्यों मुकर जाती है।

# विनय शंकर तिवारी के 10 ठिकानों पर ईडी का छापा

### बैंक लोन धोखाधड़ी मामला

- दिल्ली, गोरखपुर समेत कई जगह हुई जांच, दस्तावेज भी खंगाले गए
- विनय तिवारी और उनके भाई पूर्व सांसद भीष्म शंकर से भी पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को सपा नेता विनय शंकर तिवारी के अलग-अलग शहरों में स्थित 10 ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी विनय तिवारी की गंगोत्री इंटरप्राइजेज द्वारा 750 करोड़ रुपये के बैंक लोन में धोखाधड़ी को लेकर की गई है। ईडी ने लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा, गुजरात के अहमदाबाद और हरियाणा के गुरुग्राम में आरोपियों से जुड़े 10 परिसरों पर छापेमारी की। इस मामले में ईडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है।

गोरखपुर धर्मशाला स्थित विनय तिवारी के आवास तिवारी हाता पर सुबह ही ईडी के तकरीबन एक दर्जन अफसर पहुंचे और दस्तावेज खंगाले। इस दौरान आवास पर मौजूद पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी और उनके बड़े भाई पूर्व सांसद भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी से भी ईडी के अफसरों द्वारा पूछताछ किए जाने की खबर है। लखनऊ में महानगर स्थित विनय शंकर तिवारी के आवास पर भी सुबह ही ईडी की टीम पहुंच गई। वहां सिर्फ स्टाफ होने के चलते गेट खुलने तक तकरीबन एक घंटे तक उन्हें बाहर ही खड़ा रहना पड़ा। यहां छानबीन के दौरान बाहर ईडी के अफसरों की ओर से प्रिंटर आदि भी मंगवाए जाने की सूचना है।

# झोपड़ी में आग लगने से 4 बच्चियां जिंदा जलीं

संवाददाता, फरीदपुर (बरेली), **अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव नवादा बिलसंडी में शुक्रवार को मकान की छत पर बनी झोपड़ी में रखे पुआल और भूसे में आग लग गई। आग लगने से लुकाछिपी खेल रहे चार बच्चों की जलकर मौत हो गई। चीख-पुकार सुनकर गांव वाले पहुंचे, आग बुझाई लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। गांव नवादा बिलसंडी में अमिताभ, भीम, अर्जुन अपने परिवार के साथ एक छोटे से मकान में रहते हैं। छत पर दो झोपड़ी बनाकर उसमें पुआल और भूसा भी रखा था। अमिताभ की बेटी मानवी (2), नीतू (5), भीम की बेटी प्रियांशी (6) और अर्जुन की बेटी आराध्या (6) छत पर लुकाछिपी खेल रहे थे। अचानक भूसा-पुआल में आग लग गई। झुलसने से चारों बच्चों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया है।

# महिला प्रोफेसर पर लगाया 5 लाख रुपये का जुर्माना

- एससी/ एसटी एक्ट के तहत आरोपित ने दर्ज कराई थी झूठी शिकायत

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी/ एसटी एक्ट के तहत दर्ज एक मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि शताब्दियों तक भारतीय समाज ने जीवन के दो आधार मूल्यों सत्य और अहिंसा का पोषण किया है। एक समय लोग परिणामों की परवाह किए बिना अदालतों में सच बोलने में गर्व महसूस करते थे। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकलपीठ ने आईपीसी और एससी/एसटी अधिनियम की धाराओं के तहत दर्ज मामले में चल रही कार्यवाही और आरोप पत्र रद्द करने की मांग लेकर दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए की। दरअसल इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर को अपनी सहायक महिला प्रोफेसर को कक्षाएं लेने और ठीक से पढ़ाने के लिए सलाह देना भारी पड़ा। उन्होंने अपनी इस गलती के लिए लगभग 8 वर्षों तक मुकदमे का सामना किया। तथ्यों का अवलोकन करने पर कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता एक सुशिक्षित महिला है और कानून के प्रावधानों को अच्छी तरह से जानती है, इसलिए उसने व्यक्तिगत लाभ के लिए कानून के प्रावधानों का दुरुपयोग किया। शिकायतकर्ता की झूठी शिकायत के कारण याची को सार्वजनिक छवि, वित्तीय क्षति हुई है। इस कारण शिकायतकर्ता पर पांच लाख का जुर्माना लगाना आवश्यक है।




आर्यनगर में सड़क पर खड़े होते वाहन, रोज लगता है जाम। अमृत विचार


सड़क तक लगीं दुकानें और उसके आगे खड़े होते वाहन। अमृत विचार


पैदल राहगीर फुटपाथ पर चलते हैं, मगर जब फुटपाथ बचा ही नहीं है तो कहां चलेंगे। आलम यह है कि पैदल लोगों को सड़क पर चलना पड़ता है। ऐसे में वाहनों की टक्कर लग जाती है। –निशा सिंह


दुकानदार फुटपाथ पर अपनी दुकान लगाता है, बची जगह पर अपना वाहन खड़ा कर देता है। ऐसे में जो लोग खरीदारी करने आते हैं, वे भी मनमानी तरीके से अपने वाहन सड़क पर लगा देते हैं। –सुनील कश्यप


नर्सिंगहोम और शॉपिंग मॉल के पास सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। उन स्थानों पर तो सड़क ही गली नजर आती है। मॉल के बाहर तो लोग कहीं भी वाहन खड़े कर देते हैं। कोई देखने वाला नहीं है। –सत्य प्रकाश


पुलिस चौकी समीप ही है, उसके बाद भी सड़क पर अतिक्रमण और पार्किंग हो रही है। लोग विरोध करते हैं तो दुकानदार व अस्पताल कर्मी झगड़े पर उतारु हो जाते हैं। मारपीट कौन करे। – राम प्रकाश वर्मा

# सड़क पर पार्किंग, हर कदम जाम से जूझते लोग

## आर्यनगर क्षेत्र में चारों तरफ जाम का किला, भेदने में छूटते पसीने ○ नर्सिंगहोम, अपार्टमेंट व शॉपिंग मॉल की मनमानी

**आर्यनगर की पीड़ा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रशासन जाम और अतिक्रमण से निपटने के लिए सारे जतन कर रहा है, लेकिन इससे लाभ कोई नहीं है। आर्यनगर चौराहा से किसी भी रोड पर निकलें, जाम में उलझना ही पड़ेगा। इन रोडों पर अतिक्रमण के साथ सड़क पर पार्किंग की प्रमुख समस्या है। लोग रोड पर ही अपने चार पहिया वाहन आड़े-तिरछे खड़े कर देते हैं। जाम के बीच हार्न का शोर दिमाग खराब कर देता है। बेनाझाबर की तरफ से आर्यनगर जाने पर घुसते ही जाम मिलता है। इस रोड पर लगातार कई नर्सिंगहोम, मेडिकल स्टोर के कारण सड़क गली लगने लगती है। नर्सिंगहोमों की पार्किंग फुटपाथ पर है और कर्मचारियों व डाक्टरों के वाहन भी सड़क पर किनारे खड़े होते हैं। नर्सिंगहोम में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है, अगर है तो दो-चार वाहनों के लिए।


अवैध सब्जी मंडी भी जाम का एक कारण है। अमृत विचार

इस रोड पर आगे बढ़ेंगे तो कई अपार्टमेंट और शॉपिंग मॉल हैं। इनके बाहर भी दर्जनों चार और दो पहिया वाहन फुटपाथ से लेकर सड़क तक खड़े होते हैं। शॉपिंग मॉल आने वाले खरीदार तो मनमर्जी वाहन खड़ा कर देते हैं। इस जाम से निकले तो आगे रेस्टोरेंट के अतिक्रमण पसीना छुटा देते हैं। लोगों ने बताया शाम होते ही शराब व बीयर की दुकानों के बाहर तो पूरी बारात जमा होती है। शाम को पांच बजे से शुरू होकर रात 10 बजे तक तो पूरा क्षेत्र वाहनों के हार्न से गूंजता रहता है। पांच मिनट का यह रास्ता पार करने में वाहन चालकों को 20 मिनट लग जाते हैं।

### गलियों में भी अतिक्रमण

चौराहा से बृजेंद्र स्वरूप पार्क को जाने वाली रोड पर वाहनों की पार्किंग के साथ दुकानदारों का अतिक्रमण रहता है। वहीं रोड तो दूर, गलियों में भी अतिक्रमण रहता है। रोड पर घुसते ही बाएं हाथ पर गली में एक गैस एजेंसी है। यहां गली में ही सिलेंडर वाहन और सिलेंडर रखे होते हैं। गली से लोगों का निकलना दूभर होता है।

### सड़क पर ही फलमंडी

आर्यनगर चौराहे के एक कोने में तीन-चार फल की दुकानें लगती हैं। टट्टर लगी इन दुकानों का पूरा सामान सड़क पर ही रखा होता है। ठेला फुटपाथ पर खड़ा होता है। दूसरी तरफ भी कुछ ऐसा ही हाल है। यहां सब्जी की दुकानें लगती हैं।

### नो पार्किंग बोर्ड बेमतलब

गैंजेस क्लब वाली रोड पर सड़क के दोनों तरफ चार पहिया वाहन खड़े होते हैं। ये तब है जब घरों, प्रतिष्ठानों और क्लब के बाहर नो पार्किंग को बोर्ड लगा है। उसके बाद भी इस रोड पर करीब 100 वाहन सड़क के किनारे खड़े मिल जाएंगे।

### चौराहे की हर रोड पर जाम का चक्रव्यूह

आर्यनगर चौराहे से बेनाझाबर, कानपुर विद्या मंदिर, राजीव पेट्रोल पंप, बृजेंद्र स्वरूप पार्क किसी भी रोड पर जाएं, सड़क पर वाहनों की लंबी पार्किंग मिलना तय है। पीएनबी रोड पर बेकरी के बाहर तो हर समय आधा दर्जन से अधिक चार पहिया वाहन खड़े मिल जाएंगे। किसी भी रोड पर सड़क पर खड़े दो पहिया वाहनों की गिनती ही नहीं की जा सकती है। इन सबके बीच दुकानदारों का अतिक्रमण अलग से होता है।

### चौराहे पर ही चौकी, पर कोई डर नहीं

आर्यनगर चौराहे पर बेनाझाबर जाने वाली रोड पर एक कोने में पुलिस चौकी बनी है। यहां दिनभर दरोगा व सिपाही बैठे मिल जाएंगे। इसके बाद भी दुकानदार फुटपाथ और सड़क पर अतिक्रमण किए रहते हैं। फल और सब्जी वाली दुकानें चौकी के ठीक सामने ही लगती हैं। रोड पर वाहनों की पार्किंग पुलिस के सामने होती हैं। किसी को पुलिस का कोई डर नहीं है। पुलिस इनको रोकने की हिम्मत भी नहीं जुटाती।

# अच्छी, साफ और सुंदर दिखने वाली सब्जियां कर रहीं बीमार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बाजारों में दिखने वाली अच्छी, साफ, सुंदर व चमकदार सब्जियां शरीर को नुकसान पहुंचा रही हैं। अंधाधुंध कीटनाशकों के प्रयोग से उनका केवल 30 फीसदी हिस्सा फसलों को प्राप्त होता है और बाकी 70 फीसदी हिस्सा हवा, पानी व मृदा में जाता है, जो मानव शरीर के लिए बेहद हानिकारक होता है। यह जानकारी सीएसए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद कुमार सिंह ने जीएसवीए मेडिकल कॉलेज में दी।

मेडिकल कॉलेज के बॉयोकेमिस्ट्री विभाग ने शुक्रवार को एलटी-वन में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के प्रोजेक्ट तहत कार्यशाला का आयोजन किया। जिसका विषय "पेस्टीसाइड और स्वास्थ्य हम किस ओर जा रहे है" रहा। उद्घाटन सीएसए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आनंद कुमार सिंह, कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला समेत अन्य विशेषज्ञों ने किया। सीएसए के कुलपति ने बताया कि बाजारों में अच्छी व चमकदार दिखने वाली सब्जियां शरीर के लिए अधिक नुकसानदेह होती हैं क्योंकि इन्हें कृत्रिम तरीकों से केमिकलों से चमकदार बनाया जाता है और साफ किया जाता है। फसलों में मानक से अधिक कीटनाशक के प्रयोग से जमीन पर इसका असर पड़ता है। प्राचार्य प्रो.संजय काला ने बताया कि गांवों के लोगों में भी कैंसर की समस्या अधिक बढ़ी है। इसलिए हैवी मेटल और कीटनाशकों के प्रयोग से गाल ब्लैडर में होने वाले कैंसर के संबंध में एक शोध कार्य किया जा रहा है। यूसीएमएस मेडिकल कॉलेज दिल्ली से डॉ. बीडी बनर्जी ने बताया कि भोजन व पानी में कीटनाशकों के अवशेष बचे होने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।



दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत करते सीएसए कुलपति प्रो .आरके सिंह, प्राचार्य प्रो .संजय काला, हैलट प्रमुख अधीक्षक डॉ .आरके सिंह समेत अन्य।

### प्लास्टिक खिलौने बच्चों के लिए नुकसानदायक

अहमदाबाद में आईसीएमआर के इंडियन ऑक्यूपेशनल इंस्टीट्यूट के डॉ. पी शिवा पेरूमल ने कीटनाशकों के अवशेष के सटीक अनुमान लगाने के लिए एलसी एमसी और जीसी एमएस, एमएस मशीनों द्वारा किए जाने वाले एनालिसिस को कैसे समझा जाए, इस पर जानकारी दी। गांगाराम अस्पताल की एसोसिएट प्रो. रश्मि राणा ने प्लास्टिक में उपलब्ध थैलेट्स के प्रभाव से पुरुषों में नपुंसकता की बीमारी होने की जानकारी दी। बताया कि प्लास्टिक के खिलौने भी बच्चों के लिए नुकसान दायक हो सकते हैं। कर्नाटक से आए डॉ .राकेश कुमार जोशी ने पेस्टीसाइड के न्यूनतम उपयोग को दर्शाकर कैसे कम से कम नुकसान मानव को पहुंचे, इसपर चर्चा की। दिल्ली एम्स के डॉ .दुष्यंत कुमार, आईआईटी रुड़की के डॉ. राकेश शर्मा ने भी पेस्टीसाइड पर व्याख्यान दिया।

### डीएनए में होता बदलाव

प्राचार्य प्रो .संजय काला ने बताया कि कीटनाशक सब्जियों के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं उसके बाद पेस्टीसाइड खून में जाता है और तब शरीर कई प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त होता है। खून में पेस्टीसाइड मिलने से डीएनए में बदलाव होता है। इसलिए सब्जियों को अच्छी तरह से धोना चाहिए। अगर हो सके तो सब्जियों को गर्म पानी से धोने के बाद उसे अच्छी तरह से पकाना चाहिए।

# बुजुर्ग ने पुल की रेलिंग से फांसी लगा जान दी

**कानपुर।** दो दिन पहले जान देने का प्रयास करने वाले वृद्ध ने शुक्रवार सुबह मुरे कंपनी पुल की रेलिंग से क्लच वायर से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

कैंट स्थित फाई साहब का हाता निवासी किशन स्वरुप वर्मा (60) पत्नी सुनीता, बेटे बृजेश, हेमंत, पवन व बेटी उजाला के साथ रहते थे। हेमंत ने बताया कि पिता शराब के लती थे। रोकने-टोकने पर लड़ते थे। शुक्रवार सुबह पांच बजे किशन चाय पीकर घर से निकले थे। कैथरीन अस्पताल के सामने सुबह करीब छह बजे किशन ने क्लच वायर का फंदा बनाकर मुरे कंपनी पुल की रेलिंग से लटक कर आत्महत्या कर ली।

# अवैध शराब बनाने वालों को बेचते थे केमिकल

- एसटीएफ ने पांच आरोपियों को किया था गिरफ्तार
- गिरोह का सरगना फरार हाईवे पर खोल रखा गोदाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पेट्रोलियम और शराब कंपनियों को रोजाना लाखों की चपत लगाने वाले पांच आरोपियों को शुक्रवार को सचेंडी पुलिस ने जेल भेजा। गुरुवार रात एसटीएफ ने आरोपियों को किसान नगर से गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि एथाइल एल्कोहल को वह ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब बनाने वाले लोगों को बेचते थे।

इसके साथ ही केमिकल पेंट बनाने वाली कंपनी व फार्मेसी में भी इसकी सप्लाई करते थे। एसटीएफ ने आरोपियों के पास से चार लाख कीमत का एथाइल एल्कोहल बरामद किया।

पनकी स्थित इंडियन ऑयल से शहर समेत आसपास के जिलों में पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति की जाती है। लखनऊ एसटीएफ अधिकारियों को काफी समय से डीजल, एथाइल एल्कोहल व केमिकल टैंकर चालकों की मिलीभगत से चोरी होने की शिकायत मिल रही थी।


सोहराब, विजय पाल, साहब, मूलचंद्र सैनी और सनी। अमृत विचार

जिसकी जांच एसटीएफ कानपुर यूनिट के इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह व सब इंस्पेक्टर राहुल परमार कर रहे थे। गुरुवार रात एसटीएफ को सचेंडी थानाक्षेत्र के किसान नगर में डीजल, एल्कोहल व केमिकल के लोड टैंकरों से चोरी की सूचना मिली। सब इंस्पेक्टर राहुल परमार के नेतृत्व में एसटीएफ की टीम ने आबकारी टीम के साथ छापेमारी कर गुमटी नंबर पांच निवासी शनि उर्फ कमलजीत सिंह, पनकी रतनपुर निवासी विजय पाल, कल्याणपुर कला निवासी मूलचंद्र सैनी, ग्वालटोली निवासी साहब शरन व कानपुर देहात, रसूलपुर गांव निवासी सोहराब को गिरफ्तार किया था।

एसटीएफ ने आरोपियों के पास से एक टैंकर डीजल, 12 ड्रम डीजल, चार लाख कीमत का 2800 लीटर एथाइल एल्कोहल, आठ हजार नकद समेत अन्य सामान बरामद किया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया था कि गिरोह का सरगना लकी सोनकर है, जिसने हाईवे किनारे एक गोदाम खोल रखा है। वह चोरी के डीजल को आसपास के ग्रामीण इलाकों में सस्ती दरों में बेचता है। बताया कि एथाइल एल्कोहल अवैध शराब बनाने वालों को बेचा जाता है। एसटीएफ सब इंस्पेक्टर राहुल परमार ने बताया कि सरगना लकी सोनकर फरार है।

# खेलते-खेलते नहर में गिर गया बच्चा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दामोदर नगर में घर के बाहर खेलने के दौरान दो वर्षीय बच्चा नहर में गिर गया। घर से करीब 250 मीटर की दूरी पर बच्चे का शव नहर में उतराता मिला।


सूर्या।

मजदूर राजेश पासवान पत्नी रेशमा बेटी खुशबू, नन्नू व दो साल के बेटे सूर्या के साथ दामोदर नगर नहर पटरी के किनारे रहता है। राजेश ने बताया कि शुक्रवार सुबह उनका दो साल का बेटा सूर्या घर के बाहर गेंद से खेल रहा था। सूर्या खेलते खेलते झोपड़ी के पीछे नहर किनारे चला गया और नहर में जा गिरा। काफी देर तक सूर्या के न मिलने पर परिजनों ने आसपास तलाश की। बाद में सूर्या का शव घर से 250 मीटर दूरी पर नहर में उतराता मिला। परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हनुमंत विहार थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि परिजन शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं।

# योजनाओं में शिथिलता न बरतें

- डीएम ने पीएम स्वनिधि योजना की बैठक ली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में शुक्रवार को डीएम राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें पीएम स्वनिधि में लंबित ऋणों व डिजिटल अनएक्टिव वेंडर्स को एक्टिव किए जाने में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पीएम स्वनिधि योजना के तहत बैंक स्तर पर लंबित प्रथम के 928, द्वितीय के 816 द्वितीय व तृतीय के 391 ऋण के आवेदन पत्रों का तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। डिजिटल अनएक्टिव वेंडर्स को एक्टिव करने व प्रोफाइलिंग में पात्रों को योजना से जोड़ने के लिए सभी बैंकर्स, अग्रणी जिला प्रबंधक, अधिशासी अधिकारी, डूडा के परियोजना अधिकारी से चर्चा हुई। डीएम ने निर्देश दिए कि बैंकें लंबित ऋण आवेदन पत्रों को जल्द निस्तारित करें। अधिशासी अधिकारी, निकाय प्रभारी को निर्देश दिए कि योजना की समीक्षा कर प्रगति लाएं। परियोजना अधिकारी से कहा कि जो बैंक शिथिलता बरत रहीं हैं, उनके खिलाफ शासन व सरकार को पत्र भेजें।


डीएम ने योजनाओं की प्रगति जांची। अमृत विचार

**हर-हर गंगे** हजारों श्रद्धालु लगाएंगे घाटों पर डुबकी, दान पितृतर्पण का होता विशेष महत्व

# माघी पूर्णिमा पर आज होगा गंगा स्नान, तैयारियां पूरीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** माघी पूर्णिमा पर शनिवार को हजारों श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाएंगे। इसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। कई घाटों पर मेला भी लगेगा। इसके लिए दुकानें सज गई हैं।

माघी पूर्णिमा पर स्नान के लिए नगर के कई घाटों पर भीड़ उमड़ती है। घाटों पर स्नान के साथ दान-पुण्य, पितृ दान और तर्पण आदि धर्म कार्य किए जाते हैं। सरसैया घाट पर मेला लगता है। शुक्रवार से ही सड़क पर दुकानें लगनी शुरू हो गई हैं। गंगा बैराज पर भी स्नान घाट पर सफाई की गई है। भैरोघाट पर सफाई की गई। भोग, प्रसाद और पूजा सामग्री समेत खिलौनों की दुकानें लग गई हैं। भगवतघाट पर सीढ़ियों पर काफी मिट्टी, गंदगी फैली दिखी। घाट के आसपास बड़ी-बड़ी घास खड़ी है।


घाटों से दूर हैं गंगा। अमृत विचार

### नालों की दुर्गंध से होकर होगा गंगा स्नान

सरसैयाघाट के पास बहता गंदा पानी (नाला) के बीच से होकर लोगों को गुजरना पड़ेगा। नाले पर बालू की बोरियों को डालकर रास्ता बनाया गया है। उससे गुजरने पर भीषण दुर्गंध बेहाल करती है।


पूजा-पाठ के लिए अस्थाई दुकानें लगीं। अमृत विचार

पूर्णिमा तिथि 23 फरवरी को दोपहर 3 :33 बजे से शुरू हो रही है। पूर्णिमा तिथि का समापन 24 फरवरी को शाम 5 : 59 बजे होगा। मान्यता के अनुसार उदया तिथि को ही मान्य किया गया है। इसलिए माघ पूर्णिमा शनिवार 24 फरवरी को ही मानी जाएगी।

–पंडित मनोज कुमार द्विवेदी

### दान का बहुत महत्व

माघी पूर्णिमा की मान्यता के अनुसार सूर्य उदय होने से पहले उठकर किसी नदी या तीर्थ स्नान पर जाकर स्नान करें, फिर उगते सूर्य को तांबे के लोटे से जल दें। जल में लाल चंदन मिलाना चाहिए। अगर तीर्थ स्थान या नदी न पहुंच पाए तो घर में ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करें, इससे तीर्थ जैसा पुण्य प्राप्त होता है। धर्माचार्यों ने बताया कि यह भी मान्यता है कि माघी पूर्णिमा पर उपवास रखने से सुख-सौभाग्य, धन-संतान व स्वास्थ्य सुख की प्राप्ति होती है। इस दिन भोजन, कपड़े, तिल, गुड़, घी, फल आदि के दान से गोदान का फल प्राप्त होता है। इस दिन तिल और कंबल का दान का भी विशेष महत्व है। आचार्यों के अनुसार माघ माह की पूर्णिमा को चंद्रमा मघा नक्षत्र में रहता है। यह पितरों का नक्षत्र माना गया है। इसी कारण इस दिन श्राद्ध का बहुत महत्व है। इससे पितरों को तृप्ति मिलती है।

# शोधार्थी कृषि शोध कार्य की प्रगति देखते रहें

- सीएसए के कुलपति ने कृषि के नवीन प्रयोगों को सराहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसए में कृषि शोध कार्य को बारीकी से परखा गया। शोध में बीज और सब्जियों में किए जाने वाले प्रयोग पर भी विस्तार से चर्चा की गई। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने खेत में बनी प्रयोगशाला में जाकर शोध की प्रगति देखी। शोधार्थियों को टिप्स भी दिए गए कि वे रोजाना अपने शोध की प्रगति जरूर देखें।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने शोध कार्यों को परखा। इस दौरान विश्वविद्यालय की ओर से बीज उत्पादन के अंतर्गत विकसित किए जा रहे सब्जी मटर बीज एपी 3 की स्थिति पर संतुष्टि भी जताई। निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. सी एल मौर्य ने बताया कि विद्यार्थी प्रशिक्षण प्रक्षेत्र पर एमएससी व पीएचडी के 90 छात्र छात्राओं के शोध का परीक्षण किया गया। इस परीक्षण में बीज विज्ञान, कीट विज्ञान, पादप रोग विज्ञान, कृषि रसायन व मृदा विज्ञान, मृदा संरक्षण व जल प्रबंधन के क्षेत्र से जुड़े शोध शामिल किए गए। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने छात्र-छात्राओं से कहा कि कृषि संबंधी शोध प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शोध पर बारीकी से निगरानी करना चाहिए।


Video Recto Scope

The Ano-Rectal Clinic

Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण

लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919


**आज का मौसम**
बारिश के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना।

25.0° अधिकतम तापमान | 09.6° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 : 38 | सूर्यास्त 06 : 07

## शहर में आज



- **प्रवचन :** दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मंदिर में प्रवेश व मंगल प्रवचन सुबह 9 :30 बजे।
- विश्व जागृति मिशन बिठूर की तरफ से सेंट्रल पार्क शास्त्री नगर में सुबह 11 बजे।
- **जयंती :** संत रविदास जयंती पर कांग्रेस मुख्यालय में माल्यार्पण व पुष्पांजलि शाम चार बजे।
- **प्रदर्शनी :** फ्लोरी क्लचर सोसाइटी द्वारा पुष्प प्रदर्शनी कला कमला नगर जेके लॉन में दो बजे।
- **गोष्ठी :** नदियों को जीवन देने को सरकार के प्रयास कितने काफी विषय पर नदी बचाओ मंच की गोष्ठी 12 बजे।

# पार्षद ने चौकी में भाजपाई को पीटा, पुलिस से भिड़ंत

**थाने में भाजपाइयों ने किया हंगामा, पार्षद व उसके भांजे को जेल ○ वार्ड-91 के पार्षद चौकी के पास बनवा रहे थे टॉयलेट**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शास्त्री नगर में पिंक टॉयलेट बनाने को लेकर क्षेत्रीय निर्दलीय पार्षद व भाजपा मंडल अध्यक्ष के बीच विवाद हो गया। भाजपा नेता व पार्षद को पुलिस शास्त्री नगर चौकी लेकर पहुंची, जहां पार्षद ने अपने भांजे सपा नेता के साथ मिलकर भाजपा नेता की पिटाई कर दी। मामले की जानकारी पर चौकी पहुंचे भाजपाइयों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान भाजपाइयों की पुलिस से धक्का मुक्की हुई। नाराज भाजपाइयों ने काकादेव थाने में धरना देकर हंगामा शुरू कर दिया। डीसीपी सेंट्रल मौके पर पहुंचे और भाजपाइयों को शांत कराया। पुलिस ने पार्षद व उसके भांजे को जेल भेज दिया।


हंगामा करते भाजपाई। अमृत विचार


थाने में पुलिस से भिड़ गए भाजपाई। अमृत विचार

शास्त्री नगर वार्ड 91 से सपा समर्थित पार्षद विनोद गुप्ता हैं। शुक्रवार को वार्ड में शास्त्री नगर पुलिस चौकी के पास नगर निगम निधि से पिंक टॉयलेट निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। क्षेत्रीय व्यापारी व भाजपा लाजपत नगर मंडल अध्यक्ष वार्ष्णेय त्रिपाठी इसका विरोध कर रहे थे। भूमि पूजन की जानकारी पर व्यापारी व भाजपा मंडल अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और टॉयलेट निर्माण का विरोध करने लगे। जिस पर पार्षद विनोद से उनका विवाद हो गया। मंडल अध्यक्ष ने नगर निगम जोनल अधिकारी आरके सिंह को फोन कर जानकारी दी और निर्माण कार्य रुकवाने को कहा। शास्त्री नगर चौकी इंचार्ज दोनों पक्षों को थाने ले आए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश तिवारी चौकी पहुंचे। मंडल अध्यक्ष वार्ष्णेय त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि पार्षद विनोद व उनके भांजे लोहिया वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष विनय गुप्ता ने उनके संग मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की सूचना पर चौकी में भाजपाइयों का तांता लग गया। फजलगंज, काकादेव, स्वरूप नगर समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। पुलिस पार्षद व उसके भांजे को थाने लेकर जाने लगी, जिस पर भाजपाइयों ने पार्षद को जूते दिखाना शुरू कर दिया। जिस पर दोबारा विवाद हो गया। भाजपाइयों की पुलिस से धक्का मुक्की शुरू हो गई। पुलिस पार्षद व उसके भांजे को थाने लेकर पहुंची। मारपीट व पुलिस की कार्रवाई से नाराज भाजपा पूर्व पार्षद राघवेंद्र मिश्रा साथियों के साथ काकादेव थाने में धरने पर बैठ गए और पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाने लगाने लगे। हंगामे की सूचना पर डीसीपी सेंट्रल आरके गौतम थाने पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर भाजपाइयों को शांत कराया। डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है, जिसके आधार पर दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी पार्षद विनोद गुप्ता व उसके भांजे विनय गुप्ता को जेल भेजा गया है।

- **पहले से पिंक टॉयलेट बना होने के कारण भाजपाई कर रहे थे विरोध, पार्षद सपा समर्थित**

### जहां पर पहले से टॉयलेट वहीं करा रहे थे निर्माण

व्यापारी अभिषेक मिश्रा, कमलेश, राजकुमार, महेंद्र समेत अन्य व्यापारियों ने बताया कि पार्षद पुलिस चौकी के नजदीक पिंक टॉयलेट का निर्माण कराने जा रहे थे, वहां पर पहले से ही टॉयलेट बना हुआ है। इस पर उनसे काली मठिया के पास टॉयलेट निर्माण कराने को कहा जा रहा था, लेकिन पार्षद वहीं पर निर्माण करने पर तुले हुए थे। इसी को लेकर विरोध किया जा रहा था।

### सपा नेता विनय काकादेव का हिस्ट्रीशीटर

भाजपा पूर्व पार्षद राघवेंद्र मिश्रा ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोहिया वाहिनी प्रदेश उपाध्यक्ष विनय गुप्ता पर काकादेव थाने में कई मुकदमें दर्ज हैं। काकादेव थाने से ही विनय की हिस्ट्रीशीट भी खुली हुई है, लेकिन पुलिस उसे बचा रही है।

## एक नजर

### पार्षद नवीन पंडित ने सड़कों के गड्ढे भरवाए

**कानपुर।** भाजपा पार्षद दल के नेता नवीन पंडित ने फजल गंज से लेकर गोविंदपुरी पुल के नीचे तक डस्ट सीमेंट व रोड़े डलवाकर खतरनाक जानलेवा गड्ढों को समतल करवाया। पार्षद नवीन ने बताया कि शनिवार को गोविन्द नगर से लेकर बर्रा बाईपास तक गड्ढों को समतल करवाया जायेगा। पार्षद दल के नेता नवीन पंडित ने बताया कि गोल चौराहे से मरियम पुर होते हुए फजलगंज से गोविंदपुरी पुल से बर्रा बायपास तक टेंडर स्वीकृत है जिसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराया जाएगा। अपने क्षेत्र की सभी सड़कों को समतल कराएंगे। आइसीआईसीआई बैंक के निकट पुल के नीचे चैम्बर बनाकर गन्दा पानी उसके अंदर गिरा दिया जाएगा।

# हैलट को पीजीआई से मिलेगी सलाह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हैलट के एनेस्थीसिया आईसीयू में भर्ती मरीजों को अब एसजीपीजीआई, लखनऊ के विशेषज्ञों से भी सलाह और इलाज मिल सकेगा। एसजीपीजीआई के विशेषज्ञ हैलट आईसीयू में भर्ती मरीजों को ऑनलाइन देखेंगे, जिसके लिए हैलट अस्पताल में टेली आईसीयू की सुविधा शुरू की गई।

हैलट इमरजेंसी में बने एनेस्थीसिया आईसीयू को एसजीपीजीआई से जोड़ दिया गया है। हैलट में भर्ती मरीज के इलाज, दवा की डोज आदि के संबंध में यहां के डॉक्टर एसजीपीजीआई के डॉक्टरों से चर्चा कर सकेंगे। एसजीपीजीआई के विशेषज्ञों से सहयोग लेने पर इलाज करना और आसान होगा। इसके लिए आईसीयू में तीन कैमरे लगाए गए हैं। शुक्रवार को टेली आईसीयू के स्टेट नोडल डॉ.आरके सिंह ने हैलट अस्पताल के आईसीयू का निरीक्षण का व्यवस्थाओं को परखा। बताया कि सरकार ने संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट (एसजीपीजीआई) को प्रदेश में टेलीमेडिसिन व टेली-आइसीयू सेवा का हब बनाया है। इसके तहत प्रदेश के छह मेडिकल कॉलेजों को एसजीपीजीआई से जोड़ा जा रहा है। इसमें कानपुर, गोरखपुर, मेरठ, प्रयागराज, झांसी और आगरा मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। कई बार मेडिकल कॉलेज के आइसीयू में भर्ती मरीजों की हालत नियंत्रण के बाहर होने पर उनको एसजीपीजीआई या अन्य हायर सेंटर रेफर कर दिया जाता है। ऐसे में टेली आइसीयू के जरिये एसजीपीजीआई के विशेषज्ञ लखनऊ से ही प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों का सहयोग कर सकेंगे।

- **शुरू की गई टेली आईसीयू की सुविधा**



> हैलट के एनेस्थीसिया आईसीयू में भर्ती मरीजों को टेली आईसीयू की सुविधा मिलेगी। टेली आईसीयू की मदद से एसजीपीजीआई के डॉक्टरों से भी इलाज के संबंध में जानकारी साझा की जा सकती है। टेली आईसीयू का लाभ गंभीर मरीज को मिलेगा।
>
> **-प्रो. संजय काला, प्राचार्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज**

## सीमांचल में गर्भवती की हालत बिगड़ी

**कानपुर।** सीमांचल एक्सप्रेस में स्लीपर कोच में सफर कर रही गर्भवती की हालत भीड़ के कारण बिगड़ गई। सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने पर रेलवे मेडिकल टीम ने महिला का चेकअप कर डफरिन अस्पताल रेफर किया।

आनंद विहार से जोगबनी जाने वाली 12488 सीमांचल एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस-छह में मोहम्मद राजा अपनी पत्नी आफरीन परवीन के साथ सफर कर रहे थे। वह आनंद विहार से बरौनी जा रहे थे। स्लीपर कोच में तीन माह की गर्भवती आफरीन को सीट न मिलने के कारण हालत बिगड़ गई। ब्लीडिंग शुरू होने पर कंट्रोल रूम में सूचना दी गई। इसके बाद जब प्लेटफार्म छह पर ट्रेन आई तो रेलवे की मेडिकल टीम ने मेडिकल सुविधा दी।

# किसानों पर हमले के विरोध में प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के मंच के श्रमिक नेताओं ने आंदोलन में एक किसान की मौत और कई के घायल होने के विरोध में शुक्रवार को काला दिवस मनाया। श्रमिक नेता गोल चौराहे पर स्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद के प्रतिमा के पास पहुंचे और सरकार के खिलाफ प्रदर्शनकर नारेबाजी की। किसानों पर हमले सरकार से बंद करने की मांग की।

संयुक्त मंच के नेताओं ने अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव को राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन दिया। कहा कि हरियाणा पुलिस और केंद्रीय बलों ने खनौरी और शंभू सीमाओं पर किसानों पर हमला किया है। किसानों पर हुए हमले में एक युवक की जान चली गई। किसानों पर लाठीचार्ज, प्लास्टिक की गोलियों और आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया गया।



नारेबाजी कर विरोध करते मंच के सदस्य। अमृत विचार

- **प्रदर्शन के बाद अपर श्रमायुक्त को दिया ज्ञापन**

केंद्र में सत्तारूढ़ शासन और राज्यों में सत्तारूढ़ उनकी पार्टी किसी भी विरोध को कुचलने के लिए सभी तरीकों का इस्तेमाल करने की साजिश कर रही है। मांग है कि सरकार अपने वादे पूरा करे और किसानों पर हो रहे हमले बंद करे। इस दौरान एचएन तिवारी, असित कुमार सिंह, तारणी कुमार पासवान, राजीव खरे, डॉ. राजेश सिंह, आरडी गौतम, गौरव दीक्षित, उमेश शुक्ल, योगेश ठाकुर, मो. वशी, राणा प्रताप सिंह, रामप्रकाश राय, एसएएम जैदी, रमेश विश्वकर्मा, ओपी रावत, देवेंद्र सिंह, शशिकांत शर्मा, विजय कुमार, अशोक तिवारी, ओम प्रकाश समेत आदि लोग रहे।

## ये काला सागर है या गंगा नदी


कानपुर में गंगा नदी को कलंकित करते नाले के सीवर तथा टेनरियों के दूषित पानी ने इसे काला सागर बना दिया है। केंद्र सरकार के नमामि गंगे परियोजना में स्वच्छ गंगा के नाम पर अरबो रुपये बहाए गए। सरकारी तंत्र के भ्रष्टाचार को ये काला सागर उजागर कर रहा है। शनिवार को माघ पूर्णिमा के दिन गंगा नदी की इसी दूषित जलधारा में भक्त आस्था की डुबकी लगाएंगे।
**फोटो - मनोज तिवारी**

## कल नौ घंटे नहीं आएगी बिजली

**कानपुर।** गर्मी आने के मद्देनजर केस्को अपने उपकरणों का मेंटिनेस कर उनका बेहतर उपयोग करने की तैयारी में जुटा है। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि आजाद नगर उपकेंद्र के 33केवी मेन बस-द्वितीय का जर्जर कंडक्टर बदलने का कार्य होगा।

इस वजह से 33केवी यूनिवर्सिटी, आलूमंडी-एक, आलूमंडी-दो, मालरोड, म्योर मिल-2 और जैक बस पोषकों की बिजली आपूर्ति रविवार सुबह नौ बजे से शाम छह बजे तक बाधित रहेगी।

केस्को अधिकारियों का कहना है कि प्रभावित 33केवी उपकेंद्रों को यथा संभव अन्य स्त्रोत से जोड़कर क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाल करने की कोशिश की जाएगी।

# रास. चुनाव में वोट न डाल सकेंगे सोलंकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने याचिका की खारिज**
- **सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी का मामला**

**अमृत विचार।** सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी की राज्यसभा चुनाव में मतदान करने संबंधी याचिका शुक्रवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी। उनके वकील की तरफ से झारखंड विधानसभा का हवाला दिया गया था, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुलिस अभिरक्षा में विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए थे।


इरफान सोलंकी।

जाजमऊ थाना क्षेत्र स्थित डिफेंस कॉलोनी निवासी एक महिला की झोपड़ी में आग लगाने सहित कई मामलों में सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान समेत अन्य लोगों के खिलाफ जाजमऊ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसके बाद से सपा विधायक महाराजगंज जेल में बंद हैं। सोमवार को सपा विधायक के अधिवक्ता मो. आसिफ की ओर 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति एमपीएमएलए कोर्ट से मांगी गई थी। शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई की गई। इरफान के अधिवक्ता मो. आसिफ की ओर से तर्क दिया गया कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुलिस अभिरक्षा में विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए थे। इसके मद्देनजर सपा विधायक को भी राज्यसभा चुनाव में शामिल होने की अनुमति दी जाए। सहायक शासकीय अधिवक्ता भास्कर मिश्रा ने कोर्ट में इरफान सोलंकी की याचिका का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इरफान की याचिका पैरोल या शॉर्ट बेल जैसी प्रतीत हो रही है जिसपर निर्णय लेने का अधिकार ट्रायल कोर्ट को नहीं है। जिसपर कोर्ट ने सहमति जताई। उन्होंने बताया कि एमपीएमएलए कोर्ट के न्यायाधीश सत्येंद्रनाथ त्रिपाठी ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद इरफान की याचिका खारिज कर दी।

## राजस्थान सरकार और आईआईटी के बीच एमओयू

**कानपुर।** राजस्थान में जरूरी दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के लिए जल्द ब्लॉकचेन तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इसे लेकर आईआईटी कानपुर और राजस्थान सरकार के उपक्रम आरआईएसएल के बीच में एक समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत राजस्थान में ब्लॉकचेन तकनीक में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। आईआईटी कानपुर में स्थापित सीआई हब के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की मौजूदगी में इस समझौते को साइन किया गया है।

**विकास की ओर** ‘नाना’ ने अपना चौथा और अंतिम ब्रेक थ्रू हासिल किया, लगभग 420 मीटर लंबा टनल पूरा

# चुन्नीगंज-नयागंज मेट्रो अप लाइन पर टनल का निर्माण हुआ पूरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चुन्नीगंज, नयागंज भूमिगत सेक्शन के अप-लाइन पर ‘नाना’ (टीबीएम मशीन) ने अपना चौथा और अंतिम ब्रेक थ्रू हासिल कर लिया है। मैकरॉबर्टगंज से चुन्नीगंज स्टेशन तक ‘अप-लाइन’ पर बनाया लगभग 420 मीटर लंबा टनल, लगभग 4 किमी. लंबे चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन के ‘अप-लाइन’ में टनल निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है।

मैकरॉबर्टगंज से 'अप-लाइन' पर लगभग 420 मीटर के टनल निर्माण के बाद ‘नाना’ टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम मशीन) ने चुन्नीगंज स्टेशन पहुंचकर अपना चौथा और अंतिम ब्रेकथ्रू हासिल किया।

इसके साथ ही चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन के ‘अप-लाइन’ पर टनल निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है।


टनल निर्माण पूरा हो गया। अमृत विचार



मेट्रो कर्मचारियों-अफसरों ने खुशी जताई। अमृत विचार

‘नाना’ टीबीएम मशीन को मैकरॉबर्टगंज स्थित लॉन्चिंग शाफ्ट से चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन तक ‘अप-लाइन’ पर टनल निर्माण के लिए दिसंबर 2023 में लॉन्च किया गया था।

इस दौरान मशीन ने कुल 300 रिंग्स लगाए और दोपहर लगभग 12 बजे चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन पहुंची जहां उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि. (यूपीएमआरसी) और कॉन्ट्रैक्टिंग एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में इसका स्वागत किया गया। इस मौके पर तिरंगा लहराया गया। मैकरॉबर्टगंज से चुन्नीगंज के बीच ‘डाउनलाइन’ पर ‘तात्या’ टीबीएम मशीन द्वारा टनलिंग का कार्य जारी है, जिसके मार्च में पूरा हो जाने की संभावना है। ‘तात्या’ टीबीएम मशीन के अंतिम ब्रेकथ्रू हासिल कर लेने के बाद चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन के टनल निर्माण का कार्य पूरा हो जाएगा।

यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि टीम के कुशल क्रियान्वयन से मेट्रो का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। कानपुर मेट्रो के लगभग 8.6 किमी लंबे दोनों भूमिगत सेक्शन के निर्माण में कुल चार टनल बोरिंग मशीनों (टीबीएम मशीनों) का प्रयोग किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के आपसी तालमेल और सहयोग से ट्रैक, ट्रैक्शन, सिग्नलिंग, ईएण्डएम आदि से संबंधित कार्य भी आरंभ किए जा चुके हैं।

वर्तमान में कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम कॉरिडोर के अंतर्गत चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन के अलावा कानपुर सेंट्रल-ट्रांसपोर्ट नगर भूमिगत सेक्शन पर और बारादेवी-नौबस्ता उपरगिमी सेक्शन पर भी निर्माण कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है। कानपुर सेंट्रल से नयागंज की ओर लगभग 1250 मीटर के स्ट्रेच पर 'आजाद' टीबीएम द्वारा 'अप-लाइन' पर और ‘विद्यार्थी’ टीबीएम मशीन द्वारा ‘डाउनलाइन’ पर टनल का निर्माण किया जा रहा है।

# हत्या में तीन सगे भाइयों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **एडीजे प्रथम की कोर्ट ने सुनाया फैसला, रंजिश में गोली मार कर की गई थी हत्या**

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में वर्ष 2019 में पुरानी रंजिश में युवक की गोली मार कर हत्या के मामले में शुक्रवार को एडीजे प्रथम की कोर्ट ने तीन सगे भाइयों को आजीवन कारावास व 32-32 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

पनकी, दमगड़ा गांव निवासी विनय कुमार धनगर ने वर्ष 2019 में पनकी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि दो अक्टूबर 2019 को उसके पिता श्रवण कुमार पाल मौसा अनिल पाल के साथ स्कूटी से सरसई मंदिर से लौट रहे थे, जबकि वह पीछे-पीछे बाइक से आ रहा था। विनय के मुताबिक डी.आर पब्लिक स्कूल के पास पहले से घात लगाए धर्मेंद्र पाल ने श्रवण कुमार को गोली मार दी। धर्मेंद्र के भाई अंकित व संजय ने श्रवण पर बांका व कुल्हाड़ी से वार कर दिया। विनय पर भी हमला किया, जिससे वह घायल हो गया था। घटना में श्रवण की मौके पर मौत हो गई थी। पनकी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। तीनों आरोपियों को जेल भेजा था। मामला अपर सत्र न्यायाधीश (एडीजे) प्रथम राजेश चौधरी की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी प्रदीप कुमार साहू ने बताया कि चश्मदीद विनय कुमार व उसके मौसा अनिल कुमार समेत नौ गवाहों ने बयान दिए थे। कोर्ट ने तीनों भाईयों को उम्र कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई।

## एक नजर

### नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक आज

**कानपुर।** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को आयोजित की गई है। तीन दिन पहले ही नगर निगम सदन का आयोजन हुआ था। नगर निगम परिसर स्थित समिति कक्ष में आयोजित होने वाली कार्यकारिणी की बैठक में नगर निगम और जलकल के मूल बजट वित्तीय वर्ष 2024- 25 पर चर्चा होगी। इसके साथ ही कार्यकारिणी के प्रस्तावों पर भी चर्चा होगी। कार्यकारिणी के पहले न गर निगम का सदन 20 फरवरी को बुलाया गया था। सदन में शहर के विकास से जुड़े कई प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई थी।

### युवक से मारपीट का वीडियो वायरल, रिपोर्ट

**कानपुर।** नवाबगंज स्थित आजाद पार्क के पास मारपीट का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। लल्लनपुरवा आजाद नगर निवासी मंगल सोनकर ने बताया कि शुक्रवार शाम कुछ युवक एक युवक को मारपीट रहे थे। उन्होंने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनकी भी पिटाई कर दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। नवाबगंज थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर बबलू, लाकी, अदीत,अविनय, जयसिंह, विकास, राज, वत्सल समेत 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# दे दिया गलत पेपर, स्कूल को नोटिस जारी

## छात्राओं को हिंदी की जगह दे दिया साहित्यिक हिंदी का प्रश्न पत्र, जिलाधिकारी तक पहुंची शिकायत

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान इंटर की छात्राओं को सामान्य हिंदी की जगह पर साहित्यिक हिंदी का प्रश्न पत्र वितरित कर दिया गया। घर जाकर जब छात्राओं ने इसका मिलान किया तो उनके सामने यह गलती साफ हो गई। गुरुवार को हुई परीक्षा के बाद शुक्रवार को छात्राएं परीक्षा केंद्र, स्कूल और जिलाधिकारी तक गुहार लगाने पहुंची। उधर शिक्षा विभाग की ओर से पूरे प्रकरण को गंभीरता से लिया गया है। छात्राओं को बोर्ड परीक्षा के आवेदन भराने वाले स्कूल को नोटिस जारी किया गया है। शिक्षा अधिकारियों ने कहा कि छात्राओं को मूल्यांकन के दौरान बोर्ड के नियमों के तहत छूट मिल सकती है।

यूपी बोर्ड परीक्षा में इस बार एमजी सिविल लाइंस का सेंटर केनाल रोड स्थित जुहारी देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज पड़ा है। परीक्षा के पहले दिन गुरुवार केंद्र पर विज्ञान वर्ग की 72 छात्राओं को सामान्यस हिंदी के बजाए हिंदी का पेपर वितरित कर दिया गया। शाम को जब छात्राएं घर पहुंची तो उन्हें पता चला कि उन्हें गलत पेपर दिया गया है।

इसकी शिकायत के लिए शुक्रवार को केंद्र पहुंची तो वहां पर उन्हें पता चला कि उन्हें वही पेपर दिया गया है जो उनके प्रवेश पत्र पर दर्ज है। ऐसे में छात्राएं जब अपने स्कूल पहुंची तो सामने आया कि स्कूल की ओर से बोर्ड के आवेदन भरते समय गलत पेपर कोड लिखवा दिया गया। ऐसे में छात्राओं और अभिभावकों की ओर से स्कूल की प्रधानाचार्या के समक्ष नाराजगी भी जताई। मामला बढ़ता देख स्कूल की ओर से शिक्षा विभाग को पूरे प्रकरण की जानकारी दी गई। इस पर जब आवेदनों की जांच हुई तो सामने आया कि गलती स्कूल की ओर से ही हुई थी।

शिक्षा विभाग की ओर से इस बाबत स्कूल को नोटिस जारी कर दिया गया है। पूरे मामले पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि जांच में स्कूल को दोषी पाया गया है। स्कूल की ओर से छात्राओं को सामान्य हिंदी की जगह हिंदी का प्रश्न पत्र कोड भरवा दिया गया। इस वजह से स्कूल को नोटिस जारी किया गया है। छात्राओं के भविष्य को देखते हुए मूल्यांकन में छूट बरतने के लिए बोर्ड को सूचना दी जा रही है।



स्कूल में गलत पेपर देने की शिकायत लेकर पहुंची छात्राएं। अमृत विचार



पेपर अच्छा जाने पर खुश छात्राएं। अमृत विचार

### जीपीजी मामले पर जांच शुरू

- परीक्षा के दौरान 9 छात्रों के प्रवेश पत्रों के न आ पाने पर शिक्षा विभाग की ओर से जूही गढ़ा स्थित जीपीजी इंटर कॉलेज के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। गुरुवार को इस स्कूल पर भी छात्रों और अभिभावकों ने हंगामा किया था। इस स्कूल की ओर से छात्रों का पंजीकरण कक्षा नौ में करा दिया था। इस वजह से छात्र परीक्षा नहीं दे सके थे। अब पूरे प्रकरण की जांच के बाद दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रा का छूटा पेपर

- यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान शुक्रवार को छात्रा अंतरा का प्रश्न पत्र छूट गया। इंटर की छात्रा अंतरा का केंद्र एसएन सेन था। पेपर छूटने के लगभग 30 मिनट पहले छात्रा भागते हुए सेंटर पहुंची। जहां पर उसने बताया कि उसका पेपर छूट गया है। उसकी मां का मोबाइल खराब होने की वजह से उसे पेपर की तिथि की जानकारी नहीं हो सकी थी। उधर शुक्रवार को यूपी बोर्ड परीक्षा में वैकल्पिक विषयों की परीक्षाएं हुई। इनमें सुबह की पाली में इंटर नागरिक शास्त्र में 88 परीक्षार्थी उनुपस्थित रहे। इसी तरह दूसरी पाली में हाई स्कूल की संगीत गायन विषय में 88 जबकि इंटर में विभिन्न विषयों में 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# चार हजार स्वयं सहायता समूहों को भाजपा में लाएंगे

विशेष संवाददाता, अमृत विचार

**कानपुर।** चुनाव में महिलाओं का भाजपा की ओर बढ़ता रुझान देखकर इन्हें पार्टी में शामिल करने का अभियान शुरू कर दिया गया है। भाजपा ने कानपुर संसदीय क्षेत्र में हर आयवर्ग की महिला वोटरों को पार्टी की तरफ लाने के प्रयास तेजी से शुरू कर दिए। कानपुर लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों और मोहल्लों में गठित स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के माध्यम से महिलाओं में जनाधार बढ़ाने की कोशिशों के तहत यहां की यहां के करीब चार हजार स्वयं सहायता समूहों से संपर्क साधने का अभियान चलाया जा रहा है।

हाल ही में भाजपा में शामिल हुईं एवार्ड (एक्शन फॉर वूमेन एंड रूरल डेवलेपमेंट) संस्था की सोनी मिश्रा ने अपने एनजीओ के माध्यम से 900 स्वयं सहायता समूहों से संपर्क साधा है। इन समूहों से जुड़ी सभी जातिवर्ग की करीब 150 महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ले ली है। शहर में करीब 450 बस्तियों में स्वयं सहायता समूह बहुतायत में हैं। अन्य मोहल्लों में भी ये समूह सक्रिय हैं। भाजपा और इन समूहों की सूत्रधार बनीं सोनी मिश्रा के अनुसार उनके माध्यम से अब तक 150 महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ले भी ली है। चार हजार स्वयं सहायता समूहों के हिसाब से गणना करें तो यह संख्या 40 हजार पहुंच जाती हैं। पर सोनी का मानना है कि यह संख्या 70 हजार के करीब बैठेगी। बताया कि बस्तियों की महिलाएं भाजपा से जुड़ने में रुचि ले रही हैं।

महिलाओं के लिए लगभग दो दर्जन योजनाएं प्रभावी तौर पर चलायी जा रही हैं। उनका कहना है कि बीते दस साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता पर रखा है। सरकार ने स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाकर उनसे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को जोड़ना शुरू किया है।



- एवार्ड के माध्यम से फिलहाल 900 ग्रुपों को जोड़ा गया, 150 ने सदस्यता ली
- एक ग्रुप में अधिकतम 20 महिलाएं, इनकी प्रमुख को सौंपा जोड़ने का जिम्मा
- शहर की 450 मलिन बस्तियों में महिलाओं को पार्टी से जोड़ने का काम तेज



समाजसेवियों का सम्मान किया गया। अमृत विचार

# संगत ने की निशान साहिब की सेवा, शबद-कीर्तन



गुरुग्रंथ साहिब को सम्मान सहित लाया गया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रेमनगर स्थित अर्जन देव महाराज गुरुद्वारे का भवन तैयार होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को प्रेमनगर गुरुद्वारा व लाटूश रोड श्री गुरु सिंह सभा की ओर से कार्यक्रम आयोजित हुए। संगत ने निशान साहिब की सेवा की।

गुरु अर्जन देव महाराज के गुरुद्वारे में रविवार को जीर्णोद्धार स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसी उपलक्ष्य में शुक्रवार को गुरुद्वारे में गुरु साहिब का प्रकाश किया गया। नीना बहन के जत्थे (रंजीत नगर) ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया और श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ किया। उधर, लाटूश रोड श्री गुरु सिंह सभा की ओर से अखंड पाठ शुरू हुआ। निशान साहिब की सेवा की गई। नीना बहन और उनके जत्थे ने कीर्तन कर संगत को निहाल किया। पाठ का समापन रविवार को होगा। रागी हजूरी किरपाल सिंह और धाडी जत्था तरसेम सिंह नाभा वाले गुरुवानी कीर्तन कर संगतों को निहाल करेंगे। श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार हरविंदर सिंह लार्ड, हरजिंदर सिंह काले, मोहन सिंह झास, दया सिंह, करमजीत सिंह, राजू पहलवान, सुरेंदर सिंह चावला, अमरजीत सिंह आदि रहे।

# 370 हटाई, 370 सीटें आएंगी भाजपा की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अकबरपुर लोकसभा संचालन समिति की बैठक शुक्रवार को लोकसभा प्रभारी राजेश तिवारी की अध्यक्षता में लोकसभा कार्यालय छपेड़ा पुलिया पर हुई। बैठक में सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक तरफ अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की, वहीं जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाकर देश की जनता से भाजपा को 370 व एनडीए को 400 के पार लोकसभा सीटें जिताने की बात कही है। सांसद ने कहा कि देश की जनता से मोदी को स्नेह मिल रहा है।

इससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस बार जनमानस मोदी की उम्मीद से कहीं ज्यादा सीटें देगा। इस मौके पर कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यसमिति को संबोधित करते हुए कहा था कि आप सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मेरा मोदी पत्र देना और कहना मोदी ने प्रणाम कहा है। निश्चित रूप से जनता मुझे अपना स्नेह व आशीर्वाद देगी।





बैठक में सांसद देवेंद्र सिंह भोले, अशोक सिंह दद्दा आदि। अमृत विचार

### घर-घर जाना है

- जिला प्रभारी राधे श्याम पांडेय ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र व प्रदेश की उपलब्धियां बताकर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का काम करे। बैठक का संचालन लोकसभा संयोजक दिनेश राय ने किया। इस मौके पर लोकसभा के चारों जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, दीपू पांडेय, मनोज शुक्ला, दिनेश कुशवाहा, हरीश मतरेजा, सुधीर जैन, मीडिया प्रभारी अशोक सिंह दद्दा, शिवम मिश्रा, लोकसभा के सभी विधानसभाओं के प्रभारी, संयोजक व संचालन समिति के लोग मौजूद रहे।

# हमारे पास पूरी हिस्ट्री है आपकी... मुकदमा लिख दूंगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मारपीट के मामले में फरियादी के साथ आए अधिवक्ता डीसीपी साउथ ऑफिस के बाहर काफी इंतजार के बाद नाराज हो गए। अधिवक्ता ने डीसीपी साउथ की गाड़ी के सामने पीड़ितों को बैठा कर फोटो खींची और सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। इस पर डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार व अधिवक्ता में तीखी नोक झोंक हुई। दोनों के बीच कहासुनी का वीडियो भी सामने आया। वीडियो में डीसीपी साउथ अधिवक्ता से कह रहे हैं कि आपकी पूरी हिस्ट्री है हमारे पास.... मुकदमा लिख दूंगा। जिस पर अधिवक्ता ने कहा कि मैं भी आपके खिलाफ मुकदमा लिखवाउंगा।

हनुमंत विहार क्षेत्र के अर्रा गांव निवासी प्रबल प्रताप सिंह व प्रवीन सिंह के बीच आपस में मारपीट हुई थी। थाने में दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। गुरुवार को प्रबल प्रताप सिंह के परिजन पुलिस कमिश्नर कार्यालय गए थे, जिस पर उन्हें डीसीपी साउथ कार्यालय जाने को कहा गया था।

शुक्रवार को प्रबल की मां सविता देवी, गौरी सिंह व साली प्रतिमा सिंह अपने अधिवक्ता विवेक शुक्ला के साथ पराग डेयरी स्थित डीसीपी साउथ कार्यालय पहुंची। अधिवक्ता विवेक ने आरोप लगाया कि तीन घंटे कार्यालय में बैठने के बावजूद डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने उनकी फरियाद नहीं सुनी। जिसके बाद अधिवक्ता ने फरियादियों को डीसीपी साउथ की गाड़ी के सामने बैठा कर फोटो खींच ली और फोटो वायरल कर दी। पेशकार ने मामले की जानकारी डीसीपी साउथ को दी, जिसके बाद वह अपने कार्यालय से बाहर आए। अधिवक्ता और डीसीपी साउथ के बीच तीखी नोक झोंक शुरू हो गई। डीसीपी साउथ ने अधिवक्ता से कहा कि हमें पता है कि आप क्या करते हैं... 50 आदमी आ रहा है, कार्यालय में बैठा हुआ है, यहां गाड़ी के आगे लाकर बैठा दिया, ये कोई तरीका होता है... वकालत कर रहे है यहां पर। अधिवक्ता ने कहा कि सुबह 11 बजे से पीड़ित यहां बैठा हुआ है... आप मिल ही नहीं रहे है। इस दौरान कार्यालय में खड़े लोगों ने मामले की वीडियो बना लिया।



डीसीपी साउथ की गाड़ी के आगे बैठीं फरियादी।



डीसीपी साउथ से अधिवक्ता की होती नोकझोंक।


**अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार**

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि **राहुल कुमार पुत्र बराती लाल, निवासी– ग्राम– कुंदेरामपुर अमौली, फतेहपुर** है।जिनका पॉलिसी संख्या– 2055 75134 जो की वास्तव में खो गया है यह पॉलिसी न हीं कहीं बंधक है और न ही किसी अन्य प्रकार से उपयोग में लाई गई है।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **फूलचन्द्र पुत्र रामप्रताप, निवासी– पूरे खैरी मजरे झकरासी थाना भदोखर जिला रायबरेली,** मेरा पुत्र उमेश शराबी किस्म का व्यक्ति है जो मेरा व मेरे परिवार में आये दिन लड़ाई–झगड़ा व मारपीट करता है किसी दिन कोई अप्रिय घटना न कारित कर दे इसलिए अपने पुत्र उमेश को अपने पारिवारिक जिम्मेदारी से मुक्त करता हूँ तथा अपनी चल– अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ यदि कोई भी कानूनी व विधिक भूल उमेश करता है तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

**सूचना**

मैं कलई पुत्र दूबर निवासी ग्राम सीयर कला पोस्ट तिघरा तहसील धनघटा जनपद संतकबीर नगर अपने चौथे पुत्र जुगुल के कृत्यों से आजिज आकर उसे आज दिनांक 6.2.2024 से अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज से उसके किसी भी कृत्य या लेन–देन का उत्तर दायित्व मेरा नहीं होगा।
**कलई पुत्र दूबर**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र महताब कुछ गलत कृत्य करने वाले लोगों की संगत में आ गया है, जिससे उसका चाल–चलन बिगड़ गया है और वह मेरे कहने–सुनने में नहीं है। उसे मैं अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। अपने किसी कृत्य के लिए वह खुद जिम्मेदार होगा। **–शब्बीर पुत्र हबीब निवासी–खातमसराय शंकरपुर, थाना छावनी जिला– बस्ती**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे हाईस्कूल वर्ष 2014 जिसका अनुक्रमांक 1646150 व इंटरमीडिएट वर्ष 2016 जिसका अनुक्रमांक 1234028 है के कागजात वास्तव में खो गए हैं। **कु0 किरन देवी पुत्री रामनरेश निवासिनी ग्राम जल्लापुर पोस्ट गौर तहसील भोगनीपुर जिला कानपुर देहात।**

**निविदा सूचना**

भारत सरकार से आच्छादित पी0एम0 श्री विद्यालय छितौनी रुपईडीह गोण्डा में बाल–वाटिका निर्माण कार्य के संबंध में इच्छुक फर्म जो विभागीय मानकानुसार संपूर्ण कार्य कर सकती हो दिनांक 28 फरवरी 2024 तक निविदा विद्यालय प्रबंधन समिति से प्राप्त करके उक्त तिथि तक जमा कर सकती हैं।
**विद्यालय प्रबंधन समिति**
**छितौनी रुपईडीह गोण्डा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मैकू पुत्र चांदिका, निवासी– ग्राम पचौरी, थाना मोहनलालगंज, जनपद लखनऊ** मेरा पुत्र दीवान चन्द्र नशेड़ी किस्म का व्यक्ति है जो आये दिन स्मैक दारू, शराब गांजा आदि पीता है और नशे में धुत होकर मुझे व मेरे परिवार के सदस्यों को बुरी तरह से मारता पीटता है वह किसी भी समय मेरी जान ले सकता है। मै अपने पुत्र की यातनाओं से पूरी तरह से असंतुष्ट रहता है और अपनी जान बचाने हेतु इधर नाते रिश्तेदारों के यहाँ गुजर बसर कर रहा है। अपने पुत्र की यातनाओं से परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र दीवान चन्द्र को बेदखल कर रहा है।


**समीक्षा बैठक** मेट्रो का अनावश्यक अतिक्रमण हटवाने के दिए आदेश, मंडलीय समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त ने दिए निर्देश

# स्कूलों के आसपास न दिखे गंदगी और जलभराव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने शुक्रवार को मंडलीय विकास कार्यों, कर-करेत्तर व राजस्व की समीक्षा बैठक ली। मंडलायुक्त ने मंडल के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय, ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों, आंगनबाड़ी परिसर और उसके बाहर जलभराव, गंदगी नहीं दिखनी चाहिए। सड़कों पर अनावश्यक पड़े मेट्रो के अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि जनपदों में यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र के विद्यालयों, आंगनबाड़ी परिसर और परिसर के बाहर जलभराव, गंदगी न रहे। वहीं नगर में नवीन मार्केट से परेड के बीच सड़क पर अनावश्यक पड़ा मेट्रो अतिक्रमण को हटवाने के निर्देश दिए। कहा कि कई मार्गों पर कार्य समाप्त होने के बाद भी मेट्रो की सामग्री नहीं हटाई जा रही है। जिस कारण जनसामान्य को समस्या होती है। मंडलायुक्त ने डीएम से मार्गवार समीक्षा कर अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस दो के तहत ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन में गांवों में संग्रहित अपशिष्ट पर नगर व कन्नौज के अतिरिक्त मंडल के अन्य जिलों की प्रगति ठीक नहीं बताई। कहा कि फसल अवशेष व कूड़ा जलाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस पर अर्थदंड व दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नामांकित बच्चों की उपस्थिति इटावा और औरैया में कम मिलने पर निर्देश दिया कि आगे माह में स्वास्थ्य परीक्षण के दिन 90 प्रतिशत से अधिक बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ ही डीएम व सीडीओ बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए उपायों के संबंध में आख्या उपलब्ध कराएं। इस मौके पर औरैया व कानपुर देहात में स्वच्छता शुल्क की जमा धनराशि कम मिली।



मंडलायुक्त ने बैठक कर दिए निर्देश। अमृत विचार

### विद्यालयों के लिए भूमि उपलब्ध कराएं

मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालयों के लिए औरैया, इटावा, कन्नौज, कानपुर देहात के डीएम भूमि उपलब्धता सुनिश्चित करें। हॉटकुक्ड मील योजना के तहत केंद्रों पर गर्म पका भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की मौजूदा स्थिति प्रस्तुत की जाए। मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ, पेंशन लाभार्थियों के आवेदन का समय से निस्तारण हो। विकास कार्यों की रैंकिंग में जिलों की स्थिति ठीक नहीं मिली।

### समय से कार्य पूर्ण न होने पर चेतावनी

- एनएचआई के कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि अनावश्यक कट चिह्नित कर जल्द बंद कराए जाएं। निर्माण कार्यों में जहां मिट्टी भराव की जरूरत है, अनुमति के लिए आवेदन करें। राजस्व वसूली में सभी विभाग शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करें। निर्माण कार्यों की समीक्षा में परियोजना प्रबंधक यूपीआरएनएसएस औरैया गैरहाजिर रहे। जिनसे स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सौरिख का कार्य समयावधि से एक माह बाद पूर्ण होने पर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। फतेहगढ़ जेल में बैरक निर्माण मार्च माह में पूरा होना था, मगर परियोजना प्रबंधक ने बताया कार्य पूर्ण नहीं हो सकेगा।


**KANPUR NAGAR NIGAM**
Motijheel, Kanpur
Phone: 2551416, 2531215 Fax- 2531662
Email: Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Website: http://kmc.up.nic.in

**अतिअल्पकालिक निविदा सूचना**

**नाला सफाई कार्य हेतु आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध कराये जाने हेतु अतिअल्पकालिक निविदा**

नगर निगम कानपुर के स्वास्थ विभाग द्वारा 01 मीटर से कम के नाला/नाली सफाई कार्य हेतु आवश्यकता के अनुसार मानव संसाधन (सफाई कर्मी) की आपूर्ति आउटसोर्सिंग के द्वारा उपलब्ध कराये जाने हेतु दर निर्धारण करने के लिये ई–टेण्डरिंग के माध्यम से दो भागों में (तकनीकी एवं वित्तीय) निविदा ई–टेण्डरिंग वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा नगर स्वास्थ अधिकारी कार्यालय कक्ष में निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| | |
|---|---|
| ऑन लाइन निविदा प्रकाशन की तिथि | 24.02.2024 प्रात 11.00 बजे |
| ऑन लाइन निविदा खरीदने की अन्तिम तिथि | 06.03.2024 अपरान्ह 03.00 बजे |
| ऑन लाइन निविदा प्रपत्र अपलोड करने एवं नगर स्वास्थ अधिकारी कार्यालय में निविदा मूल्य व ई.एम.डी. जमा करने की अन्तिम तिथि | 06.03.2024 अपरान्ह 03.30 बजे |
| तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 06.03.2024 अपरान्ह 04.00 बजे |

निविदा प्रपत्र व निविदा का विस्तृत विवरण एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की ई–टेण्डरिंग की बेवसाइट www.etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं ऑनलाइन निविदा डाली जा सकती है, निविदा के साथ निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 2360.00 सभी देयकर सहित (रू0 दो हजार तीन सौ साठ मात्र) तथा निविदा की कुल निर्धारित जमानती धनराशि रु0–7,50,000/– (रू0 सात लाख पचास हजार मात्र) की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/टी0डी0आर0 जो मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, नगर निगम कानपुर के नाम बन्धक होगी, जमा करना अनिवार्य होगा। तकनीकी रूप से सफल निविदादाता के अतिरिक्त अन्य सभी निविदादाताओं की जमानती धनराशि की यथा शीघ्र वापसी सुनिश्चित कर दी जायेगी। नगर आयुक्त, नगर निगम कानपुर को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**नगर स्वास्थ्य अधिकारी** **अपर नगर आयुक्त (द्वितीय)**
Ro no.394 दिनांक: 23.02.2024

## एक नजर

### छेड़छाड़ के आरोपी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम साहनीपुर गांव निवासी कल्लू उर्फ अनुज पुत्र नारायण के विरुद्ध थाना मंगलपुर में छेड़छाड़, पाक्सो सहित अन्य मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अभियुक्त कल्लू उर्फ अनुज फरार चल रहा है। संदलपुर चौकी इंचार्ज अवनीश वर्मा ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा की है। थाना प्रभारी निरीक्षक जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ नोटिस चस्पा की गई है। एक माह में हाजिर न होने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

### रुपये वापस मांगने पर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र निवासी महिला ने रुपये वापस मांगने पर मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर जाजमऊ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जाजमऊ के ईदगाह रोड निवासी पीड़िता आमना अंसारी ने बताया कि उन्होंने जाजमऊ के ताड़बगिया निवासी आजाद को बिजली संबंधित काम के लिए कुछ रुपये दिए थे। लेकिन आजाद ने काम नहीं किया। आरोप लगाया कि वह 17 फरवरी को रुपये मांगने पहुंची तो आजाद व उसकी पत्नी आसमी, ननद जिन्नत व भतीजी ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### यात्रियों को बसों के आगमन और प्रस्थान की जानकारी के लिए नहीं पड़ेगा भटकना

# झकरकटी स्टेशन पर बड़ी स्क्रीन लगी, मिलेगी बसों की सूचना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** झकरकटी बस अड्डे पर अब यात्रियों को बसों की जानकारी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। बसों के आगमन और प्रस्थान की पूरी जानकारी एक ही जगह मिल जाएगी। इसके लिए बस स्टेशन पर एक बड़ी स्क्रीन लगाई गई है। अब इस स्क्रीन पर बसों के टाइम टेबल की इंट्री का काम चल रहा है, जो अगले तीन दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद यात्रियों को इस स्क्रीन से बसों की पूरी जानकारी मिल सकेगी।

बस स्टेशन की स्क्रीन पर यात्रियों को 15 मिनट पहले स्टेशन पर आने वाली बसों की लोकेशन मिलने लगेगी। इसके साथ ही रेलवे प्लेटफॉर्म की तरह स्क्रीन से जुड़ा एनाउंसमेंट सिस्टम एक्टिव हो जाएगा। जो यात्रियों को यह बताएगा कि बस अड्डे पर बस किस जगह पर मिलेगी।



झकरकटी बस स्टेशन पर लगाई गई एलईडी। अमृत विचार

**36** हजार से ज्यादा हो जाता विशेष मौकों पर यात्री लोड

**15** मिनट पहले बस आने के मिल जाएगी सूचना, रेलवे की तरह की जाएगी उद्घोषणा

झकरकटी बस स्टेशन में सूचना स्क्रीन की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इस सुविधा पर काम भी चल रहा था। स्क्रीन मार्च के पहले सप्ताह से यात्रियों को सुविधा के लिए उपलब्ध हो जाएगी।
-अनिल कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, रोडवेज।

**997** बसों का आवागमन रोज बस स्टेशन पर होता

**197** बसों में 89 एसी और 108 अनुबंध वाली शामिल

**36** हजार बस अड्डे पर है प्रतिदिन का यात्री लोड

#### होली पर शुरू हो सकता सिग्नेचर सिटी बस अड्डा

- विकास नगर में बना सिग्नेचर सिटी बस अड्डा होली पर शुरू हो सकता है। इससे झकरकटी बस अड्डे पर बसों का बोझ और यात्रियों का दबाव कम होगा। सिगनेचर सिटी बस अड्डे का दो साल पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्घाटन किया था, लेकिन कई बार तिथि घोषित करने के बाद भी यहां से बसों का संचालन शुरू नहीं किया जा सका है। अब एक बार फिर विभाग ने होली के मौके पर यह बस अड्डा शुरू करने का पहल की है। सिगनेचर सिटी बस अड्डे से उन्नाव, लखनऊ, कानपुर देहात, कन्नौज, फर्रुखाबाद के लिए बसों की सुविधा मिल सकेगी।

#### सौ करोड़ से पीपीपी मॉडल पर री-डेवलपमेंट रुका पड़ा

- झकरकटी बस अड्डे का सौ करोड़ रुपये से पीपीपी मॉडल पर री-डेवलपमेंट भी किया जाना है। इसकी योजना बनकर तैयार है। दो बार टेंडर भी हो चुके हैं, लेकिन योजना परवान नहीं चढ़ पा रही है। रीडेवलपमेंट के तहत चार मंजिला भवन के ग्राउंड फ्लोर व बेसमेंट में बसों की पार्किंग बननी है। इसके अलावा शापिंग मॉल, डॉरमेट्री स्पा, यात्रियों की वाहन पर्किंग, ड्राइवर व कंडक्टर के लिए रेस्ट रूम, एसी वेटिंग रूम, सेल्फ सर्विस रेस्टोरेंट, नाइट स्टे रूम जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जानी हैं।

#### खत्म होगी अफरा-तफरी और विवाद की स्थिति

- बस अड्डे पर यात्रियों की भीड़ के बीच बसों के आवागमन की सही जानकारी नहीं होने से अफरा-तफरी की स्थिति बनी रहती थी। बार-बार उद्घोषणा के बाद भी अक्सर विवाद की स्थिति पैदा हो जाती थी। कई बार भगदड़ में यात्री चुटहिल तक हो चुके हैं। स्क्रीन लगने से रोडवेज प्रशासन का मानना है कि इस तरह की समस्या से निजात मिलेगी।

# स्टार्टअप के लिए डिग्री कालेजों में मिलेगी राह

सीएसजेयूएमयू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- सात जिलों के डिग्री कॉलेजों में जल्द शुरू होंगे स्टार्टअप सेल
- अभी तक 70 डिग्री कॉलेजों में उपलब्ध करायी जा चुकी सुविधा


**अमृत विचार।** स्टार्टअप का सपना देख रहे युवाओं के उनके डिग्री कॉलेज में ही राह दिखाई जाएगी। इसके लिए सीएसजेएमयू में स्थित इनक्यूबेशन सेंटर ने काम तेज कर दिया है। अगले माह सात जिलों के 70 डिग्री कॉलेजों में स्टार्टअप सेंटर खुल जाएंगे। फिलहाल 70 डिग्री कॉलेजों में स्टार्टअप सेंटर काम शुरू कर चुके हैं।

युवाओं में स्टार्टअप का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। वे बाजार की मांग को देखते हुए नवीन विचार को धरातल पर लाने का प्रयास कर रहे हैं। इन्हीं प्रयास को बल देने के लिए डिग्री कॉलेजों में स्टार्टअप सेंटर खोले जा रहे हैं। छत्रपति शाहू जी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन के सीईओ विवेक मिश्रा ने बताया कि युवाओं के लिए स्टार्टअप सेंटर की सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, औरेया, फर्रुखाबाद, कन्नौज व उन्नाव के 70 कालेजों में सेंटर खोले जा रहे हैं। डीन इनोवेशन एंड स्टार्टअप डॉ. शिल्पा कायस्था ने बताया कि सुविधा का विस्तार होने से ऐसे युवा भी स्टार्टअप जुड़े सकेंगे जो फिलहाल आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं।

सीएसजेएमयू इनोवेशन फाउंडेशन की शुरुआत 2022 में हुई थी। पहले चरण में चरण में 70 डिग्री कॉलेजों में स्टार्ट अप प्रभारी नियुक्त किए जा चुके हैं। विश्वविद्यालय में स्थित इनक्यूबेशन सेंटर और डिग्री कॉलेज में स्थापित स्टार्टअप सेल चार तरह से युवाओं के स्टार्टअप को शुरू करने में सहायता करते हैं। इन सेल में युवाओं को आइडिया को पॉलिश किया जाता है। इसके बाद आइडिया को विशेषज्ञों तक पहुंचाकर उसे और बेहतर बनाया जाता है।

# बुल-बेयर की लड़ाई, निवेशकों की 1000 करोड़ की कमाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




**अमृत विचार।** शेयर मार्केट में बुल और बेयर की भिड़ंत में कानपुर शहर के निवेशकों की पूंजी में 1000 करोड़ रुपये बढ़ोत्तरी का अनुमान लगाया जा रहा है। बुल और बेयर मार्केट की स्थिति के संकेतक हैं। बेयर मार्केट उसे कहते हैं जब बाजार में लगातार गिरावट दिखाई दे और यह कुछ दिन जारी रहे। ऐसी स्थिति में अधिकतर कम्पनियों के शेयरों की कीमत तेजी से गिरने लगती है। बेयर (भालू) अपने पंजे नीचे की ओर करके हमला करते हैं। इसलिए इसे मंदी कहा जाता है। इसके मुकाबले बुल मार्केट उस स्थिति को कहते हैं जब बाजार में लगातार तेजी दिखाई दे और यह स्थिति कुछ दिन जारी रहे। इस स्थिति में अधिकतर कम्पनियों के शेयरों की कीमत तेजी से बढ़ती है। बुल (बैल) अपनी सींगों को ऊपर लाकर हमला करते हैं, इसलिए इसे तेजी माना जाता है।

इस समय बाजार में अगर बुल और बेयर की भिड़ंत देखी जाए तो बुल भारी पड़ रहा है। फरवरी माह में अब तक पांच बार निफ़्टी नया रिकॉर्ड हाई बना चूका है, जबकि सेंसेक्स अपने रिकॉर्ड हाई स्तर 73,425.73 से 282.93 अंक दूर है। कारोबार के अंत में, बीएसई सेंसेक्स 15.45 अंक की मामूली गिरावट के साथ 73,142.80 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ़्टी निफ्टी 4.75 अंक की गिरावट के साथ 22,212.70 के स्तर पर बंद हुआ।

**ऑप्शन ट्रेडिंग में घाटा फिर भी युवाओं का बढ़ा रुझान:** ऑप्शन ट्रेडिंग में शहर के युवाओं की दिलचस्पी बढ़ रही है। चूँकि ऑप्शन खरीदने पर केवल प्रीमियम का भुगतान करना होता है, इसके साथ ही इसमें सीमित नुकसान तथा असीमित फायदे का अवसर रहता है। हालांकि ऑप्शन ट्रेडिंग में रिस्क ज्यादा होता है। सेबी के रिपोर्ट अनुसार, वायदा ट्रेडिंग से 10 में से 9 निवेशकों को नुकसान हुआ है। इसके बावजूद युवाओं में ऑप्शन ट्रेडिंग का क्रेज बढ़ता जा रहा है। घाटे के बावजूद इस सेगमेंट में निवेश करने वाले युवाओं की संख्या 40 प्रतिशत तक पहुंच रही है।

#### मिड व स्मॉल कैप में तेजी को देखते सावधानी बरतें

आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह का कहना है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनियों के मुनाफे में अच्छी ग्रोथ देखने को मिली है। बैंकिंग सेक्टर के क्रेडिट ग्रोथ में अच्छा सुधार मिला है। सस्ते वैल्यूएशन के चलते पीएसयू बैंकों के शेयरों में निजी बैंकों की तुलना में ज्यादा तेजी देखने को मिल रही है। मिड और स्मॉलकैप को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है जिसमें उम्मीद से ज्यादा तेजी से देखने को मिल रही है। जोखिम के लिहाज से लार्ज कैप स्टॉक्स अधिक बेहतर दिख रहे हैं। निवेशकों को अच्छे और स्थिर रिटर्न के लिए मजबूत फंडामेंटल वाले शेयरों पर फोकस करना चाहिए।


राजीव सिंह।

# जगतपुरी के दो घरों से जेवरात-नकदी चोरी

**पुखरायां:** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के जगतपुरी में अलग-अलग दो घरों में चोरी की घटना हुई। घरों को खाली पाकर चोरों ने ताला तोड़कर लाखों को नगदी सहित जेवरात पार दिए। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया है।

कस्बे के जगतपुरी के निर्मला ने बताया कि उसके बहनोई साहबलाल अपने परिवार सहित दस दिन पूर्व गुजरात के राजकोट चले गए थे। वह ठेकेदारी का कार्य करते हैं। उनका मकान दो मंजिला बना हुआ है। जिसमे नीचे कमरे में पीआरडी जवान शिवेंद्र किराए पर डेढ़ वर्ष से रहते हैं। वह गुरुवार रात ड्यूटी में गए हुए थे। तभी खाली घर पाकर चोरों ने बाहर और कमरों का ताला तोड़कर एलइडी टीवी, सोने का पैंडल, ऑफ पेटी, पायल व ढाई हजार रुपये पार कर दिए।

# सपा से गठबंधन के बाद कांग्रेस में दावेदारों की दौड़ तेज

लोकसभा चुनाव

विशेष संवाददाता, अमृत विचार


अजय कपूर।


आलोक मिश्रा।


विकास अवस्थी।

- अजय दिल्ली पहुंचे तो आलोक के साथ ही अन्य दावेदार भी हुए सक्रिय

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए सपा से सीटों का गठबंधन तय होते ही कांग्रेस में दावेदारों की दौड़ तेज हो गई है। कानपुर सीट से चुनाव लड़ने के लिए अजय कपूर ने दिल्ली में डेरा डाल दिया है, तो अन्य दावेदार भी पीछे नहीं हैं। यूपी में कांग्रेस के लिए छोड़ी गयीं 17 सीटों में कानपुर शामिल है। इसे देखते हुए दावेदार गुणाभाग लगाने में जुटे हैं।

जानकारी के मुताबिक मुकुल वासनिक ने पूर्व विधायक अजय कपूर को दिल्ली बुलाया है। हालांकि इसकी वजह तीन मार्च को पटना में महागठबंधन की रैली की तैयारी और बिहार में सीट शेयरिंग को लेकर होने वाली बैठक है। अजय बतौर राष्ट्रीय सचिव बिहार के प्रभारी हैं। उधर, बीते साल जून से चुनाव प्रचार में जुटे आलोक मिश्रा अपना दावा पुख्ता करने के लिए बड़े नेताओं के संपर्क में हैं। वैसे चर्चा में पवन गुप्ता, विकास अवस्थी, मदनमोहन मिश्रा, पूर्व विधायक भूधरनारायण मिश्रा, महिला कांग्रेस की प्रांतीय अध्यक्ष करिश्मा ठाकुर के नाम भी हैं। माना जा रहा है कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा पूरी होने के बाद मार्च के प्रथम सप्ताह तक कांग्रेस संसदीय बोर्ड नाम घोषित कर सकता है।

अजय कपूर की दावेदारी का मजबूत आधार उनका किदवईनगर और गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र का वोटर है। भाजपा के गढ़ किदवई नगर में वह 70 हजार से ज्यादा वोट पाकर भाजपा के महेश त्रिवेदी से हारे थे। अजय दो बार गोविंदनगर और एक बार किदवई नगर से विधायक रहे हैं। छावनी क्षेत्र से 2017 में कांग्रेस के टिकट पर सोहिल अंसारी विधायक रहे हैं। 2022 में सोहेल भले हार गए हों पर यहां पर कांग्रेस का खासा वोट है। हालांकि सीसामऊ और आर्यनगर में कांग्रेस प्रत्याशी जमानत भी नहीं बचा पाए थे पर सपा के प्रत्याशियों की जीत हुई थी।

छावनी, सीसामऊ और आर्यनगर सीट से सपा की जीत का लाभ इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मिल सकता है। उधर, आलोक मिश्रा यदि टिकट हासिल कर पाते हैं तो ब्राह्मण होने का लाभ उन्हें मिल सकता है। इसकी वजह कानपुर में ब्राह्मण वोट साढ़े चार लाख के करीब होना है।

#### अजय के बाद आलोक और विकास रहे थे राहुल के साथ

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कानपुर में अपनी न्याय यात्रा के दौरान गोलाघाट से अजय कपूर को अपने वाहन पर जगह दी थी। इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जनता में यह संदेश गया कि अजय काफी करीब हैं। लेकिन आलोक मिश्रा और विकास अवस्थी भी न्याय यात्रा के घंटाघर में सभा स्थल पर पहुंचने से पहले राहुल गांधी के साथ उनकी गाड़ी पर सवार हो गए थे।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री ने की मुलाकात

**रसूलाबाद।** लोकसभा चुनाव निकट आते ही सियासी गहमगहमी तेज है। पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया समाजसेवी अतहर खान भुट्टो के आवास पर पहुंचे, जहां समर्थकों ने उनका फूल-माला पहनाकर जोरदार ढंग से स्वागत किया।

सपा नेता हाजी फैजान खान ने कहा कि सपा में दरवाजे हमेशा ही खुले रहते हैं। इस मौके पर बबलू राजा, आलोक बाजपेई, सभासद सुहैल अहमद, राजू तिवारी, सभासद हाशिम खान, फरहान मिनी, पूर्व सभासद केके यादव, आशीष यादव, अरबाज सिद्दीकी, शाहनवाज कुरैशी, राजू तिवारी, शाहरुख मंसूरी, सिराज मंसूरी, साजिद कुरैशी, फारूख खां, दिलीप पाल आदि मौजूद रहे।

# संस्कृत तकनीकी रूप से सबसे उन्नत भाषा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में शुक्रवार को स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज़ और शिक्षा, संस्कृति उत्थान न्यास की ओर से व्याख्यानमाला आयोजित हुई। "अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस" सप्ताह के तहत हुई वर्चुअल व्याख्यानमाला में ''आधुनिक तकनीक और हिन्दी'' विषय पर विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान संस्कृत भाषा तकनीक रूप से सबसे उन्नत भाषा का दर्जा दिया गया।



कार्यशाला में उपस्थित अतिथि। अमृत विचार

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि संस्कृत तकनीक की दृष्टि से दुनिया की सबसे उत्तम भाषा है। उन्होंने मातृभाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि चीन ने अपने ऑपरेटिंग सिस्टम को अपनी मातृभाषा में विकसित किया है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य संगोष्ठी तक सीमित न रहे बल्कि प्रयोग की दृष्टि से व्यवहार में भी आत्मसात किया जाए तो अधिक लाभप्रद होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बालेन्दु शर्मा ने कहा कि यूनेस्को की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार 42 भाषाएं संकट ग्रस्त है किन्तु भाषा वैज्ञानिकों का मानना है कि ऐसी भाषाओं की संख्या 15 सौ से भी अधिक है। उन्होंने भाषा संवर्धन और लुप्तप्राय भाषाओं के संरक्षण में प्रौद्योगिकी की भूमिका को अहम बताया।

#### नई शिक्षा नीति पर क्विज प्रतियोगिता

विश्वविद्यालय के दीनदयाल शोध केंद्र में नई शिक्षा नीति विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 70 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। शुरुआत सीडीसी डॉ. आरके दिवेदी, डीएसडब्ल्यू डॉ. नीरज कुमार सिंह व स्कूल ऑफ आट्र्स, ह्यूमैनिटीज एवं सोशल साइंसेस के निदेशक डॉ प्रशांत मिश्रा ने किया। क्विज प्रतियोगिता तीन राउंड में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में डिपार्टमेंट ऑफ टीचर एजुकेशन की आंचल ने प्रथम, डिपार्टमेंट ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफॉर्मेशन साइंस की भावना भदौरिया ने द्वितीय और बीएससी के अभिषेक रावत ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के निर्णायक के तौर पर डा. पूजा सिंह और अन्य लोग रहे।

## सार-संक्षेप

#### एयरटेल ने रिटेल स्टोर्स का किया विस्तार

**कानपुर।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने नगर में अपने तीन नए नेक्स्ट-जनरेशन स्टोर को लॉन्च किया है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि नए स्टोर बर्रा, आजाद नगर और गांधी ग्राम में खोले गए हैं। स्टोर अपने पोर्टफोलियो में एयरटेल की अत्याधुनिक तकनीकों का भी प्रदर्शन करेंगे। सीईओ यूपी, उत्तराखंड सोवन मुखर्जी ने कहा कि हम प्रदेश में बड़े पैमाने पर रिटेल का विस्तार कर रहे हैं। ग्राहकों की सभी जरूरतों के लिए वन स्टॉप के रूप में मोहल्लों में स्थित ये स्टोर मोबाइल, ब्रॉडबैंड, डीटीएच आदि सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करेंगे। वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर पर कंपनी के 1500 स्टोर हैं।



पश्चिम बंगाल में महिला उत्पीड़न के विरोध में प्रदर्शन। अमृत विचार

#### ममता सरकार का पुतला फूंका, की नारेबाजी

**कानपुर।** पश्चिम बंगाल में महिलाओं का उत्पीड़न और ममता सरकार की चुप्पी के विरोध में शुक्रवार को एबीवीपी ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी रते हुए ममता सरकार का पुतला फूंका। एबीवीपी के विवि इकाई के अध्यक्ष कौशे द्विवेदी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के जिला उत्तर 24 परगना के संदेशखाली गांव की महिलाओं ने टीएमसी नेता शाहजहां शेख पर आरोप लगाते हुए बताया है कि वहां के हालात बहुत खराब हैं। शाहजहां शेख जमीन पर कब्जा, बिना पैसे की मजदूरी कराने, महिलाओं से दुष्कर्म के भी आरोप हैं। महिलाओं में डर इस कदर है कि शाम के बाद अपने घर से नहीं निकलती हैं। जब महिला आयोग की टीम गांव पहुंची तो महिलाएं रोने लगीं। प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप है। इसी के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर विवि और महानगर इकाई ने प्रदर्शन कर पुतला फूंका हैं। कौशे द्विवेदी ने कहा कि ममता बनर्जी से इस्तीफा देना चाहिए। इस मौके पर महानगर मंत्री मयंक पासवान, युवराज पटेल, दीप चंद्र त्रिवेदी, प्रभात शर्मा, आशुतोष तिवारी, अमन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### युवती को ले जाने में रिपोर्ट

रसूलाबाद। थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी महिला ने दो लोगों पर नाबालिक बेटी को ले जाने का आरोप लगाकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक गांव निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीती 21 फरवरी की रात को ग्राम मकरंदपुर कहिंजरी निवासी सागर व कपिल उसकी नाबालिक बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गए। साथ ही घर में रखे अस्सी हजार रुपये व जेवर भी ले गए। थाना प्रभारी ने मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि दो नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर तलाश में दबिश दी जा रही है।

#### बुक स्टॉल में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**मूसानगर।** बुधवार रात कस्बे में बुक स्टॉल में चोरी के मामले में नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि गजनेर रोड स्थित बुक स्टॉल की दुकान में काउंटर का ताला तोड़कर तीन हजार रुपये की चोरी करने वाले नामजद आरोपी को मुखबिर की सूचना पर हलिया मोड से गिरफ्तार किया गया है।

दिए सुझाव | एसपीएडी डायबिटिक नियंत्रण पर कार्यशाला

# मोटा अनाज डायबिटीज से बचाव का कारगर इलाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आरामदायक जीवनशैली और अनियमित खानपान से लोग डायबिटिज पीड़ित हो रहे हैं। खानपान में बदलाव कर शुगर और वजन पर नियंत्रण रखा जा सकता है। इसके साथ ही मोटे अनाज का सेवन डायबिटिज होने की संभावना को कम करता है। यह बात शुक्रवार को डॉ. ऋषि शुक्ला ने आर्य नगर स्थित गैंजेंस क्लब में सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन एंड अवेर्नेस ऑफ डायबिटीज (एसपीएडी) की प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि डायबिटिज को पहले अमीरों की बीमारी कहा जाता था, लेकिन अब इससे रिक्शा चालक तक पीड़ित हो रहे हैं। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में भी शुगर की समस्या काफी बढ़ी है। इसकी मुख्य वजह अनियमित जीवनशैली व गड़बड़ खानपान है। 25 फरवरी को मर्चेंट चेंबर में श्री अन्न (मिलेट्स) की डायबिटीज नियंत्रण में भूमिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें मानसिकता और स्वास्थ्य पोषण विषय पर मुंबई से आहार विशेषज्ञ शिल्पा जोशी और लखनऊ से डॉ. नरसिंह वर्मा समेत अन्य विशेषज्ञ जानकारी साझा करेंगे।



सीताराम खत्री, डॉ.दीपक यागनिक, डॉ.ऋषि शुक्ला व डॉ.संगीत शुक्ला जानकारी देते हुए। अमृत विचार

डॉ.दीपक यागनिक ने बताया कि पहले लोग गेहूं व चावल का सेवन कम करते थे। लेकिन हरित क्रांति के बाद इन दोनों अनाज की खपत बढ़ गई है। इसके साथ ही जीवनशैली भी बदल गई है। कार्यशाला में डॉ. नरसिंह वर्मा 'मिलेट्स हमारा संस्कृतिक भोजन एवं इसके प्रकार' विषय पर व्याख्यान देंगे। सीताराम खत्री ने बताया कि कार्यशाला में 'ओपन फोरम' में कोई भी अपनी जिज्ञासा शांत कर सकता है। अच्छे प्रश्न व कमेंट पर पुरस्कार भी दिए जाएंगे। शुभारम्भ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अतुल कपूर करेंगे।

#### देश में हर 10 वां नागरिक डायबिटिज ग्रस्त

- डॉ. संगीता शुक्ला ने बताया कि आरामदायक जीवनशैली, बिगड़े खानपान और व्यायाम या योग नहीं करना शुगर बढ़ने के मुख्य कारण हैं। इंडियन स्टडीज के मुताबिक हर वर्ष 11.7 प्रतिशत डायबिटीज के मरीज बढ़ रहे हैं। देश में 11 करोड़ लोग डायबिटीज मरीज है। 13.7 करोड़ लोग प्री डायबिटीज से ग्रस्त है।

# रजबहा पटरी खनन में केस दर्ज

**शिवली।** मैथा तहसील क्षेत्र के भेवान गांव के पास गुरुवार रात खनन माफिया द्वारा रजबहे की पटरी खोदने के मामले में सिचांई विभाग के जेई ने एक आरोपी के विरुद्ध तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के भेवान स्थित लगभग दस मीटर चौड़ी भेवान-शिवली रजबहा की पटरी को खनन कराने वालों ने गुरुवार की रात रजबहे के बराबर दूसरा रजबहा खोदकर पास के ही एक खाली पड़े प्लाट में भर दी थी। मामले में शुक्रवार को सिचांई विभाग के अवर अभियंता जगदीश निषाद ने नाया पुरवा गांव के मान सिंह के विरूद्ध खनन करने पर तहरीर दी। कोतवाल देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। विवेचना के दौरान जो भी प्रकाश में आएगा। उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



सनिगवां से पिपरगवां जाने वाले मार्ग की बदहाल स्थिति। अमृत विचार



मसवानपुर जाने वाली सड़क पर गड्ढे और ईंट के टुकड़े। अमृत विचार

# अब राज्यपाल ने कहा, गड्ढामुक्त कराएं सड़कें

## सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री प्रवीण फाइटर ने की थी शिकायत, राज्यपाल के विशेष सचिव ने प्रमुख सचिव को भेजा पत्र



नमक फैक्ट्री से डबल पुलिया मार्ग पर गड्ढे। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद अब राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा है कि शहर की सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाए। खुले नालों को भी बंद कराया जाए। इन समस्याओं पर कार्यवाही करने का आदेश राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने प्रमुख सचिव नगर विकास को दिया है। राज्यपाल ने यह कदम सेंट्रल बार एसोसिएशन कानपुर के महामंत्री प्रवीण फाइटर की शिकायत पर उठाया है।

लाल इमली से मर्चेंट चैंबर चौराहा, स्टॉक एक्सचेंज चौराहा से केस्को मुख्यालय मार्ग, जीटी रोड, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से बड़ा चौराहा आने वाले मार्ग के साथ ही ग्वालटोली मार्ग समेत शहर की तमाम सड़कें ऐसी हैं जिन पर गड्ढे हैं। इसी तरह खुले नाले में आए दिन लोग गिरते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए प्रवीण फाइटर ने राज्यपाल को पत्र लिखा था। राज्यपाल के विशेष सचिव बद्रीनाथ सिंह ने इसी पत्र का संज्ञान लेकर प्रमुख सचिव नगर विकास को पत्र लिखा है और उचित कार्यवाही करने के लिए कहा है।

### आज खुलेंगे सात सड़कों के टेंडर

29 फरवरी से 10 मार्च के बीच लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लागू होने की उम्मीद है। जिसके चलते पीडब्ल्यूडी ने मॉल रोड समेत ग्रामीण क्षेत्रों की छह सड़कों की टेंडर प्रक्रियाएं शुरू की थी। पीडब्ल्यूडी एसई अनिल कुमार ने बताया कि निर्माण खंड व प्रांतीय खंड की ओर से पांच करोड़ की लागत से मॉल रोड की 10 किलोमीटर की निर्माण कार्य, 35 करोड़ की लागत से 15 .6 किमी लंबा खेरेश्वर-बिठूर मार्ग का कार्य, नौ करोड़ की लागत से 5 .9 किमी लंबा महाराज सैम्सी झील मार्ग का कार्य, 32 करोड़ की लागत से 15 किमी लंबा चंदनपुर, भीतरगांव धरमपुर बंबा मार्ग, वनखंडेश्वर मंदिर की 900 मीटर की सड़क करीब तीन करोड़ की लागत से व 7 .25 लंबा भैरमपुर मार्ग की दशा 14 करोड़ की लागत से सुधारी जानी है। शनिवार को टेंडर खुलेंगे, जिसके बाद कार्यदायी संस्थाओं का चयन होगा।

# शिक्षण कार्य में एआई की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएमयू में इनोवेटिव एआई फॉर स्मार्ट टीचिंग पर कार्यशाला

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी इनोवेशन फाउंडेशन व स्कूल ऑफ़ टीचर एजुकेशन की ओर से शुक्रवार को कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशला में विशेषज्ञों ने इनोवेटिव एआई फॉर स्मार्ट टीचिंग विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान विशेषज्ञों ने कहा कि एआई का प्रयोग बेहतर शिक्षा व ज्ञान हासिल करने के लिए बेहतरी के साथ किया जा सकता है।

कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में एस.एन.एस. इनोवेशन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर सत्तेन श्रीवास्तव ने कहा कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के माध्यम से शिक्षण की विधि को किस प्रकार अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। इस माध्यम से ज्ञान का विस्तार आने वाली पीढ़ियों के लिए किया जा सकता। स्कूल ऑफ़ टीचर एजुकेशन की डायरेक्टर डॉ. रश्मि गोरे ने कहा कि आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस वर्त्तमान में देश की प्रगति का पैमाना है। इसके सहयोग से वर्त्तमान युग के शिल्पियों का निर्माण किया जा रहा है। शोधकार्य में भी एआई का प्रयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे शोधार्थिओं को बहुत ही मदद मिल रही है। कार्यक्रम में अनिल कुमार त्रिपाठी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक मिश्रा, डॉ. तनूजा भट्ट, डॉ. प्रियंका मौर्या, डॉ. गोपाल सिंह सहित अन्य ने विचार रखे।



एआई पर कार्यशाला को संबोधित करके वक्ता। अमृत विचार

## एक नजर

### केएन टाइटन्स व फ्रेंडस स्पोर्टिंग ने जीता मैच

**कानपुर।** केसीए की ओर से आयोजित केडीएमए क्रिकेट लीग के तहत शुक्रवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच किंग्स क्लब व केएन टाइटन्स के बीच खेला गया। जिसमें किंग्स 14 ओवर में 54 रन पर ऑल आउट हो गई। जवाब में केएन टाइटन्स ने 11.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 56 रन बनाकर मैच जीत लिया। दूसरा मैच में फ्रेंडस स्पोर्टिंग ने खेलते हुए 40 ओवर में आठ विकेट पर 234 रन बनाए। जवाब में काउंटी क्लब 40 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 201 रन बना सकी। इस मैच में फ्रेंडस स्पोर्टिंग ने 33 रनों से जीत दर्ज की।

### आज तेज हवाएं चलेंगी

**कानपुर।** शनिवार को तेज हवाएं चलने का अंदेशा मौसम विभाग ने जताया है। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि 9 .6 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चली हैं।

# अंडर ग्राउंड सी पैनल से भी बिजली चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



तारों की मरम्मत करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

- केस्को की विजिलेंस टीम ने बिजली चोरी करते पांच लोगों को पकड़ा

**अमृत विचार।** ये कहावत तो आपने सुनी होगी कि कनपुरियों के पास हर एक चीज का जुगाड़ है। यह बात कानपुर के तीन लोगों ने साबित करके दिखा दी। यह तीनों अंडर ग्राउंड सी पैनल में तार जोड़कर घर में चोरी की बिजली जला रहे थे। विजलेंस टीम ने छापेमारी की तो मामले की पोल खुली।

केसा द्वितीय प्रवर्तन दल के प्रभारी अजय कुमार ने शुक्रवार को अवर अभियंता विनोद कुमार, एसआई विजय शंकर शर्मा, आलू मंडी के सहायक अभियंता सतीश चंद्र व अवर अभियंता सूरज वर्मा समेत पुलिस कर्मियों के साथ दलेलपुरवा में बिजली चोरी पकड़ने के लिए चेकिंग अभियान चलाया। ऐसे में कुछ लोग विजलेंस टीम को देख सचेत हो गए। जबकि तीन लोग मौके पर अंडर ग्राउंड सी पैनल से बिजली चोरी करते पाए गए। प्रवर्तन दल के प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि दललेपुरवा के रामचंद्री का अखाड़ा निवासी विलाल मीटर की सर्विस केबिल के अतिरिक्त केस्को के अंडर ग्राउंड सी पैनल से डायेक्ट दो कोर की दो केबिल जोड़कर वाणिज्यिक विधा में 19 किलोवाट भार में बिजली चोरी करते मिले। क्षेत्र के ही सलाउद्दीन 12 किलोवाट और मोहम्मत ताज 13 किलोवाट भार में बिजली चोरी करते पाए गए, जिनके खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया। इधर, केसा प्रथम प्रवर्तनदल के प्रभारी उप निरीक्षक हरिहर सिंह ने अवर अभियंता अमित कुमार व पुलिस कर्मियों के साथ मंगला विहार और सनिगंवा में छापेमारी की। प्रवर्तनदल के प्रभारी हरिहर सिंह के मुताबिक मंगला विहार निवासी जामिन अली मीटर की सर्विस केबिल के अलावा पास में एलटी पोल से डायरेक्ट दो तार जोड़कर परिसर में चोरी की बिजली जलाते हुए मिले और सनिगवां चिस्ती नगर निवासी मोजा खान बिना विद्युत मीटर के पास के एलटी पोल से कटिया डालकर बिजली चोरी करते पाए गए। दोनों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा किया गया।

## कठिन डगर



**स्कूली बच्चों की डगर में खतरा :** जयपुरिया रेलवे क्रासिंग पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के निर्माण में सेतु निगम की लापरवाही से स्कूली बच्चों की जान जोखिम में है। बिना बैरिकेडिंग के खुदे पड़े पिलर के गहरे गड्ढे के बगल से बच्चे गुजरते हैं। अक्सर वे मस्ती भी करते हैं। ऐसे में डर लगता है कि कहीं वे गिर न जाएं। अमृत विचार

# लगेंगे ट्रांसफार्मर, 6 सबस्टेशन में डबल सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लखनऊ में हुई बोर्ड बैठक में 268 कार्यों को मिली हरी झंडी
- ट्रांसफार्मरों और सबस्टेशनों की क्षमता बढ़ाने को लेकर रहा मुख्य फोकस

**अमृत विचार।** लखनऊ में शुक्रवार को यूपीपीसीएल के चेयरमैन की अध्यक्षता में हुई बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी के लिए काफी उपयोगी साबित हुई। बैठक में केस्को के 268 कार्यों को हरी झंडी मिली। इससे शहर की बिजली व्यवस्था में सुधार कार्य किए जाएंगे। कुछ ट्रांसफार्मर बदले जाएंगे, कुछ की क्षमता बढ़ेगी। सबस्टेशनों में भी सुरक्षा के तहत कार्य किए जाएंगे।

शहर के लोगों को बिजली का सितम न झेलना पड़े, इसलिए केस्को ने लखनऊ में हुई बोर्ड बैठक में 268 कार्यों को रखा। इनमें मुख्य फोकस 40 करोड़ से होने वाले इन कार्यो के साथ ही सबस्टेशनों की क्षमता बढ़ाने पर भी रहा। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला के मुताबिक कि पिछली बोर्ड बैठक में 40 करोड़ रुपये से 258 कार्यों का प्रस्ताव भेजा गया था, जिस संबंध में बोर्ड ने कार्यों का डाटा समेत आदि जानकारी मांगी थी। इस बार 268 कार्य बोर्ड के सामने रखे गए। इसमें कई नए वर्क भी शामिल हैं।

बताया कि 7.50 करोड़ रुपये सबस्टेशनों की सुदृढ़ीकरण व सुरक्षा में खर्च किए जाएंगे। इसमें हंसपुरम सबस्टेशन में 10 और महाबलीपुरम में 5 एमवीए क्षमता का नया पॉवर ट्रांसफार्मर शामिल हैं। इसके अलावा जूही हार्समैन बाग सबस्टेशन की क्षमता वृद्धि करते हुए 5 की जगह 10 एमवीए का पॉवर ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। वहीं, 12 सबस्टेशन में 11 केवी के पुराने व जर्जर वैक्यूम सर्किट, करंट व पोटेंशियल ट्रांसफार्मर बदले जाएंगे। इससे इन सबस्टेशन से बिजली आपूर्ति बेहतर हो सकेगी। इसके अलावा म्योर मिल, सिविल लाइंस, कोपरगंज,आलूमंडी, साइकिल मार्केट व लालइमली सबस्टेशन में डबल सप्लाई की जाएगी। इसके लिए 33 केवी की लाइन बिछाई जाएगी। इसके अलावा अन्य कार्य भी किए जाएंगे।

# फाइनल में पहुंचा नेशनल और जेडी क्लब

**कानपुर।** रमेश वर्मा (एकलव्य) स्मारक टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को नेशनल क्लब ने एमयूसी क्लब को 18 रनों से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमी फाइनल में जेडी क्लब ने ओलंपिक क्लब को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

नेशनल क्लब ने आठ विकेट पर 20 ओवर में 123 रन बनाए। टीम के कृष्ण पांडेय ने 29, अभिनव ने 23 व दिवाकर सिंह ने 20 रन बनाए। तनवीर ने दो व राहुल सिंह ने दो विकेट लिए। जवाब में एमयूसी क्लब 18.4 ओवरों में 105 रन पर आल आउट हो गई। टीम के खिलाड़ियों का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा। टीम के नितिन कुमार ने दो, उदित श्रीवास्तव ने दो, दिवाकर सिंह ने दो विकेट लिए। टीम के मेहनत के बदौलत नेशनल क्लब ने 18 रनों से जीत दर्ज की। वहीं दूसरा मैच जेडी और ओलंपिक क्लब के बीच खेला गया। जेडी टीम ने 18.2 ओवरों में 110 रन पर आल आउट हो गई। वहीं ओलंपिक क्लब ने 20 ओवर में 102 रन नौ विकेट पर बनाया। टीम के अभय निषाद ने 13, सक्षम यादव ने 69 रन बनाकर नाबाद रहे। जेडी क्लब ने आठ रनों से मैच जीत लिया। जहीरूद्दीन प्लेयर ऑफ दि मैच रहे।


## सार-संक्षेप



करपात्री की जो नमन किया। अमृत विचार

### करपात्री महाराज के संस्मरणों का किया याद

**कानपुर।** अखिल भारतवर्षीय धर्मसंघ की ओर से शुक्रवार को स्वामी करपात्री महाराज की पुण्यतिथि बारहदेवी चौराहा स्थित श्रीजंगलेश्वर महादेव मंदिर में धूमधाम से मनाई गई। महारुद्राभिषेक के धार्मिक वातावरण में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आचार्य राजन शुक्ल ने मंत्रोच्चारण कर निमला सिंह और जगभान सिंह चौहान की मौजूदगी में महारुद्राभिषेक कराया। इसके बाद करपात्री महाराज का पूजन पंडित शेषनारायण त्रिवेदी ने विधि विधान से कराया। चंद्रेश महाराज ने स्वामी करपात्री महाराज के भावपूर्ण संस्मरण बताए। यह समारोह डॉ. विजय प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में कराया गया। पनकी हनुमान मंदिर के महंत स्वामी कृष्णदास महाराज और बाल योगी अरूण चैतन्यपुरी सिद्धनाथ धाम ने करपात्री महाराज के उपदेशों पर चर्चा की। धर्मसंघ के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र शंकर शुक्ल ने मंच का संचालन किया। विद्यानंद पांडेय, रामायण पांडेय, दुर्गा प्रसाद अग्निहोत्री, कृष्ण बाजपेई, विशाल तिवारी, रामनाथ मिश्र, नीरज मिश्र आदि मौजूद रहे।



शब्दावली जारी करते अधिकारी। अमृत विचार

### एनएसआई ने शब्दावली जारी की

**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में शुक्रवार को तैयार चीनी, अल्कोहल और संबद्ध उद्योगों में आम तौर पर उपयोग किए जाने वाले तकनीकी शब्दों की प्रायोगिक शब्दावली को जारी किया गया। यह शब्दावली अंग्रेजी से हिंदी शब्दकोश है। जो कार्य के दौरान इस्तेमाल होती है। संस्थान के निदेशक प्रो नरेंद्र मोहन की ओर से जारी की गई शब्दावली के बारे में बताया गया कि इससे उद्योग, कर्मचारियों और शिक्षण कार्य में आसानी होगी। बड़ी संख्या में चीनी और अल्कोहल की इकाइयाँ उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और मध्य प्रदेश आदि हिंदी क्षेत्रों में स्थित हैं। इन हिंदी भाषी क्षेत्रों के श्रमिक अन्य राज्यों में भी इन इकाइयों में लोग काम कर रहे हैं। इन श्रमिकों को इन तकनीकी शब्दों और शर्तों की समझ विकसित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रोफेसर मोहन ने कहा कि कर्मियों और शर्करा प्रौद्योगिकी, शर्करा अभियांत्रिकी और अल्कोहल प्रौद्योगिकी से संबंधित छात्रों को भी मदद मिलेगी।

## धर्म-अध्यात्म | खेल-खेल में जीवन जीना सीखें, सरल रहें, तरल रहें

# घर में प्रवेश से पहले पद को बाहर छोड़ दें :सुधांशु जी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सुधांशु जी महाराज। अमृत विचार



पंडाल में कथा सुनते भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शास्त्रीनगर सेंट्रल पार्क में चल रही दिव्य भक्ति सत्संग महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को सुधांशु महाराज ने कहा कि खेल-खेल में जीवन जीना सीखें। जीवन को सरल बनाएं, कठिन नहीं। आप किसी भी पद पर हों, लेकिन घर में प्रवेश करने से पहले उस पद को बाहर ही छोड़ दें। कहा कि अपनी कमाई का कुछ प्रतिशत भाग प्रभु के चरणों में रखें। इससे तरक्की के रास्ते खुलते जाएंगे। सुबह और शाम की कथा के बाद महाराज ने कई भजन गाकर सत्र का समापन किया। भजनों पर भक्त जमकर नाचे और झूमे।

सेंट्रल पार्क में सुधांशु महाराज ने शुक्रवार सुबह की कथा में उदाहरण देकर बताया कि ईसीजी के बाद का परिणाम कैसा होता है। यदि रेखाएं ऊंची-नीची दिख रही हैं तो जीवन सुरक्षित है और यदि सीधी सपाट है तो बहुत गलत है। ऐसे ही हमारी जिंदगी है। इसलिए हमें कोशिश करनी है कि हमारी ईसीजी की रिपोर्ट सीधी और सपाट न आए। इसका सबसे आसान तरीका है कि परमात्मा से जुड़ें। परमात्मा आनंद स्वरूप हैं और हमें खेल-खेल में जीवन जीना होगा। आगे कहा कि दुनिया में हर चीज की अधिकता तकलीफ देने वाली है। लेकिन प्रभु से प्रेम और आस्था जितनी अधिक होगी उतना ही मंगल होगा। जितनी आस्था प्रभु से बढ़ेगी उतना ही जीवन सरल होता चला जाएगा। महाराज ने ध्यान करने से श्रीकृष्ण की महिमा का वर्णन किया। इसके साथ ही महाराज ने प्रथम सत्र का समापन प्रभु का भजन गाकर किया। शाम के सत्र की शुरूआत महाराज ने प्रभु वंदना से की।

# अधिवक्ता से आठ लाख की ठगी, रिपोर्ट

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र निवासी अधिवक्ता से ठगी हो गई। जालसाज ने कार बेचने का झांसा देकर उनके आठ लाख रुपये हड़प लिए। इसके बाद कार किसी अन्य को बेच दी।

बसंत विहार निवासी आलोक ने बताया कि गंगापुर कालोनी यशोदानगर निवासी प्रतीक शर्मा ने कार बेचने के लिए उनसे संपर्क किया था। जिसकी कीमत आठ लाख रुपये उसे दे दिए। प्रतीक ने स्टांप पेपर पर लिखापढ़ी कर कार सौंप दी थी। आरोप है कि प्रतीक कुछ दिन बाद कार ट्रांसफर करने का झांसा देकर कार अपने साथ ले गया। काफी दिन बीत जाने के बाद जब वह कार लेने पहुंचे तो पता चला कि प्रतीक ने कार शुभम विश्वकर्मा नाम के युवक को बेंच दी। जानकारी के बाद जब उन्होंने रुपये मांगे तो प्रतीक ने धमकी दी। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इस पर पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर नौबस्ता में मुकदमा कराया।

# बिस्किट खिलाने के बहाने बच्ची से रेप

## वारदात के बाद गांव में माहौल तनावपूर्ण, तैनात किया गया पुलिस बल, पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ा

**संवाददाता, बिल्हौर**

**अमृत विचारः** ककवन थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की सुबह एक युवक ने पांच साल की बच्ची के साथ दुराचार किया। आरोपी बिस्कुट खिलाने के बहाने बच्ची को अपने घर ले गया और फिर वारदात को अंजाम दिया। मामला सामने आने के बाद गांव में तनाव के हालात हैं। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए गांव में दबिश देकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया और तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

वारदात शुक्रवार की सुबह हुई। बताते हैं कि सुबह बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी 20 वर्षीय पड़ोसी सलमान ने बच्ची को टॉफी और बिस्कुट खिलाने का लालच दिया और अपने घर बुला ले गया। इसके बाद घर के कमरे में दुष्कर्म किया। जैसे-तैसे मासूम अपने घर पहुंची और अपनी मां को पूरी घटना बताई। इसके बाद मासूम के परिजनों ने घटना की जानकारी थाना प्रभारी को दी। मासूम के साथ दुराचार का मामला सामने आने के बाद थाना प्रभारी ने फौरन पुलिस अफसरों को सूचना दी। बच्ची के साथ रेप की सूचना मिलते ही एसीपी बिल्हौर अजय कुमार त्रिवेदी और थाना प्रभारी अभिलाष मिश्रा ने पुलिस फोर्स के साथ गांव में दबिश दी और सबसे पहले आरोपी सलमान पुत्र तसलीम को गिरफ्तार कर लिया। मामले की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया और तनाव बढ़ने लगा। एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी त्रिवेदी ने गांव में तनाव को देखते हुए फोर्स तैनात कर दिया और गांव वालों की गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। इसके बाद एसीपी ककवन थाने पहुंचे और वहीं डेरा डालकर मामले की जानकारी लेते रहे। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज कर ली है। मासूम को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।


ककवन थाने में मौजूद बिल्हौर एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी। अमृत विचार

तहरीर के आधार पर ककवन थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी सलमान को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को सख्त सजा दिलाने के लिए पुलिस साक्ष्य जुटा रही है। गंभीरता से विवेचना की जाएगी।

–अजय कुमार त्रिवेदी, एसीपी, बिल्हौर

### विधायक ने पुलिस कमिश्नर से की बात

क्षेत्र में घटना की सूचना तेजी से फैल गई। मामले की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से फोन पर बात कर की और इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने की सिफारिश की। इसके बाद इस मामले में पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया और गांव में कई थानों का फोर्स भी पहुंच गया।

### पड़ोसी सलमान को चाचा बोलती थी मासूम

पांच वर्षीय बच्ची अपने पड़ोसी सलमान को चाचा कहती थी, लेकिन उसने घिनौना कृत्य कर पड़ोस के रिश्तों को कलंकित कर दिया। घटना के बाद कुछ स्थानीय लोग पीड़ित परिवार पर समझौते का दबाव बना रहे थे, लेकिन विधायक राहुल बच्चा सोनकर के साथ डीसीपी विजय ढुल की सक्रियता के चलते पुलिस ने फौरन एक्शन लिया और दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## पानी भरने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**चौबेपुर।** निगोहा गांव में शुक्रवार दोपहर सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में दो महिलाओं को मामूली चोटें आईं। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बात कही है।

निगोहा की ज्योति पत्नी फूल सिंह ने तहरीर में बताया कि घर के पास ॅसरकारी हैंडपंप लगा है। हैंडपंप पर पड़ोस के पुत्तन सिंह के परिवारीजन भी पानी भरते हैं। पुत्तन के बच्चे आए दिन हैंडपंप पर बैठकर घण्टों कपड़े धोते रहते हैं। इस दौरान पानी भरने की बात कहने पर झगड़ा करने पर आमदा हो जाते हैं। शुक्रवार सुबह भी पुत्तन की बेटी मनीषा हैंडपंप पर कपड़े धो रही थी। इस बीच पानी भरने की बात कहने पर उसने उसकी बाल्टी उठाकर दूर फेंक दी और विरोध करने पर मारपीट की। दूसरी ओर मनीषा ने पुलिस को बताया कि प्रीती बेवजह झगड़ा कर रही थी, विरोध करने पर मारपीट करने पर आमादा हो गई।

# दुकान का शटर तोड़ कर दो लाख की चोरी

**संवाददाता, बिधनू**

**अमृत विचारः** बिधनू थाना क्षेत्र कठेरुआ गांव में हाईवे किनारे एक किराना की दुकान को गुरुवार रात चोरों ने फिर निशाना बनाया। चोर दुकान का शटर तोड़कर 20 हजार की नकदी समेत दो लाख का सामान चुरा ले गए। डेढ़ साल पहले भी चोर इस दुकान से तीन लाख रुपये से भरा बैग चुरा ले गए थे।

कठेरुआ निवासी कारोबारी किशोर तिवारी की हाईवे किनारे किराना की थोक दुकान है। गुरुवार रात चोर शटर को तोड़कर दुकान में घुसे, जहां से 20 हजार रुपये के सिक्के समेत दो लाख का सामान चुरा ले गए। दुकान के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में तीन चोर कैद हुए हैं। शुक्रवार की सुबह दुकान पहुंचे कारोबारी ने शटर टूटा देखा तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज लेकर चोरों की तलाश शुरू की है।

### पहले भी हुई थी चोरी, एक शातिर पकड़ा गया था

पिछली बार चोरी के दौरान भीड़ ने दुकान से भाग रहे एक चोर को पकड़ लिया था। तीन चोर बैग लेकर भाग निकले थे। कारोबारी के मुताबिक पकड़े गए चोर को पुलिस को सौंप दिया गया था। उस बार भी चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए थे, जिसकी फुटेज पुलिस को दिए गए थे, लेकिन पुलिस अब तक न तो चोरों को पकड़ सकी और न ही कैश बरामद कर सकी।

कारोबारी ने बताया कि 6 सितंबर 2022 की रात भी इसी प्रकार चोरों ने शटर तोड़कर दुकान में रखा तीन लाख रुपये से भरा बैग चुरा ले गए थे। इसी बीच वह घर में मोबाइल से जुड़े सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखकर दुकान पहुंच गए थे। थाना प्रभारी प्रेम चन्द्र कनौजिया का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

# पहले बड़े, अब छोटे भाई ने फांसी लगा दे दी जान

**संवाददाता, घाटमपुर**

### परिवार में कोहराम

- गांव के बाहर बगीचे में पेड़ पर लटका मिला शव
- दो साल पहले बड़े भाई ने भी बगीचे में की थी आत्महत्या

**अमृत विचारः** पतारा चौकी क्षेत्र के तिलसड़ा गांव में एक युवक ने बगीचे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। खास बात यह है कि दो साल पहले इसके बड़े भाई ने भी बगीचे में ही फांसी लगाकर जान दे दी थी।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के तिलसड़ा गांव के रहने वाले कृष्ण कुमार (45) पुत्र प्रीतम कुमार ने गांव के बाहर एक बगीचे में रस्सी से पेड़ के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके आत्महत्या करने की खबर घर पहुंची तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिवार के लोग दौड़ते-भागते बगीचे पहुंचे। बताते हैं कि दो वर्ष पहले कृष्ण कुमार के बड़े भाई मोतीलाल ने भी बगीचे में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।


बगीचे में शव लटके होने की सूचना पर पहुंचे लोग। अमृत विचार

बताया जाता है कि कृष्ण कुमार तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह पत्नी फूलमती व पांच बच्चों विकास, छोटू, विशाल, अभिनव, कार्तिक और सुमित के साथ रहता था। मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। सूचना पर पहुंची पतारा चौकी की पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या की वजह जानने की कोशिश की जा रही है।

# बीच हाईवे पर बैठी महिला

**संवाददाता, चौबेपुर**

**अमृत विचारः** क्षेत्र के भवानीपुर गांव के सामने शुक्रवार की सुबह एक महिला हाईवे पर बीचो-बीच बैठ गई। सरपट दौड़ते वाहनों के बीच हाईवे पर महिला को बैठा देख भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे हाईवे से हटाया और घर भिजवाया। पुलिस उसे मानसिक रूप से बीमार बता रही है।

शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे भवानीपुर गांव के सामने हाईवे पर सड़क के बीचो-बीच बैठी महिला को देख लोग हैरान रह गए। थोड़ी ही देर में मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। गले में दो मंगलसूत्र और हाथ में सोने की अंगूठी पहने महिला किसी संपन्न परिवार से लग रही थी। इस दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि कोई महिला आत्महत्या के इरादे से हाईवे के बीचो-बीच बैठी है, तो पुलिस फौरन मौके पर पहुंची। पुलिस ने बीच सड़क पर बैठी महिला को किसी तरह समझा-बुझाकर किनारे कराया।


हाईवे पर बैठी महिला। अमृत विचार

पुलिस का कहना है कि बातचीत से मालूम हुआ कि महिला मानसिक रूप से बीमार है। पूछने पर उसने बताया कि वह कानपुर के नौबस्ता क्षेत्र की रहने वाली है और रामनगर गांव अपनी रिश्तेदारी में आई है। उसके रिश्तेदारों को मौके पर बुलाया गया। रिश्तेदारों ने बताया कि महिला मानसिक रूप से बीमार चल रही है, जिसका उपचार चल रहा है। मौका पाकर वह घर से निकल आई और यहां आकर बैठ गई। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि महिला मानसिक रूप से बीमार है, जिसे रिश्तेदारों के सुपुर्द कर दिया गया।

# हाईवे पर कार बनी आग का गोला

**संवाददाता, सरसौल**

### हड़कंप

- प्रयागराज हाईवे के रूमा फ्लाईओवर पर हुआ हादसा
- दमकल जवानों ने बुझाई आग कार जलकर बर्बाद

**अमृत विचारः** प्रयागराज हाईवे के रूमा फ्लाईओवर पर शुक्रवार की रात करीब ढाई बजे एक कार आग का गोला बन गई। चलते-चलते धुआं निकलता देख चालक ने कार रोकी। वह कुछ समझ पाता, उससे पहले ही आग की लपटें उठने लगीं। दमकल जवानों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल गई।

बताते हैं कि रात करीब ढाई बजे चालक कार लेकर कानपुर से फतेहपुर की तरफ जा रहा था। कार में कानपुर का नंबर था। जब वह रूमा फ्लाईओवर पर पहुंचा, तभी बोनट से धुआं उठता दिखाई पड़ा। चालक ने धुआं देखने के लिए कार रोकी तो उसमें आग की लपटें उठने लगीं। चालक कुछ समझ पाता, इससे पहले ही कार धू-धू कर जलने लगी। रात के सन्नाटे में कार चालक की मदद करने वाला कोई नजर नहीं आया।

चालक ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सहायता के लिए फोन किया। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचती, तब तक कार आग का गोला बन चुकी थी। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर कंडम हो गई। गनीमत रही कि चालक कार से बाहर आ गया था, अन्यथा उसकी जान को भी खतरा था। जाजमऊ फायर यूनिट के प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन कार को सलामत नहीं बचाया जा सका। कार चालक सलामत बच गया है।


रूमा में हाईवे पर जलती कार, आग बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

# बिल्हौर में तहसीलदार से भिड़े हड़ताली अधिवक्ता

**संवाददाता, बिल्हौर**

**अमृत विचारः** तहसील के प्रस्तावित विभाजन के विरोध में हड़ताल पर चल रहे अधिवक्ताओं की शुक्रवार को सरकारी कार्यालयों को बंद कराते समय तहसीलदार से नोक-झोंक हो गई। शासन द्वारा बिल्हौर तहसील के प्रस्तावित विभाजन की खबरें आने के बाद तहसील के दोनो अधिवक्ता संगठन बार एसोसिएशन और लॉयर्स एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने 19 जनवरी से संयुक्त रूप से विभाजन का विरोध शुरू कर दिया।

अधिवक्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से शासन को ज्ञापन भेजे, लेकिन शासन प्रशासन से मामले में कोई संतोषजनक जवाब न मिलते देख 3 फरवरी से अधिवक्ताओं ने कलम बंदर लाल कर उग्र प्रदर्शन शुरू कर दिया। तब से आंदोलन जारी है।


बिल्हौर तहसील में हंगामा करते हड़ताली अधिवक्ता। अमृत विचार

- तहसील विभाजन के विरोध में 17वें दिन भी जारी रही हड़ताल
- वकील बोले, किसी भी कीमत पर विभाजन स्वीकार नहीं

बीते 17 दिनों से चल रही कलम बंद हड़ताल के बीच अधिवक्ताओं की प्रतिनिधिमंडल में जिलाधिकारी व विधानसभा अध्यक्ष से भेंट कर विभाजन को रोकें जाने की मांग की। किंतु वहां से भी कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर शुक्रवार को हड़ताल पर चल रहे अधिवक्ताओं में एक बार फिर सरकारी कार्यालयों को बंद कराना चालू कर दिया।

तहसीलदार कार्यालय को बंद कराने के लिए पहुंचे अधिवक्ताओं की वहां मौजूद तहसीलदार से नोंक-झोंक हो गई। सूचना मिलते पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया। लेकिन कुछ देर बाद कार्यालय बंद होते ही अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ गए। इसके बाद हंगामा शांत हो सका।


अधिवक्ताओं ने धरना देकर अपनी आवाज बुलंद की। अमृत विचार

### वकीलों ने तहसील बंद कराने का किया प्रयास

तहसीलदार तिमिराज सिंह का कहना है कि वह शुक्रवार को कार्यालय में बैठकर ककवन व बिल्हौर ब्लाक के किसानों के मुआवजा सबंधी काम निपटा रहे थे, तभी अधिवक्ता तहसील बंद कराने का प्रयास करने लगे। जबरन तरीके से कार्य बाधित करने का प्रयास किया गया है। जबरन काम बंद कराने की कोशिश का विरोध करने पर अधिवक्ता हंगामा करने लगे, जो कतई उचित नहीं है।

## भट्ठा मजदूर का पेड़ पर लटका मिला शव

**पुखरायां।** घर से ईंट भट्ठे पर जाने के लिए घर से निकले हैद्रापुर गांव के एक मजदूर का शव संदिग्ध हालत में आम के पेड़ में गमछे के फंदे के सहारे लटकता मिला। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

बरौर क्षेत्र के हैद्रापुर की गुड़िया ने बताया कि उनका पति शिवकुमार उर्फ दीनू (45) लालपुर के एक ईंट भट्ठे पर काम करता था। 17 फरवरी को वह घर से ईंट भट्ठे जाने के लिए निकला था। जब कई दिन बाद वह वापस नहीं आया तो उसकी खोजबीन की गई, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल सका। शुक्रवार को गांव के ही सुभाष खेत पर पानी लगाने गए थे। इसी दौरान उसे खेत में बदबू आई। उन्होंने आम के पेड़ की ओर देखा तो उस पर शिवकुमार का शव गमछे के सहारे फंदे पर लटक रहा था। उन्होंने घटना की जानकारी परिजनों को दी।

## सार-संक्षेप


आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण करते ब्लाक प्रमुख इंद्रजीत सिंह। अमृत विचार

### शाखा जनवारा में आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण

**रेउना।** घाटमपुर विकासखंड के शाखा जनवारा ग्राम पंचायत में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण ब्लाक प्रमुख इंद्रजीत कुशवाहा ने शुक्रवार की शाम को किया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र के परिसर में पौधरोपण भी किया। ब्लाक प्रमुख इंद्रजीत कुशवाहा ने कहा की महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नौनिहालों एवं गर्भवती धात्री व किशोरी महिलाओं के कल्याण के लिए पोषक आहार देते हुए उनके स्वास्थ्य का जो ध्यान रखा जाता है। यह अपने आप से अतुलनीय है। बच्चों को पूरक आहार देकर केंद्र व प्रदेश की सरकार प्रदेश एवं देश से कुपोषण का समूल नाश करना चाहती है। इसके लिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है की वह जागरूक बने और सरकार की सभी योजनाओं से अपने गांव व समाज के लोगों को लाभान्वित कराएं। इस अवसर पर घाटमपुर सीडीपीओ सुषमा उत्तम, सुपर वाइजर मोना सिंह ग्राम प्रधान राम कुमार सैनी, कार्यकत्री एवं सहायिका सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।


घायल शिक्षक को चेक भेंट करते विनीत मिश्रा व अन्य। अमृत विचार

### घायल शिक्षक को 50 हजार का चेक सौंपा

**बिल्हौर।** ककवन निवासी विपिन कुमार प्राथमिक विद्यालय बचीत जसू विकासखंड झीझक कानपुर देहात में शिक्षक के पद पर कार्यरत है जो वर्तमान में श्यामनगर कानपुर में अस्थाई रूप से रहते है।श्यामनगर से झींझक प्रतिदिन नौकरी करने जाते हैं जो मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए थे। टीएससीटी टीम ने इलाज हेतु रुपये पचास हजार का चेक शिक्षक के घर जाकर दिया। विपिन कुमार का एक्सीडेंट मिंडा कुआं रोड पर हो गया था। सूचना पाकर जिला पंचायत सदस्य बउवा त्रिवेदी ने अपनी गाड़ी से शिक्षक को जिला चिकित्सालय अकबरपुर में भर्ती कराया था। टीएससीएटी के जिला संयोजक विनीत मिश्रा ने जिला चिकित्सालय में घायल शिक्षक का हाल-चाल लिया और मदद का आश्वासन दिया था। टीएससीटी कानपुर देहात की पहल और सूचना के आधार पर प्रदेश टीम ने इलाज के मदद के रूप में 50 हजार का चेक भेजा, जिसे शिक्षक के श्याम नगर स्थित आवास पर जाकर जिला संयोजक कानपुर देहात विनीत मिश्रा, जिला संयोजक कानपुर नगर सुनील कुमार वर्मा, जिला सह संयोजक जितेंद्र कुमार, विष्णु मिश्रा, राकेश मिश्रा, लोकेंद्र सचान, सुषमा सचान, विनोद पटेल आदि के साथ जाकर भेंट की गयी।

## बर्बाद फसलों का मिलेगा मुआवजा

**संवाददाता, बिल्हौर**

**अमृत विचार।** मंगलवार की देर रात हुई ओलावृष्टि में ककवन और बिल्हौर क्षेत्र के हजारों किसानों की फसल बर्बाद होने के बाद तहसील प्रशासन किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए कार्यवाही शुरू कर दी है। उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने बताया कि लगातार सभी गांव के क्षेत्र क्षेत्रीय लेखपालों को सर्वे के साथ किसानों क के दस्तावेज जमा करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

शुक्रवार को तहसील में सभी लेखपालों व कानून को की बैठक भी ली गई है सभी गांव के किसान अपने लेखपाल को कृषि व खाता आधार का जानकारी दे दें इसके बाद उनकी खराब हुई फसल का मुआवजा दिलाया जाएगा हालांकि किसानों की बर्बाद हुई फसल को 33 फीसदी माना गया है।

ककवन में लेखपाल जितेन्द्र कुमार ने ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार के साथ पंचायत घर में तीन सैकड़ा किसानों के दस्तावेज जमा कराए है। इसी प्रकार मैदों गांव मे गोपाल दीक्षित व औरोताहारपुर मे राघवेन्द्र सिंह व कुरेह गांव मे सौरभ कमल ने सभी किसानो के फार्म जमा किए है।


मुआवजे के लिए किसानों के कागजात जमा करते लेखपाल। अमृत विचार

संगोष्ठी | मातृभाषा दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# अपनी मातृभाषा का सम्मान करना जरूरी

**संवाददाता, घाटमपुर**

**अमृत विचारः** श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साखाहारी में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय के प्रबंधक विनय त्रिवेदी ने कहा कि 21 फरवरी को दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है । यूनेस्को द्वारा विश्व भर में मातृ भाषाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए इस दिवस की घोषणा की गई है ।

अपने मातृ भाषाओं के संरक्षण एवं संवर्धन की दृष्टि से यह उपयोगी दिवस है। प्राचीन भारत में गणित, खगोल शास्त्र दर्शनशास्त्र, नाटक विधा, योग अर्थशास्त्र, कृषि, आयुर्वेद सहित अनेक विधाओं एवं ज्ञान से संबंधित ग्रंथ संस्कृत एवं तत्कालीन मातृ भाषाओं और राष्ट्र की अन्य भाषाओं जैसे तमिल , कन्नड़, तेलगू, मराठी,गुजराती आदि में लिखे गए परंतु सैकड़ों वर्षों की गुलामी के कारण और मैकाले की कुटिल शिक्षा नीति के कारण आज हम अपनी मातृभाषा में लिखें उक्त ज्ञान से दूर हो गए।



संगोष्ठी में विचार व्यक्त करते वक्ता। अमृत विचार

यदि हम हिन्दी और संस्कृत सहित अपनी सभी मात्र भाषाओं का सम्मान करे तथा प्रतिदिन के कामकाज और कार्यालय मे अपनी मातृ भाषा का प्रयोग करे साथ ही विश्वविद्यालय भी कंप्यूटर विज्ञान और अन्य तकनीकी विषयों की पढ़ाई और परीक्षा की व्यवस्था मातृ भाषा मे कराए। मातृ भाषा को मजबूत करने के लिए स्थानीय संस्कृति से जुडे आल्हा गायन, फाग, रामलीला आदि के आयोजन और प्रचार प्रसार भी मात्र भाषा को मजबूत करने मे सहायक होगे।

- सांखाहारी के श्री शक्ति डिग्री कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम, छात्र-छात्राएं शामिल

इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने कविता, भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता तथा छात्र परिचर्चा का आयोजन भी किया। इस अवसर पर राऊ नंदन विद्यार्थी, राजकुमार शर्मा, श्याम जी शुक्ला, जय किशोर सचान, शिव शरण, मनोज सोनकर आदि उपस्थित रहे।

# चाय पियोगे तभी खा पाओगे दो वक्त की रोटी...

## राशन दुकानों में भ्रष्टाचारः जिले की राशन दुकानों में लाभार्थियों के मना करने के बावजूद जबरन बेचे जा रहे चाय के पैकेट

संवाददाता परियर उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले के सरकारी राशन विक्रेताओं का लाभार्थियों से कहना है कि अगर चाय पियोगे तो ही दो वक्त की रोटी खा पाओगे। ऐसा इसलिये कहा जा रहा है कि कोटेदार लाभार्थियों को जबरन चाय का पैकेट बेच रहे हैं। कोटेदार 65 रुपये का एक चाय का पैकेट न लेने पर लाभार्थी को वापस कर देते हैं। ऐसे में आमजन इस भ्रष्टाचार को लेकर परेशान हैं। वहीं जिम्मेदार अधिकारी इसकी जांच कराकर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

बता दें कि विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र में गलत राशन वितरण व्यवस्था से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। कई लोगों को राशन लेने में 5 से 6 दिन तक लग रहे हैं। कोटेदार राशन के साथ जबरन चाय का पैकेट भी 65 रुपए का दे रहे हैं। जो लोग चाय नहीं लेते उन्हें कोटेदार राशन नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप यह भी है कि निर्धारित राशन में घटतौली भी की जा रही है। क्षेत्र के परियर, मरौंदा, भदेवना, कटरी मरौंदा मझवारा, बहरौला, मरौंदा सुचित, मोमिनपुर, बर्धना सहित पूरे विकास खंड में कोटेदार की गलत राशन वितरण से ग्रामीण परिवार कोटेदार के चक्कर लगा रहे हैं। सुमन, रंजीत, अनीता, रामबाबू, लाला, जगदेव ने बताया कि कोटेदार ने कई दिनों तक चक्कर के बाद भी पूरा राशन नहीं दिया। वहीं रमेश, मुकेश, देवदत, छुन्नु, राधेश्याम, मानसिंह, तारावती, गीतादेवी, इंदल व अंकुल ने बताया कि कोटेदार जबरदस्ती 65 रुपए लेकर चाय की पैकेट दे रहा है। चाय की पैकेट न लेने पर कोटेदार राशन नहीं देता है।




### बोले जिम्मेदार

डीएसओ राज बहादुर सिंह ने बताया कि कोई भी कोटेदार जबरन कोई भी वस्तु नहीं दे सकता है। स्वेच्छा से तो दिया जा सकता है। अगर ऐसा हो रहा है तो तत्काल इसे संबंधित पूर्ति निरीक्षक को भेजकर दिखवाया जाएगा। अगर आरोप सही मिलते हैं तो संबंधित कोटेदार पर कार्रवाई की जाएगी।

- **65 रुपये का एक चाय का पैकेट न लेने पर लाभार्थी को वापस कर देते हैं**

### बोले लोग



परियर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश वर्मा ने बताया कि कोटेदार से कहा है कि जितने कार्ड धारकों को राशन वितरित करो उतने को ही बुलाओ। बार-बार कोटे के चक्कर लगवाना ठीक नहीं। कोटेदार नहीं मानेंगे तो इसकी शिकायत एसडीएम से करेंगे। **-सुरेश वर्मा**



मरौंदा गांव निवासी गीता ने बताया कि कोटेदार ने 65 रुपए की चाय की पैकेट न लेने पर राशन नहीं दिया। रुपये न होने पर उसने मजबूरन गांव के ही एक मिलने वाले उधार रुपए लेकर चाय का पैकेट लिया तब उसे राशन मिल सका। **-गीता**

नगर के मोहल्ला चौघड़ा निवासी राजेश गुप्ता ने बताया कि उन्हें 10 किलो राशन मिलता है और राशन लेने के लिए 2 दिन की दिहाड़ी खराब होती है। जिससे यह राशन घाटे का सौदा साबित हो रहा है। मोहल्ला दरगाह शरीफ निवासी हबीब अहमद ने बताया कि राशन लेने के लिए वह कई दिनों से दुकान के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन मशीन की खराबी के चलते उन्हें राशन नहीं मिल सका है। नाम न छापने की शर्त पर कई कोटेदारों ने बताया कि राशन तुलवाने के लिए उन्हें कम से कम एक मजदूर रखना पड़ता है। जिसे प्रतिदिन 500 तक की दिहाड़ी देना पड़ती है। लेकिन जिस दिन मशीन खराब या सर्वर डाउन हो जाता है, उस दिन मजदूर को मुफ्त में ही दिहाड़ी देनी पड़ती है। सरवर डाउन होने से कोटेदार दिन भर में 10 से 20 उपभोक्ताओं को ही राशन दे पा रहे हैं। जिससे उन्हें भारी घाटा हो रहा है। कोटेदारों ने यह भी बताया कि यह मशीन अभी तो नई है। पुरानी होने पर यह मशीनें एकदम काम करना बंद कर देंगी। तब कोटेदार और उपभोक्ताओं के सामने गंभीर समस्या उत्पन्न होगी।

## बायोमीट्रिक मशीन दे रही दगा कोटेदार व लाभार्थी परेशान

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** राशनिंग व्यवस्था सुधारने के लिए सरकार ने कोटेदारों को नई बायोमीट्रिक मशीन व तौल मशीन उपलब्ध कराई है। लेकिन, एक पखवाड़े में ही नई मशीन जवाब देने लगी है। जिससे जहां उपभोक्ता पूरे दिन दुकान पर खड़े रहने को मजबूर हैं, वहीं कोटेदारों को भी जलालत झेलनी पड़ रही है। उपभोक्ताओं ने जिला पूर्ति अधिकारी से बायोमीट्रिक मशीन बदलवाने की मांग की है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अंत्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को सरकारी गल्ले की दुकान से प्रति यूनिट 5 किलो राशन मुफ्त दिया जा रहा है। राशनिंग व्यवस्था पारदर्शी बनाने की मंशा से सरकार ने इसी माह से कोटेदारों को नई बायोमीट्रिक मशीन व ऑटोमेटिक तौल मशीन उपलब्ध कराई है। बायोमीट्रिक व तौल मशीन दोनों आपस में कनेक्ट हैं। अंगूठा लगने के बाद बायोमीट्रिक मशीन घोषणा करती है कि उपभोक्ता को कौन सा और कितना राशन देना है। इसके तहत ऑटोमेटिक तराजू राशन तौलता है। साथ ही मशीन से एक पर्ची निकालती है। जिसमें राशन की किस्म और क्वांटिटी दर्ज होती है। यहां तक तो मामला एकदम ठीक दिख रहा है। लेकिन इसी बीच सर्वर डाउन होने के कारण बायोमीट्रिक मशीन और ऑटोमेटिक तराजू के बीच कनेक्टिविटी भंग हो जाती है। फिर उपभोक्ता तथा कोटेदार मूकदर्शक बन जाते हैं। उपभोक्ताओं ने जिला पूर्ति अधिकारी से कोटेदारों को अच्छी क्वालिटी की मशीनें उपलब्ध कराने की मांग उठाई है।

# अभियान चला कर 50 लोगों के काटे कनेक्शन




बिजली कनेक्शन की चेकिंग करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- **नगर के पांच मोहल्लों में डोर टू डोर चेकिंग की गई**
- **सवा आठ लाख रुपये का बकाया भी वसूला गया**

**अमृत विचार।** एक्सईएन के निर्देश पर शुक्रवार को बिजली कर्मियों की टीम ने नगर के पांच मोहल्लों में डोर टू डोर चेकिंग अभियान चलाया। जहां कई बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे और उन्हें लाइन न जोड़ने की हिदायत दी। इसके साथ ही उनसे राजस्व भी वसूला।

एक्सईएन के निर्देश पर शुक्रवार को जेई विष्णु शुक्ला के नेतृत्व में बिजली विभाग की पांच टीमों ने नगर के ब्रह्मनगर, श्रीनगर, बिन्दा नगर, गंगानगर, चंपापुरवा, आजाद नगर, ऋषिनगर में अभियान चलाया। जहां बिजली कर्मियों ने डोर टू डोर जाकर बिजली के बिल चेक किये। इसके साथ ही घरों में लगे मीटर देखे। अभियान के दौरान जो भी बड़े बकायेदार मिले। उनके कनेक्शन काटे गये। जेई ने बताया कि अभियान के दौरान 50 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे गये हैं। इसके साथ ही करीब सवा आठ लाख रुपये का बकाया राजस्व भी वसूला गया है।।

# मिट्टी चोरी करने वालों से किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अन्ना मवेशियों से लगातार परेशान चल रहे किसानों को अब मिट्टी चोरों ने अपना निशाना बना रखा है। रात के अंधेरे में जारी अवैध खनन से किसान परेशान हैं। इससे खेत में खड़ी फसल नष्ट होने की आशंका के साथ ही खनन के बाद हुए गड्ढे में बरसात में पानी भरने पर दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई है। किसानों ने सिटी मजिस्ट्रेट को प्रार्थनापत्र देकर कर्रवाई की मांग की है। इसके बाद भी रात के अंधेरे में मिट्टी चोरी लगातार जारी है।

मामला गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के देवारा खुर्द ग्राम पंचायत का है। जहां सदर क्षेत्र के मोहल्ला एबी नगर निवासी बलवीर पुत्र स्व.मलखान सिंह की गाटा संख्या-123 रकबा 0.5190, 124 रकबा 0.1960, 125 रकबा 0.2280, 137 रकबा 0.2910, 156 रकबा 0.5700, 158 रकबा 0.2280, 159 रकबा 0.2590, 160 रकबा 0. 2660, 161 रकबा 0.2530 कृषि भूमि है। जिस पर वह खेती करवाते हैं। बलवीर ने सिटी मजिस्ट्रेट को बीती 21 फरवरी को दिये प्रार्थनापत्र में बताया कि उसके खेत से सटी जमीन पर अवैध खनन किया जा रहा है। लगभग 25 फिट गहरी खुदाई करके चोरी से मिट्टी बेच दी गई है। उसने विरोध किया तो खनन में लगे लोगों ने पीएनसी द्वारा खुदवाई करवाने की बात कही। जबकि यह कार्य खनन माफिया द्वारा किया जा रहा है। खेत से सटी भूमि तालाब का आकार ले चुकी है। इससे उसे अपनी खड़ी फसल बर्बाद होने व बरसात में पानी भरने और खेत की मिट्टी धसकने की आशंका जताई है। खनन के कारण किसान को अपनी फसल की भी चिंता सता रही है। फिलहाल प्रार्थनापत्र दिए जाने के बाद भी किसान को कार्रवाई का इंतजार है। किसान ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट ने खनन अधिकारी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।



खेत के बगल में अवैध खनन से हुआ गड्ढा। अमृत विचार

- **जिले में धड़ल्ले से जारी है अवैध खनन, विभाग मौन**

## जर्जर पोल बदलने का काम होने से गुल रही बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** शुक्लागंज के श्रीनगर मोहल्ले में जर्जर एलटी पोल एक मकान के छज्जे पर झुक गया था। जिससे कभी भी हादसा हो सकता था। विभाग ने शुक्रवार को नया पोल लगाने का काम किया। इस दौरान एक सैकड़ा घरों की बिजली गुल रही।

श्रीनगर स्थित एक बिजली का पोल जर्जर होकर मकान की ओर झुक गया था। जिससे हादसा हो सकता था। क्षेत्रीय लोगों ने इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने दोपहर बारह बजे शट डाउन लिया और जर्जर पोल को हटाया। उसके स्थान पर नया पोल लगाया गया। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे के बाद कार्य पूरा हो सका। इस दौरान एक सैकड़ा घरों की बिजली गुल रही। पोनी रोड राजमार्ग किनारे लगा 100 केवीए ट्रांसफार्मर सुबह नौ बजे खराब हो गया।

# एडीजे ने जेल का निरीक्षण कर दी विधिक जानकारियां




जिला जेल में बंदियों को विधिक जानकारी देते सचिव। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने जिला जेल का निरीक्षण कर वहां की हकीकत देखी। इसके साथ ही जेल के बंदियों को कानूनी जानकारी भी दी।

एडीजे व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनीष निगम ने लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के डिप्टी चीफ रमेश चंद्र वर्मा के साथ शुक्रवार को जिला जिले का निरीक्षण किया। सचिव ने पुरुष व महिला बंदियों को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी दी। पैन इंडिया कैम्पेन-2024 के अंतर्गत अपराध के समय जिन बंदियों की उम्र 18 साल से कम थी। उनसे उम्र संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। इस दौरान बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों व उद्देश्य के बारे में भी बताया गया। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि जो भी बंदी निःशुल्क अधिवक्ता के लिए प्रार्थनापत्र प्रस्तुत करना चाहते हैं उनके कागजात कार्यालय भेजें। सभी को लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी।

### सार-संक्षेप

#### अलग-अलग हादसों में चार लोग गंभीर घायल

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव पिड़ना निवासी पंकज (25) पुत्र छब्बा परिवार के ही केशन की दो पुत्रियों आशा (19) व प्रीती (18) को अपनी रिस्तदारी गांव तकिया निगोही छोड़ने बाइक से जा रहा था। तभी शुक्रवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग पर अचानक सामने से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर में बंधे हल से उसकी बाइक टकरा गई। इसमें बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख पंकज को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, हरदोई जिला के गांव अटवा दसगवां निवासी मनमोहन अपनी पत्नी नीतू (30) को लेकर बाइक से बांगरमऊ से अपने गांव जा रहा था। तभी बीती गुरुवार देररात उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के अंडरपास के पास बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इससे पीछे बैठी पत्नी नीतू उछल कर सड़क पर जा गिरी और गंभीर घायल हो गई। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

#### डंपर की टक्कर से युवक गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**सफीपुर।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के सादुल्लापुर वर्करा गांव निवासी रामबाबू (35) पुत्र रामबाबू किसी काम से कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर जमालुद्दीनपुर गांव गया था। जहां वह पैदल रोड पर जा रहा था। तभी वहां से निकले डंपर ने उसे टक्कर मार दी। जिसमे वह गंभीर घायल हो गया। वहां मौजूद लोगों ने एंबुलेंस से उसे सीएचसी भेजा। जहां युवक का बायां हाथ बुरी तरह जख्मी होने पर डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल के परिजनों को सूचना देकर मौके पर बुलाया।

#### दहेज हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने पकड़ा

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मुर्तजापुर निवासी विनय की 21 वर्षीय पत्नी रेनू ने बीती 27 जनवरी को अपने कमरे में छत के हुक में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। सूचना पर रेनू की सास कुसुम ने मामले की जानकारी ग्राम प्रधान को दी थी। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेनू का शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मृतका के पिता क्षेत्र के गांव करीमुद्दीनपुर निवासी रामनाथ पुत्र खुमान ने कोतवाली में तहरीर देकर पति विनय, सास कुसुम, जेठ विनोद व मनोज के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में पिता ने आरोप लगाया था कि बेटी के ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं थे। पति, सास और जेठ उसकी बेटी रेनू को अक्सर प्रताड़ित कर रहे थे। इसीलिए ससुरालियों ने उसकी बेटी की हत्या कर शव फांसी पर लटका दिया। शुक्रवार को कोतवाली के दरोगा सुरेश सिंह व आरक्षी धर्मेंद्र ने मुखबिर की सूचना पर गांव ताजपुर निवासी विनय कुमार पुत्र शिवपाल को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के कलवारी मार्ग अंडरपास से दबोच लिया। पुलिस ने उसके विरुद्ध कार्यवाही कर उसे कोर्ट भेजा है।

#### मवेशी चोर समझ बंजारों के डेरे में पहुंचे युवकों की पिटाई

**उन्नाव।** अचलगंज थानांतर्गत घुमंतू बंजारों के डेरे में बंधे आवारा मवेशियों को देख उन्हें चोर समझ कर कुछ युवक वहां पहुंच गए। बदमाश समझ डेरे में मौजूद महिलाओं ने शोर मचाया तो ग्रामीणों ने युवकों की धुनाई कर दी। जान बचाकर भागे युवकों में एक की बाइक वहीं छूट गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और बंजारों को थाने लाकर पूछताछ कर रही है। बंजारों की टोली गुरुवार शाम मवेशियों के साथ अचलगंज के बेहटा नथई गांव के पास रुकी थी। ग्रामीणों ने बताया कि देररात तीन बाइकों में आठ युवक उनके डेरे में घुस आये और मवेशी चोर समझ रुपयों की मांग की। युवकों को डेरे में घुसा देख औरतों ने शोर मचा दिया। इस पर ग्रामीणों ने युवकों को घेरकर पीट दिया। जान बचाकर भागे युवकों में एक की बाइक नहर पर बन रहे पुल की सरियों में फंस गई। रात में ही पहुंची पुलिस तीन बंजारों को और बाइक थाने लाई।

# फास्ट टैग रिचार्ज को लेकर विवाद, कार सवारों को पीटा

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ राजमार्ग पर टोल बैरियर के पास अपनी गाड़ी में फास्टटैग लगाने के लिये गाड़ी रोकी को टैग में पैसे डालने को लेकर कहासुनी हो गयी तो टैग लगा रहे युवको ने गाड़ी में तोड़फोड़ कर दोनों युवको की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र दिया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है ।

लखनऊ से कानपुर जाने वाले कार सवार दीपक गुप्ता व आनन्द गुप्ता निवासी सैनिक नगर चकेरी कानपुर टोल से पहले रुके और अपने फास्ट टैग मे पैसे डालने के लिये वहां स्टाल लगाये युवको को 500 रुपये डालने के लिये कहां। उन लोगों ने 300 रुपये डाले। जिसे लेकर कहासुनी हो गई। फास्ट टैग लगाने वाले युवक उग्र हो गये और कार में तोड़फोड़ कर उन्हें भी पीटा।

## एक्सप्रेस-वे पर हादसे का शिकार युवक की नहीं हो सकी पहचान

**उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली अंतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किमी संख्या-284 पर बीते मंगलवार सुबह तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई थी। हसनगंज पुलिस उसकी पहचान कराने के प्रयास में जुटी थी। सफलता न मिलने और 72 घंटे बीतने पर शुक्रवार को अज्ञात में शव का पोस्टमार्टम कराकर उसका अंतिम संस्कार कराया गया।

# दहेज हत्या में पति को 10 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दहेज हत्या के आरोपी पति को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 10 हजार जुर्माना भी लगाया है। आदेश दिये कि जुर्माना जमा न करने पर उसे तीन माह और जेल में रहना होगा।

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पिंडोखा गांव निवासी गुरु प्रसाद ने अपनी बेटी अरसा की शादी सन-2018 में अजगैन के नवाबगंज निवासी अंशू से की थी। पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि दहेज की मांग को लेकर ससुरालीजन उसकी बेटी को प्रताड़ित करते थे। 10 अप्रैल-2020 को बेटी की मौत हो गई थी। इस पर पिता ने दामाद, सास, ससुर, जेठ व जेठानी सहित नौ लोगों के विरुद्ध दहेज़ के लिए प्रताड़ित करने और दहेज़ हत्या के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के बाद आईओ ने पति, सास, ससुर के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। शुक्रवार को मुक़दमे की अंतिम सुनवाई कोर्ट में पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य व दलीलों के आधार पर कोर्ट ने पति अंशू को दोषी मानते हुए 10 साल की सजा सुनाई है।



- **कोर्ट ने दोषी पर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया**

**आबो-हवा** | बैराज और मरहला की ओर जगह-जगह सड़क के किनारे मिट्टी के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए

# धूल से सरैयां-बैराज मार्ग पर चलना मुश्किल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सरैयां क्रासिंग पर आरओबी का कार्य होने के कारण मार्ग के दोनों ओर जेसीबी से खुदाई कराई गई है। इसके साथ ही बैराज और मरहला की ओर जगह-जगह सड़क के किनारे मिट्टी के ढेर लगे हुये। हवा चलने के साथ ही वाहनों के निकलने से धूल के गुबार उड़ने से लोगो का निकलना मुश्किल हो गया है। जिससे आने जाने वाले वाहन सवारों को खासी परेशानी उठानी पड़ रहा है। वहीं धूल के गुबार उड़ने से आस पास रहने वाले दुकानदार भी दमा और अन्य बीमारियों का शिकार हो रहे हैं।

बैराज मार्ग पर राज्यसेतु निगम और रेलवे विभाग की ओर से पिलर पायलिंग का कार्य कराया जा रहा है। बैराज मार्ग पर निर्माण के लिये मिट्टी डाली गई है। इसके साथ ही गड्ढों को भरने के लिये भी मिट्टी डालकर समतलीकरण किया गया है। इसी तरह बैराज मार्ग पर भी मिट्टी का ढेर लगे हुये हैं। जिससे वाहनों की आवाजाही के कारण डंप की गई मिट्टी के गुबार से लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल है। आस पास के लोगों ने बताया कि चौबीस घंटे धूल के गुबार उठने से हम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। दमा जैसी खतरनाक बीमारी का भी खतरा मंडारा रहा है। कार्य के दौरान यदि कार्यदायी संस्था पानी का छिड़काव करा दे तो इतनी धूल न उड़ और वाहन सवारों के अलावा हम लोगों को भी राहत मिलेगी। वहीं दुकानदारों ने बताया कि मिट्टी के गुबार से हम लोगों का जीना मोहाल हो गया है। कई बार कार्यदायी संस्था से पानी डलवाने को कहा है लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।



बैराज मार्ग पर इस तरह उड़ता है धूल का गुबार। अमृत विचार

### बोले डॉक्टर

"सड़क पर उड़ने वाली धूल से एलर्जी, अस्थमा, दमा और संक्रमित बीमारियों से राहगीर ग्रस्त हो सकते हैं। वहीं धूल से आंखों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

**-डॉ. रवि सचान, प्रभारी चिकित्साधिकारी पीएचसी**

## अज्ञात वाहन ने विछिप्त को रौंदा शिनाख्त नहीं हुई

**उन्नाव।** अचलगंज थानांतर्गत वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस पहुंची और शव की पहचान के प्रयास किए।

अचलगंज थानांतर्गत उन्नाव-लालगंज हाइवे पर भैसई नौबस्ता गांव के पास कई दिनों से करीब (48) साल का अधेड़ विक्षिप्त हालत में घूम रहा था। वह पास के ही एक ढाबे में साफ-सफाई कर देता था और खाना खाकर वहीं सो जाता था। शुक्रवार सुबह सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इसमें उसकी मौत हो गई। उधर से निकले बेथर गांव निवासी मोहित शुक्ला की सूचना पर एसओ मौके पर पहुंचे और उसकी शिनाख्त के प्रयास किए। लेकिन कोई उसकी पहचान नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि स्थानीय लोगों के अनुसार युवक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।

# नई रेलवे क्रासिंग चालू होते ही तेज हो गया आरओबी निर्माण का काम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- **वर्ष 2022 में शुरू हुआ था सरैयां आरओबी का कार्य**
- **अब रेलवे ने तेजी से पिलर बनवाना शुरू कराया**

**अमृत विचार।** बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर बनने वाले आरओबी का काम रोजाना जाम लगने के कारण प्रभावित हो रहा था, जिसे देखते हुये रेलवे ने नई रेलवे क्रासिंग बनवाई और उसे चालू करा दिया गया। क्रासिंग चालू होने के बाद रेलवे ने तेजी से पिलर बनवाने का काम शुरू करा दिया है।

सरैयां आरओबी का कार्य वर्ष 2022 में शुरू हुआ था, अगले साल कार्य पूरा करने का लक्ष्य दिया गया था, इस बीच आरओबी की लंबाई बढ़ाने के चलते कार्य कई महीने तक रूका रहा। इस बीच कार्य कर रही सेतु निगम लखनऊ की इकाई अन्य जगह कार्य करने चली गई और काम फिर बंद हो गया। वहीं रेलवे की ओर से कराये जा रहे काम भी जाम के कारण पिछड़ रहा था। जिसे देखते हुये हुये रेलवे की ओर से नई रेलवे क्रासिंग बनाई गई। सिग्नल का कार्य पूरा न होने के कारण क्रासिंग यातायात के लिये नहीं खोली गई। इधर रेलवे के अधिकारियों ने निरीक्षण किया और क्रासिंग का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिये थे। जिस पर बुधवार देर शाम कार्य पूरा करने के बाद रेलवे क्रासिंग को खोल दिया गया। जिसके बाद रेलवे ने उसी शाम को पिलर बनवाने का काम शुरू करा दिया था। रेलवे की ओर से तेजी से काम कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था की माने तो बरसात से पहले पिलर के नीचे का काम पूरा करा लिया जायेगा। बरसात के बाद ऊपर स्लेप का काम कराया जायेगा।




पिलर बनाने के लिये क्रेन से ले जाया जाता सामान। अमृत विचार

# विवाहिता व परेशान पिता ने फांसी लगा दी जान

## किन्हीं कारणों की वजह से बेटी का रिश्ता टूट गया था, इसे लेकर पिता काफी दिन से परेशान था

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत विवाहिता ने साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटककर जान दे दी। बच्चे को रोता देख सास कमरे पहुंची और बहू को लटका देख उसके होश उड़ गए। शोर मचाने पर परिजन पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पिता की सूचना पर सीओ पहुंची और जांच के बाद शव उतरवाया। घटना के समय विवाहिता का पति लखनऊ में था। वहीं वर पक्ष द्वारा शादी से इंकार करने से आहत पिता ने फंदे से लटककर जान दे दी। पिता का शव लटका देख बच्चों के होश उड़ गए। सूचना पर संबंधित थानों की पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।





दिवंगत विवाहिता व पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

बीघापुर कोतवाली व कस्बा के मोहल्ला गिरजा नगर निवासी मनोज की पत्नी पूनम (26) ने गुरुवार रात कमरे में लगे पंखे के कुंडे में साड़ी का फंदा गले में कसकर फांसी लगा ली। रात करीब 11 बजे उसके कमरे से बेटे आयंश के काफी देर से रोने की आवाज सुनकर सास रामदुलारी की आंख खुली तो वह कमरे में पहुंची। जहां बहू का शव फंदे से लटका देख उसने शोर मचाया। इस पर पड़ोसी व परिजन पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जानकारी पर सीओ माया राय व एसओ बीघापुर ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव फंदे से नीचे उतरवाया। इसी बीच जानकारी पाकर बारासगवर थानाक्षेत्र के भगवान खेड़ा निवासी विवाहिता के पिता शिवबहादुर बेटे विकास के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे।

मामला विवाहिता की मौत से जुड़ा होने से एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार अशोक शुक्ला की मौजूदगी में पंचनामा की कार्रवाई के बाद शुक्रवार को पैनल से डा. विमल आर्या व डा. उमेंद्र सिंह ने शव का पोस्टमार्टम किया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। विवाहिता का पति मनोज लखनऊ में एक बेकरी नौकरी करता है। वह करीब 15 दिन में घर आता था। बीती 13 फरवरी को वह घर आया था और दो दिन रुकने के बाद लौट गया था। 25 फरवरी को उसे एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने आना था।

पति ने बताया कि गुरुवार शाम छह बजे उसकी पत्नी से फोन पर बात भी हुई थी। पुलिस ने जांच के लिए फोन कब्जे में लिया है। पिता ने बताया कि उसने बेटी की शादी छह साल पहले की थी। उसने अभी कोई आरोप नहीं लगाया है। विवाहिता की मौत से उसके दो अबोध बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। एसओ अखिलेश तिवारी ने बताया कि परिजनों ने अभी कोई आरोप नहीं लगाया है। शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं माखी थानांतर्गत रायपुर गढ़ी गांव निवासी राम प्रकाश (48) की बेटी शादी तय थी। इसी 25 फरवरी को गोदभराई होनी थी। चर्चा है कि किन्हीं कारणों से बेटी का रिश्ता टूट गया था। इसे लेकर वह काफी परेशान रहता था। ग्रामीणों में चर्चा रही कि वर पक्ष ने शादी से इंकार कर दिया था। उसकी पत्नी बीती 15 फरवरी से अपने मायके में थी। गुरुवार रात राम प्रकाश ने जीने में निकली सरिया में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। सुबह बच्चों ने पिता को लटके देखा तो उनमें कोहराम मचा गया। शोर सुन पड़ोसी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की ओर से कोई आरोप नहीं है। दिवंगत खेती करता था और उसके चार बच्चे हैं। पति की मौत से पत्नी सोनी सहित सभी रो-रोकर बेहाल हैं।

## पति-पत्नी के विवाद को सुलझाकर कराया समझौता

**पुरवा।** बिहार थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि 10 फरवरी-2022 को पुरवा कोतवाली के एक गांव में शादी हुई थी। युवक ने कहा कि पत्नी के किसी से फोन पर बात करने का शक होने पर विवाद हो गया था। 16 फरवरी को पत्नी नाराज होकर अपने मायके चली गयी थी। रिश्ता टूटने की स्थित में पहुच गया।

जिस पर पीड़ित महिला ने महिला हेल्प डेस्क में इसकी शिकायत की। जिस पर महिला कर्मी समानता देवी ने दोनों पक्षों को बुलाया और दोनों को महिला हेल्प डेस्क में बैठाकर आपस पर वार्ता कराई। दोनों में रजामंदी होने पर महिला को पति के साथ ससुराल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि महिला हेल्प डेस्क की महिला कर्मी द्वारा समझाकर महिला को पति के साथ भेज दिया गया है। आपसी गलत फहमी के चलते दरार आई थी।

## सार-संक्षेप

### बच्ची ने निगला पांच रुपये का सिक्का, हायर सेंटर रेफर

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदपुर कट्टर के मजरा मल्लाहन पुरवा निवासी राकेश की 6 वर्षीय बेटी सहजल ने शुक्रवार को खेल-खेल में पांच रुपए का सिक्का निगल लिया। सिक्का बच्ची के गले में फंस गया। परिजनों को जब पता टला तो उनके होश उड़ गए। परिजन उसे आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाज़ुक देख बच्ची को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### युवती पर मधुमक्खियों ने बोला हमला, रेफर

**बांगरमऊ।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव माढ़ापुर के मजरा खजुरिया निवासी पिंटू की पुत्री प्रीती (20) शुक्रवार को अपने खेत जा रही थी। तभी रास्ते में अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के डंक से प्रीती गंभीर घायल हो गई। पिता पिंटू आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दबंगों ने पिता-पुत्र को पीटा

**उन्नाव।** दही थानांतर्गत राजेपुर गांव निवासी कौशल्या पत्नी लाल यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गुरुवार शाम सात बजे उसका बेटा सचिन घर जा रहा था। तभी पुरानी रंजिश के चलते आवास विकास कालोनी में सर्वेश, शेरा जायसवाल, साहिल, जय व गोलू ने उससे मारपीट की। सूचना पर पिता पहुंचा तो सभी ने लाठी-डंडों से उसे भी पीट दिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि शुक्रवार को भी दबंगों ने घर के बाहर गालीगलौज की। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। इस संबंध में थानाप्रभारी का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला की तहरीर पर दर्ज हुई मारपीट की रिपोर्ट

**पाटन।** बिहार थानाक्षेत्र के गांव पहाड़पुर में जमीनी मामले को लेकर हुई मारपीट में अंजू पत्नी ओम प्रकाश यादव ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि विपक्षी योगेश पुत्र शिव शरण ने जमीनी रंजिश को लेकर मुझसे गालीगलौज किया। मना करने पर उससे मारपीट की। अंजू की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। इसे लेकर एसओ शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

# गांव की समस्याएं सुलझाने के दिये गुर

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल व लैंगिक समानता पर विकासखंड सभागार में महिला प्रधानों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान व पंचायत लखनऊ मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महिला प्रधानों को बेहतर संचार, नेतृत्व व कार्य क्षमता के साथ ग्रामीण विकास हेतु प्रेरित किया गया। एडीओ मोनिका सिंह ने महिला ग्राम प्रधानों का स्वागत कर उन्हें अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया।




बैठक में महिला प्रधानों को जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

- महिला प्रधानों को कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह ने कहा कि महिला ग्राम प्रधान को अपने गांव में बेहतर ढंग से संवाद स्थापित कर समस्याओं को समझना चाहिये। जिससे समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने के साथ उनका निदान कराया जा सके। कहा कि समय-समय पर अपने गांव की समस्याओं से अवगत कराएं। जिससे उनका समय से निस्तारण कराया जा सके। प्रशिक्षक दीपक व अमीता यादव ने प्रधानों को गावों में समस्याओं के निराकरण के लिए बेहतर कार्य योजना तैयार करने के तरीके बताए। प्रधानों को महिला सशक्तीकरण के बारे में जानकारी देते हुए उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में पंचायती राज विभाग से निर्भय जायसवाल, मंडल समन्यवक समेत महिला प्रधान सुनीता रावत, माधुरी देवी, सुमन, सन्नो देवी आदि मौजूद रहे।

# गलत तरीके से ड्यूटी कर रहे छह कक्ष निरीक्षकों पर रिपोर्ट

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षा की प्रदेश टॉपटेन सूची में नाम दर्ज कराने वाले सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज रघुवंशपुरम के छह शिक्षक गलत विषय और योग्यता अंकित कर परीक्षा ड्यूटी करते पकड़े गए। डीएम के आदेश पर सभी शिक्षकों के खिलाफ सदर कोतवाली और राधानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की है।

डीएम ने गलत परिचय पत्र जारी करने के लिए डीआईओएस को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। तीन शिक्षक राजकीय इंटर कॉलेज फतेहपुर स्थित परीक्षा केंद्र और तीन शिक्षक स्वकेंद्र में कक्षनिरीक्षक की ड्यूटी करते पकड़े गए हैं। एडीएम ने बताया कि

- प्रदेश में टापटेन सूची में नाम दर्ज कराने वाला विद्यालय भी शामिल

निरीक्षण में राजकीय इंटर कॉलेज में तीन तीन स्वकेंद्र एसबीएम में ड्यूटी कर रहे थे। राजकीय इंटर कॉलेज फतेहपुर में तीन कक्ष निरीक्षकों के आईडी कार्ड पर अंकित उनके पढ़ाए जाने वाले विषय का नाम, शैक्षिक योग्यता तथा हस्ताक्षर गलत मिले। सरस्वती बाल मंदिर, रघुवंशपुरम में भी तीन कक्ष निरीक्षक ऐसे मिले हैं, जो स्वकेंद्र में ड्यूटी कर रहे थे। राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रमाकांत सिंह ने सदर कोतवाली में कक्षनिरीक्षक योगेश कुमार, सोहनलाल तिवारी, अवध कुमार के खिलाफ नकल अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।



कंपनी गेट पर प्रदर्शन करते कर्मचारी। अमृत विचार

# शीतल पेय कंपनी के विरोध में उतरे

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के जैतीपुर मार्ग पर स्थित एक शीतल पेय कंपनी के बाहर कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इसमें उन लोगों ने उनका निर्धारित वेतनमान देने की मांग की। कर्मचारी मुकेश की अगुवाई में

- कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

दर्जनों कर्मियों ने कंपनी के गेट पर प्रदर्शन शुरू किया। काफी देर तक प्रदर्शन चला रहा लेकिन, कंपनी का कोई भी अधिकारी उन लोगों से मिलने तक नहीं पहुंचा। इससे कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। वे अपना वेतन बढ़ाने के साथ अन्य कर्मचारियों को मिलने वाली सुविधाओं को दिलाने की मांग की। दूसरी ओर बिना सूचना दिये प्रदर्शन करने पर सोहरामऊ पुलिस ने कर्मचारियों पर बल प्रयोग कर धरना समाप्त कराया। साथ ही अपनी बात कंपनी के अन्दर जाकर अफसरों से कहने की बात कही।

# गंगा बैराज के किनारे झाड़ियों में अराजकतत्वों ने लगाई आग



बैराज के किनारे जंगल में धू-धूकर जलती झाड़ियां। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी के सामने अराजकतत्वों ने झाड़ियों में आग लगा दी। जिससे पतावर धू धू कर जलने लगी। जिससे आस पास गेंहू के खेतों तक आग पहुंच गई और फसल भी झुलस गई। इसके अलावा पेड़ पौधे भी आग की चपेट में आ गये।

शुक्रवार दोपहर बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी के पास शंकरपुर सरायं गांव के सामने अराजकतत्वों ने झाड़ियों में आग लगा दी। तेज हवाएं चलने के कारण आग दूर तक फैल गई। जिससे आस पास खेती किसानी करने वाले किसानों में हड़कंप मच गया। किसानों ने बालू डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान कई किसानों की गेंहू की फसल भी झुलस गई। वहीं बैराज मार्ग के किनारे खड़े छोटे-बड़े पेड़ पौधे भी झुलस गये। ग्रामीणों और किसानों ने बताया कि आस पास पानी न होने के कारण बालू और मिट्टी डालकर किसी तरह आग बुझाई है।

## किशोरी व युवती ने खाया जहरीला पदार्थ, गंभीर

**बांगरमऊ उन्नाव।** अज्ञात कारणों के चलते किशोरी व युवती ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन दोनों को सीएचसी लाए। जहां से दोनों को गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

कस्बा फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला बजरिया निवासी रामलखन की पुत्री रिचा (15) ने शुक्रवार दोपहर अज्ञात कारणों से घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजनों ने आनन-फानन उसे स्थानीय सीएचसी पहुंचाया। जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। इसके अलावा फतेहपुर चौरासी के गांव धन्ना पुरवा निवासी धर्मेंद्र की पुत्री आरती (21) ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# अब फाइनल में होगी पीकेसी और यूथ क्लब के बीच तगड़ी भिड़ंत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित 15वीं सुखदेव प्रसाद गुप्ता अंडर-16 लीग के तहत खेले गए लीग के अंतिम मैच में शुक्रवार को यूथ क्लब ने पीकेसी को 7 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

मैच के पूर्व पीकेसी के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों के मैच में 25.5 ओवर में 119 रन बनाए। इसमें कप्तान प्रद्युमन ने 32, शिवम ने 27 व साहिल ने 20 रन बनाए। यूथ क्लब की ओर से बालिंग करते हुए अद्भुत ने 4 और हिमांशू, अल्तमश व ओम शर्मा ने 1-1 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूथ क्लब ने वैभव के शानदार 58, सुयश सिंह के 21 व रोहित के 20 रनों की बदौलत 17.4 ओवरों में मात्र 3 विकेट




विजेता टीम के साथ आयोजक व अन्य। अमृत विचार

- जिला क्रिकेट एसोसिएशन आयोजित कर रहा सुखदेव प्रसाद गुप्ता अंडर-16 लीग

खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पीकेसी की ओर से बालिंग करते हुए प्रद्युमन ने 2 और अंकित ने 1 विकेट लिया।

मैच में मुख्य रूप से नवीन सिन्हा, शंकर श्रीवास्तव, अभिनव त्रिपाठी, राकेश अस्थाना, ओम मिश्रा मौजूद रहे। अंपायरिंग संदीप यादव व गाज़ी ने की ओर स्कोरिंग राज किशोर ने की। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पी के मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को यूथ क्लब व पीकेसी के बीच होगा।

# शातिर ने चाकू दिखा कर महिला से किया दुष्कर्म

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बच्चों के साथ अकेली रह रही महिला से गांव निवासी एक युवक ने चाकू दिखा कर दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने इसकी शिकायत कोतवाली जाकर पुलिस से की। वहां जब उसकी नहीं सुनी गयी तो महिला ने एसपी को शिकायतीपत्र दिया। एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक महिला अपने दो बच्चों के साथ अकेली रहती है। उसका पति मुम्बई में काम करता है। तीन दिन पहले रात में जब वह घर पर अकेली थी। तभी गांव का एक युवक उसके घर में घुस गया और चाकू की नोक पर उससे दुष्कर्म किया।

- अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में तीन दिन पूर्व हुई थी घटना
- कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज न होने पर महिला ने एसपी से की शिकायत

इस दौरान उसने महिला पर चाकू से कई वार भी किये। जिससे महिला को चोटें भी आई हैं।

पीड़ित सुबह शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची तो वहां उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद महिला ने इसकी शिकायत एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से की। एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने महिला से तहरीर लेकर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

आस्था का पर्व

श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने के लिए लगाई बैरीकेडिंग, घाटों पर चूने का किया गया छिड़काव

# माघ पूर्णिमा स्नान आज, पालिका ने घाट कराए चमाचम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** माघ पूर्णिमा स्नान पर नगर व दूर दराज से श्रद्धालु गंगा स्नान करने आते हैं। जिसको देखते हुए पालिका ने सभी घाटों की साफ सफाई करवाई है। सुरक्षा को देखते हुए नावें और गोताखोर भी तैनात किये गये हैं। जो गहरे पानी में स्नान करने वाले लोगों पर नजर रखेंगे। हालांकि गंगा में इस वक्त पानी कम है लेकिन कहीं कहीं बहुत गहरा पानी है।



घाटों पर साफ-सफाई करते सफाई कर्मी। अमृत विचार

माघ पूर्णिमा स्नान के एक दिन पहले पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर अतिरिक्त सफाई कर्मियों को लगाकर गंगा विशुन घाट, शिव घाट, मोनू घाट, बालूघाट, आनंद घाट, आदि घाटों की साफ सफाई कराई गई। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थाना प्रभारी रामफल प्रजापति ने मिश्रा कॉलोनी से लेकर जाजमऊ चंदन घाट तक सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया। इसके साथ ही पालिका की ओर से स्नानार्थियों के लिए सभी घाटों पर अलाव, चेंजिंग रुम, पानी का टैंकर, मोबाइल टॉयलेट आदि की व्यवस्था की गई है। वहीं नगर व आस पास के क्षेत्रों से हजारों लोग आज गंगा स्नान करने पहुंचेंगे। जिसके लिये सुबह से पालिका कर्मियों ने घाटों की साफ सफाई की और चूने का छिड़काव करने के साथ ही गंगा में बेरीकेडिंग लगाई है।

# मच्छरों से बचाव के लिए एंटी लार्वा का छिड़काव

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मच्छरों की भरमार को देखते हुये शुक्रवार को पालिका प्रशासन की ओर से वार्ड 17 में नाली और नालों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया।

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार को सफाई कर्मियों की टीम वार्ड 17 शक्ति नगर, द्विवेदी नगर मोहल्ले में पहुंची। जहां टीम ने साफ सफाई की। इसके साथ ही नाली-नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया। ईओ ने बताया कि मौसम




एंटीलार्वा का छिड़काव करता पालिका कर्मी।

बदलने से मच्छरों की भरमार हो गई है। अभियान चलाकर नगर के सभी वार्डों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया है।

# डीआरएम कह गए, लेकिन नहीं हुई सफाई

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ डीआरएम ने पिछले सप्ताह गंगाघाट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया था। जहां रेलवे कॉलोनी में गंदगी देख उन्होंने मातहतों को फटकार लगाई थी और साफ सफाई कराने के निर्देश दिये थे। एक सप्ताह बीतने के बाद भी अभी तक साफ सफाई नहीं हुई। कॉलोनी के आस पास फैली गंदगी के कारण वहां रहने वाले लोगों का जीना मोहाल हो गया है।

गंगाघाट रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्प किया जा रहा है। स्टेशन निर्माण की जगह को देखने के लिये पिछले सप्ताह लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा निजी शैलून से गंगाघाट स्टेशन पहुंचे थे। जहां उन्होंने अमृत स्टेशन योजना का कार्य देखा। जिसके बाद एक घंटे उन्होंने निरीक्षण किया। इस दौरान वह रेलवे कॉलोनी पर पहुंचे। जहां



कर्मचारी कॉलोनी में इस तरह फैली गंदगी। अमृत विचार

कॉलोनी में गंदगी देख उनका पारा हाई हो गया और उन्होंने फटकार लगाई थी। एक सप्ताह बीतने के बाद भी रेलवे कॉलोनी के आस पास साफ सफाई नहीं हो सकी है। जिससे वहां रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं कॉलोनी में रहने वाले रेल कर्मियों ने बताया कि कई बार साफ सफाई करने के लिये कहा गया लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसकी शिकायत डीआरएम से करेंगे। वहीं रेल कर्मी व कॉलोनी में रहने वाले राकेश शुक्ला के क्वाटर में डीआरएम पहुंचे थे। जहां उन्होंने साहब को अवगत कराते हुये कहा कि कई सालों से शौचालय में पल्ला नहीं लगा है और मुख्य गेट भी टूटा है। डीआरएम ने गेट लगवाने की बात कही थी। जिसका कार्य शुरू कराया गया है।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।


संपादकीय

# कूटनीति की ताकत

वर्ष 2024 वैश्विक राजनीति में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। अमेरिका और रूस-चीन के गठबंधन के बीच टकराव ही वैश्विक और क्षेत्रीय तनावों और समीकरणों की दशा-दिशा तय करेगा। आने वाले वर्षों में दुनिया के समीकरणों में बहुत अहम बदलाव होने जा रहे हैं। ये बदलाव भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक क्षेत्रों में भारत के तय उभार से और अधिक रेखांकित होंगे। दुनिया इस जटिल और उभरते भू-राजनीतिक मंजर के साथ तालमेल बिठाने के लिए जूझ रही है, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में सत्ता और निर्णय प्रक्रिया की ताकत के पारंपरिक संतुलन में बहुत बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं जिनसे वैश्विक प्रशासन में एक नए युग की शुरुआत का पता चलता है। चीन-भारत संबंध संतुलन की स्थिति में पहुंचना, इसे बरकरार रखना बड़ी चुनौती होगी। आर्थिक मोर्चे पर एक ऐसा समय आएगा जब चीन की अर्थव्यवस्था वृद्धि नहीं करेगी और भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को 'रायसीना संवाद' के एक परिचर्चा सत्र में चीन की 'चाल' के खिलाफ आगाह किया और कहा कि भारत को संतुलन की स्थिति पर बेहतर शर्तें पाने के लिए अन्य कारकों का उपयोग करने के अपने अधिकारों का परित्याग नहीं करना चाहिए।

मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में ऐसा बदलाव ला रहा है, जो स्थायी हैं। ये ऐसा तथ्य है, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक समीकरणों को नया आकार दे रहा है। रायसीना संवाद जियो-पॉलिटिक्स और भू-इकोनॉमी पर आधारित एक वार्षिक सम्मेलन है जिसका उद्देश्य दुनिया के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों का समाधान करना है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान एक बड़ी शक्ति के रूप में भारत की छवि उभर कर सामने आई। विवादास्पद मुद्दों के समाधान के लिए वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली में आमूल-चूल सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक नियम एकपक्षीय हित में नहीं होने चाहिए। अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था और आबादी, सामरिक रूप से अहम भौगोलिक स्थिति और बढ़ते प्रभाव की वजह से भारत, विश्व मंच पर अधिक अहम भूमिका निभाने जा रहा है। ये उभार न केवल भारत के अपने विकास का प्रतीक है, बल्कि ये एक व्यापक चलन यानी, अंतर्राष्ट्रीय मामलों को आकार देने में ग्लोबल साउथ की बढ़ती भूमिका का भी संकेत है। पिछले आठ सालों से इस सम्मेलन में करीब 100 देशों के प्रतिनिधि शामिल होते आए हैं। ऐसे में इस कार्यक्रम के जरिए भारत सरकार अपनी कूटनीतिक क्षमता को बढ़ा रही है। भारत सरकार इस कार्यक्रम के जरिए अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और मुद्दों को लेकर अपनी नीति दुनिया के सामने स्पष्ट करती है। सम्मेलन भारत की कूटनीतिक सफलता को दर्शाता है।

# विविधता का रसायन और उसकी अनिवार्यताएं



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

विविधता को संभाले हुए एक होकर जीने की पद्धति हमारे हजारों साल के सहजीवन की उपलब्धि है। विविधता और एकता के इस सामंजस्य को जो नहीं समझता और किसी कारणवश इस देश के प्रति परायेपन का भाव बनाए रखना चाहता है, अस्मिताओं के उभार के इस युग में उसका भविष्य उत्तरोत्तर विषम होता जाने वाला है।

बहुत संभव है ये ध्वनियां भिन्न-भिन्न भागों में बोली जानी वाले भिन्न-भिन्न प्राकृत रूपों से आई हों। कुछ लोगों को भ्रम है कि संस्कृत के तत्सम शब्द प्राकृत से होते हुए आज की भाषाओं और बोलियों में तद्भव रूप में आए हैं। संस्कृत और प्राकृत दो समांतर धाराएं हैं, जो जाने कब से साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं। सामान्यजन हमेशा भिन्न-भिन्न क्षेत्र की भिन्न-भिन्न प्राकृत (जिनमें से क्षेत्र विशेष की प्राकृत का नाम पाली था) में ही बोलते थे। संस्कृत पढ़े-लिखे लोगों की बोलने और लिखने की भाषा थी और देशभर में उन्हीं लोगों के बीच संपर्क-भाषा भी थी। किसी-किसी काल में किसी-किसी राजनीतिक इकाई में प्रशासन की भाषा भी थी। इसीलिए संस्कृत में लिखा साहित्य और शास्त्र पूरे देश में पढ़ा-पढ़ाया जाता था और उसका अधिकांश अभी तक जीवित है। वैदिक संस्कृत के काल में भी सामान्यजन में प्राकृतों के प्राचीन रूप बोले जाते रहे होंगे।

यह बहुत पुराना देश है और बहुत विविधताओं का देश है। यहां सबके लिए जगह है। सहिष्णुता इसके जींस में है। एकरूपता यहां एक बेगानी चीज है, जो भी यहां आया और इसे अपनी धरती समझकर बस गया, इसने सबको अपना लिया। उनके देवी-देवता, उत्सव-त्योहार भी अपना लिए। मेरे बचपन तक कुछ फकीर-जैसे दिखते लोग गाजी मियां का निशान (झंडा) उठाए, गांव-गांव घूमते, सतरिख (बाराबंकी) की यात्रा पर जाते थे। औरतें गाजी मियां की मानता मानती थीं और मानता पूरी होने पर सतरिख की यात्रा करने के बजाय इन्हीं निशान उठाने वालों की मार्फत अपना चढ़ावा भेज देती थीं। ये निशान उठाने वाले मानता मानने वालों के लिए स्वयं सेवक का काम करते थे।

गाजी मियां (गाजी सैयद सालार मसूद) एक ऐतिहासिक व्यक्ति हैं। वे महमूद गजनवी के भांजे थे और गाजी (धर्मयोद्धा) थे तो इस्लाम के विस्तार के लिए युद्ध करने अपने मामा महमूद गजनवी के साथ भारत आए थे। उस समय उनकी उम्र बहुत कम थी, यही 16 साल के करीब। सतरिख (बाराबंकी) वह जगह थी जिसे अपना सदर मुकाम बनाकर सालार मसूद बहराइच, हरदोई और बनारस के राजाओं से युद्ध कर रहे थे। उनके पिता सैयद सालार साहू की सतरिख में ही मृत्यु हुई थी। बाद में सालार मसूद बहराइच के राजभर राजा सुहेलदेव से हुए युद्ध में पराजित और गंभीर रूप से घायल हो गए। बहराइच में ही उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के समय उनकी उम्र महज 20 साल थी।

किंवदंती है कि सालार मसूद अपने मामा महमूद गजनवी के ठीक विपरीत, संत स्वभाव के आदमी थे। अभी तक सतरिख में उनकी गद्दी पर धूनी जलती है और हिंदू तथा मुसलमान दोनों उसका दर्शन करने जाते हैं। संत और फकीर में इस देश के लोग भेद नहीं करते थे, खासकर औरतें जिनके बहुत सारे दुःख और बहुत तरह के दुःख होते थे। बच्चों पर संकट के समय तो वे किसी से भी मिन्नत-आरजू करने, गिड़गिड़ाने को तैयार हो जाती थीं। मानता मानना उसी का हिस्सा था। आस-पड़ोस में, नाते-रिश्तेदारी में किसी विशेष की मानता से राहत की खबर हवा में उड़ती रहती थी। वहीं से वे उसे पकड़ लेती थीं और खुद विपत्ति में पड़ने पर उसे त्राता के रूप में याद करती थीं, उससे याचना करती थीं, उसकी मानता मानती थीं। विपत्ति से छुटकारा मिलने पर मानता पूरी करने को लेकर फिक्रमंद रहती थीं, उसे एक देय कर्ज की तरह याद किए रहती थीं और मौका मिलते ही पूरी करने निकल पड़ती थीं। गाजी मियां एक सुविधाजनक त्राता थे जिनकी मजार तक जाने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि उनके स्वयं सेवक गांव-गांव घूमते थे।

मुहर्रम पर मेरे गांव के बगल के गांव में ताजिया उठता था और दोपहर बाद एक बाग में मेला लगता था। सौदा-सुलफ के अलावा उस मेले का खास आकर्षण कुश्ती और 'लकड़ी' का खेल होता था। लकड़ी दरअसल गतके को कहते थे, जो एक छोटा डंडा होता था जिस पर चमड़े का खोल चढ़ा रहता था। प्रहार और आत्मरक्षा की फुर्ती का बहुत सधा हुआ खेल था जिसमें किसी को चोट नहीं लगती थी, लेकिन अपनी तेज गतिशीलता से खिलाड़ी दर्शकों को रोमांचित कर देते थे। जोड़ियों पर जोड़ियां उतरती जाती थीं और हम हर बार नए-नए दांव-पेंच के प्रदर्शन से अभिभूत एकटक देखते रहते थे। हमारे यहां बोली जाने वाली अवधी में अरबी-फारसी के सैकड़ों शब्द दाखिल होकर इस कदर घुलमिल गए हैं कि लगता ही नहीं, ये अवधी के नहीं हैं, कभी बाहर से आए होंगे। बस गैर-पढ़े-लिखे लोग क, ख, ग, ज, फ की नुक्तेवाली ध्वनि का उच्चारण नहीं कर पाते। हिंदू और मुसलमान दोनों अवधी बोलते हैं। पढ़े-लिखे गैर पढ़े-लिखे सभी। पढ़े-लिखे मुसलमानों की बस यही पहचान है कि वे अवधी में बोलते समय भी बाकायदे नुक्ते की ध्वनि के साथ बोलते हैं। ये ध्वनियां हमें कब और कहां-कहां से मिली होंगी? धीरे-धीरे कुछ खो भी गई होंगी। संस्कृत के मूर्धन्य ष और ऋ और लृ का उच्चारण हम भूल चुके हैं, लेकिन हिंदी में भी कुछ ऐसी ध्वनियां हैं, जो संस्कृत में नहीं हैं। जैसे ड़ और ढ़। संस्कृत में केवल ड और ढ की ध्वनि है जब कि हिंदी में ड और ड़ तथा ढ और ढ़ की अलग-अलग ध्वनियां हैं। मराठी में ड़ और ल के बीच एक और ध्वनि है, जो इधर बहुत प्रचलित है। वह है ळ। यहां मराठी लोग जब इस ध्वनि का उच्चारण करते हैं, बहुत ध्यान से सुनने के बावजूद हम अंतर को इस तरह नहीं पकड़ पाते कि उसे बोल भी सकें। ध्वनियों की और शरीर के ध्वनि-यंत्रों की विविधता का भी यह देश है।

बहुत संभव है ये ध्वनियां भिन्न-भिन्न भागों में बोली जानी वाले भिन्न-भिन्न प्राकृत रूपों से आई हों। कुछ लोगों को भ्रम है कि संस्कृत के तत्सम शब्द प्राकृत से होते हुए आज की भाषाओं और बोलियों में तद्भव रूप में आए हैं। संस्कृत और प्राकृत दो समांतर धाराएं हैं, जो जाने कब से साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं। सामान्यजन हमेशा भिन्न-भिन्न क्षेत्र की भिन्न भिन्न प्राकृत (जिनमें से क्षेत्र विशेष की प्राकृत का नाम पाली था) में ही बोलते थे। संस्कृत पढ़े-लिखे लोगों की बोलने और लिखने की भाषा थी और देशभर में उन्हीं लोगों के बीच संपर्क-भाषा भी थी। किसी-किसी काल में किसी-किसी राजनीतिक इकाई में प्रशासन की भाषा भी थी। इसीलिए संस्कृत में लिखा साहित्य और शास्त्र पूरे देश में पढ़ा-पढ़ाया जाता था और उसका अधिकांश अभी तक जीवित है।

वैदिक संस्कृत के काल में भी सामान्यजन में प्राकृतों के प्राचीन रूप बोले जाते रहे होंगे। अवधी सहित यहां की बोलियों का इतिहास लौकिक संस्कृत से अधिक प्राचीन है। पता नहीं, अवध के गांवों के गैर-पढ़े-लिखे लोग चार धाम बनने के शुरू के चरण में जब रामेश्वरम और जगन्नाथ पुरी की यात्रा पर जाते रहे होंगे, उनका काम कैसे चलता रहा होगा? अब तो वहां के स्थानीय लोगों के पॉकेट्स हैं, जहां सभी धड़ल्ले से हिंदी बोलते-समझते हैं।

विविधता को संभाले हुए एक होकर जीने की पद्धति हमारे हजारों साल के सहजीवन की उपलब्धि है। विविधता और एकता के इस सामंजस्य को जो नहीं समझता और किसी कारणवश इस देश के प्रति परायेपन का भाव बनाए रखना चाहता है, अस्मिताओं के उभार के इस युग में उसका भविष्य उत्तरोत्तर विषम होता जाने वाला है।

प्रसंगवश

# क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं



संजय वर्मा
इंदौर

आखिर सफलता की कहानियां हमें किस तरह प्रभावित करती हैं? बात इसलिए जरूरी है, क्योंकि हम इंसान सदियों से अपने बच्चों को कहानियां सुनाते हैं। क्योंकि हम मानते हैं कि दूसरे लोगों की सफलता हमारे बच्चे को और मेहनत करने की प्रेरणा देगी, पर क्या बच्चे सचमुच मोटिवेट होते हैं? या और ज्यादाहीन महसूस करने लगते हैं।

मनोविज्ञान में एक शब्द है 'सिग्निफिकेंट अदर्स'। मतलब अजनबी लोगों के इस संसार में वे कुछ नजदीकी लोग, जो हमारे लिए मायने रखते हैं। ऐसा समझें कि यदि कोई अजनबी गरीब बच्चा कलेक्टर बन जाए तो मुझे प्रेरणा मिल सकती है, पर मेरा चचेरा भाई तहसीलदार भी बन गया तो मुझे ईर्ष्या होगी, मैं छोटा महसूस करूंगा? मतलब सफलता की कहानी प्रेरणा तो देगी, लेकिन वह नजदीकी लोगों की नहीं होनी चाहिए।

वहीं दूर के लोगों की कहानी सुनकर इंसान बेहतर बनता है यह मानना भी मुश्किल है। यदि ऐसा होता तो राम की मर्यादा, शिवाजी का साहस और हरिश्चंद्र के त्याग की कहानी सुनकर बड़े हुए बच्चे इतने बेईमान, झूठे और स्वार्थी कैसे हो जाते हैं? अब्दुल कलाम आजाद की गरीबी से निकलकर वैज्ञानिक बनने की कहानी सुनकर कितने बच्चे वैज्ञानिक बने? तो क्या हम मान लें कहानियां अपने मकसद में नाकामयाब रही हैं? अगर कहानी नहीं है तो फिर वह क्या है जिससे हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है? और अगर कहानी अपने मकसद में नाकामयाब रही है तो फिर हम कहानियां क्यों सुनाते हैं?

मेरा अपना मानना है कि किसी असफल या लो फील कर रहे बच्चे को किसी और की सफलता की कहानी सुनाकर आप उसे जलील कर सकते हैं, मोटिवेट नहीं कर सकते। अपने तीस साल के व्यावसायिक जीवन में मैंने दसियों बच्चों को ट्रेंड किया। उनमें से ज्यादातर लोग आज कामयाब हैं। मेरा अनुभव कहता है, लोग दूसरों की नहीं खुद अपनी सफलता से मोटिवेट होते हैं। हौसला देने से आगे बढ़ते हैं, कहानियों से नहीं। मुश्किलों से घिरा इंसान उस टूटे कुंए की दीवार है जिसमें से हर नई सफलता की कहानी एक और ईंट उखाड़ ले जाती है।

# आस्था से खिलवाड़ क्यों



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

मामला सिलीगुड़ी के सफारी पार्क का है। विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता को दिया गया है। इस शेर-शेरनी के जोड़े को हाल ही में त्रिपुरा के सेपाहिजला जूलॉजिकल पार्क से कोलकता लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शेरों का नाम नहीं बदला है। यहां आने से पहले ही (13 फरवरी को) उनका नाम रखा जा चुका था। जबकि वीएचपी का कहना है कि शेरों का नाम राज्य के वन विभाग ने रखा था।

मान्य अवधारणा है की देवी नाम केवल मनुष्यों को ही दिए जाते हैं। मगर सिलिगुड़ी वन्यप्राणी उद्यान में शेर और शेरनी का नाम अकबर और सीता पर रख दिया गया। भला ऐसी बेजा हरकत किस इशोपासक को गवारा होगी? अतः स्वाभाविक है कि विश्व हिंदू परिषद ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को दोषी और संवेदनहीन करार दिया। परिषद की बंगाल शाखा ने इसे हिंदू धर्म का अपमान बताते हुए, कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगा दी। अदालत ने 20 फरवरी को सुनवाई की। शेरों के जोड़े का नाम बदलने का आदेश दिया है। साथ ही अदालत ने शेरनी का नाम सीता रखने और शेर को अकबर नाम देने को लेकर बंगाल सरकार से जवाब मांगा है।

मामला सिलीगुड़ी के सफारी पार्क का है। विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता को दिया गया है। इस शेर-शेरनी के जोड़े को हाल ही में त्रिपुरा के सेपाहिजला जूलॉजिकल पार्क से कोलकता लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शेरों का नाम नहीं बदला है। यहां आने से पहले ही (13 फरवरी को) उनका नाम रखा जा चुका था। जबकि वीएचपी का कहना है कि शेरों का नाम राज्य के वन विभाग ने रखा था। 'अकबर' के साथ 'सीता' रखना हिंदू धर्म का अपमान है।

इस मामले में राज्य के वन अधिकारियों और सफारी पार्क निदेशक को मुकदमें में पक्षकार बनाया गया है। सिंगल बेंच के जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने पश्चिम बंगाल सरकार से कहा कि वह शेर-शेरनी को कोई दूसरा नाम देने पर विचार करें, ताकि विवाद को शांत किया जा सके। अदालत ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में लोग सीता की पूजा करते हैं। वहीं अकबर एक कुशल, और सफल मुगल सम्राट था।

अदालत ने कहा : 'वकील साहब, क्या आप खुद अपने पालतू जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान या मुस्लिम पैगंबर के नाम पर रखेंगे। मुझे लगता है, अगर हम में से कोई भी अधिकारी होता तो हममें से कोई भी उनका नाम अकबर और सीता नहीं रखता। क्या हम में से कोई रवींद्रनाथ टैगोर के नाम पर किसी जानवर का नाम रखने के बारे में सोच सकता है? इस देश का एक बड़ा वर्ग सीता की पूजा करता है।'

एडिशनल एडवोकेट जनरल ने अदालत को बताया कि पश्चिम बंगाल ने इन जानवरों को कोई नाम नहीं दिया है। त्रिपुरा चिड़ियाघर के अधिकारियों ने दिए थे। इस पर अदालत ने कहा:'धार्मिक देवता या ऐतिहासिक रूप से सम्मानित व्यक्तित्वों के नाम पर शेरों का नाम रखना अच्छा नहीं है। राज्य पहले से ही कई विवादों को देख रहा है। यह विवाद एक ऐसी चीज है जिससे बचा जा सकता है।'

अधिवक्ता ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि शेरों को नए नाम दिए जाएं, लेकिन उन्होंने अदालत से याचिका खारिज करने का भी आग्रह किया। इस पर अदालत ने कहा, 'चूंकि शेरों के नाम लिए गए हैं। याचिकाकर्ता दावा कर रहे हैं कि इससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसलिए मामले की जांच करनी होगी, लेकिन यह एक जनहित याचिका के तौर पर होगी।' अदालत ने आदेश दिया कि याचिका को जनहित याचिका के रूप में लिया जाए। इसे उस खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, जो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करती है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा: 'कृपया विवाद से बचें अपने अधिकारियों से इन जानवरों का नाम बदलने के लिए कहें। किसी भी जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान, मुस्लिम और ईसाई पैगंबर, महान पुरस्कार विजेताओं, स्वतंत्रता सेनानियों आदि के नाम पर न रखें।'

न्यायमूर्ति ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार के वकील विवाद से बचने के वास्ते चिड़ियाघर अधिकारियों से शेर और शेरनी को अलग-अलग नाम देने के लिए कहें। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हर समुदाय को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। जस्टिस भट्टाचार्य ने पूछा: 'आपको सीता और अकबर के नाम पर एक शेरनी और एक शेर का नाम रखकर विवाद क्यों खड़ा करना चाहिए?'

सोशल फोरम

# दिल्ली घेरने की जिद



मनोज कुमार
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

पंजाब की सीमा पर पंजाब के तथाकथित किसानों का जमावड़ा है। इनमें कुछ अन्य प्रदेशों के आधारहीन और अराजकता में अपने लिए कुछ लाभ देखने वाले नेता भी शामिल हैं। यह भी एक किस्सा है कि चुनाव से बिल्कुल पहले केंद्र सरकार और मोदी को असहज करने के लिए यह षडयंत्र कांग्रेस द्वारा रचा गया है जिसमें कुछ आंदोलन आयोजित करने वाले व्यवसायी भी शामिल हैं। जाहिर है कि कनाडा और सीआईए भी इस आंदोलन में रुचि ले रहे हैं।

आंदोलनकारियों की दो मुख्य मांगें हैं। पहली मांग है न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून बनाया जाए। मतलब जो कोई भी इस मूल्य से कम पर कृषि उत्पाद खरीदे उसे दंडित किया जाए। दूसरी मांग है स्वामीनाथन कमेटी की संस्तुति के अनुसार कृषि उत्पाद के मूल्य निर्धारित किए जाएं। इस कमेटी के अनुसार मूल्य उत्पादन पर हुए व्यय का डेढ़ गुना होना चाहिए। आंदोलनकारी केंद्र सरकार से अपनी मांग मनवाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं और केंद्र के निर्देश पर इन्हें हरियाणा में प्रवेश से रोका गया है जिस पर इन्होंने सड़क पर बैठकर रास्ता बंद कर दिया है। पंजाब की आप पार्टी की सरकार इन्हें पूरा सहयोग दे रही है जिसके कारण इन्हें हरियाणा सीमा तक आने में कोई कठिनाई नहीं हुई।

केंद्र सरकार के तीन मंत्री लगातार वार्ता के लिए उपलब्ध रहे हैं, पर कोई समझौता नहीं हो पाया। आंदोलनकारी दिल्ली जाने और दिल्ली का घेराव करने पर अडिग हैं। इस पूरे प्रकरण में मैं एक बात से हैरान हूं। कृषि तो भारत के संविधान के अनुसार राज्य का विषय है।

कृषि उत्पाद का उचित मूल्य दिलाना तो राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। केंद्र सरकार इसमें कहां से आ गई? केंद्र तो एक अच्छे खरीदार की भूमिका में है और एक न्यूनतम मूल्य पर खरीद करती है। राज्य चाहे तो उससे अधिक मूल्य दे सकता है। हैरानी इस बात की है कि केंद्र सरकार भी यह नहीं कह रही। अगर वह ऐसा स्टैंड लेते हैं तो इस आंदोलन का आधार ही समाप्त हो जाएगा और अगर फिर भी कोई दिल्ली घेरने की जिद करता है तो उसके प्रति की गई हर कार्यवाही न्यायसंगत होगी।

-फेसबुक वॉल से

# नायकत्व ने पुतिन में अहंकार और आत्ममुग्धता पैदा की



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए यह ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था, 'रोटी मौलिक जरूरत है, लेकिन अगर हम मनुष्य हैं तो हमें विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहिए।

पुतिन की तानाशाही के मुखर विरोधी रहे एलेक्सी नवेलनी की रूस की एक जेल में रहस्यमय मौत हो गई। महज 48 वर्ष की उम्र में। दुनिया ने इस मौत का संज्ञान लिया। कई विशेषज्ञों ने इसे 'राजनीतिक हत्या' की संज्ञा दी, लेकिन रूस के टीवी चैनलों ने अपनी न्यूज बुलेटिन के अंत में बेहद तटस्थ स्वरों में एक लाइन में उनकी मौत की खबर दी जो ' फर्जीवाड़े के आरोप में' जेल में बंद थे। हालांकि रूस के कई शहरों में इस घटना के विरोध में शोकसभाएं आयोजित हुईं, प्रदर्शन किए गए जिनका पुलिस ने सख्ती से दमन किया। कितने सारे लोग जेल में डाल दिए गए, कितनों को कोर्ट ने पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

अलेक्जेंडर सोल्जेनित्सिन ने इस रूस की कल्पना तो नहीं ही की होगी, जो सोवियत संघ के दौर में जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए मुखर रहे एक बड़े लेखक थे। उन्हें कम्युनिस्ट तानाशाही के खिलाफ बोलने-लिखने के कारण अमेरिका में लंबा निर्वासन झेलना पड़ा। उनके उत्कृष्ट लेखन के लिए उन्हें साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। सोवियत पराभव और विखंडन के बाद वे रूस लौटे, लेकिन जल्दी ही नए रूस में भी उनका मोहभंग होने लगा।

एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए यह ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था, 'रोटी मौलिक जरूरत है, लेकिन अगर हम मनुष्य हैं तो हमें विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहिए। हमें ऐसे बुद्धिजीवियों की बहुत जरूरत है, जो देश की राजनीतिक संस्कृति को मनुष्यता और नागरिक अधिकारों के साथ देख सकें, उन्हें मुखर समर्थन दे सकें। जिस देश और समाज के बुद्धिजीवी सत्ता का विश्लेषण करने में साहस और ईमानदारी से काम नहीं लेंगे, उसका नैतिक पतन दूर नहीं रह जाएगा। फिर अलग तरह की तानाशाहियों से हम मुकाबिल होंगे, जो जनता के हितों को कुछ चंद मुट्ठियों में कैद कर देंगी।' रूस ने सोल्जेनित्सिन की आशंकाओं को सही साबित किया। सोवियत विघटन के बाद जर्जर और बेहाल रूस वाया येल्तसिन पुतिन के दौर में पहुंचा। देश ने धीरे-धीरे आर्थिक स्थायित्व हासिल किया, सामरिक आधार तो था ही, पुतिन ने उसे नई आक्रामकता और विस्तार दिया। वे नए नायक बन कर उभरे। इस नायकत्व ने पुतिन में अहंकार पैदा किया, आत्ममुग्धता पैदा की और सत्ता में येन केन प्रकारेण बने रहने की लिप्सा जगाई। नई सदी के रूस में नए उद्योग घराने उभरे जिनके लिए व्यावसायिक लाभों की खातिर नैतिकता और मानवीय शुचिता कोई मायने नहीं रखती थी। वे पुतिन के बन गए पुतिन उनके हो गए।नया दौर था टेक्नोलॉजी का जमाना, मीडिया के न जाने कितने रूप। ऊपर से सोशल मीडिया का सर्वव्यापी प्रसार। कितना भी प्रतिबंधित करो, कभी इधर से तो कभी उधर से सूचनाओं और विचारों का कोई झोंका आ ही जाता, जो प्रतिरोध की भावनाओं को बल दे सकता था। नए दौर में नेताओं को ब्रांडिंग की जरूरत अधिक ही महसूस होने लगी। पुराने दौर वालों से बहुत ज्यादा। पुतिन और उनके निकट के सलाहकारों ने भी इस जरूरत को शिद्दत से महसूस किया। फिर तो एक से एक कंपनियों की लाइन लग गई, जो पुतिन के लिए एक से एक पेशकश के साथ खड़े थे'हम आपकी ऐसी छवि बना देंगे जो आपको देश का पर्याय बना देगी।

करोड़ों डॉलर, बोले तो रूबल, झोंके जाने लगे हाड़ मांस के उस नश्वर जीव की छवि के निर्माण के लिए। सर्वत्र पुतिन ही पुतिन...रूस के 'पुराने वाले वैभव' को लौटाने का और 'नया रूस' बनाने का संकल्प दुहराते हुए, तिहराते हुए। रूस के कई विपक्षी नेता जेलों में बंद हैं। किसी पर कोई आरोप, किसी पर कुछ और आरोप, जो जितना साहसी प्रतिरोधी, उस पर उतने ही सख्त आरोप। कोई नहीं बता सकता कि आरोप कितने वास्तविक हैं कितने राजनीतिक। पुतिन के सहयोगी समर्थक कॉर्पोरेट घरानों की बढ़ती संपन्नता की रूस में ही नहीं, दुनिया में तूती बोल रही है। कुछ खास कॉर्पोरेट घरानों पर आरोप हैं कि पुतिन के समर्थन सहयोग के एवज में वे देश के संसाधनों पर अपना कब्जा बढ़ाते गए हैं। पुतिन ने रूस को संभाला, उसे फिर से खड़ा करने में बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने आत्मविश्वास खो चुके देश में नए विश्वास का संचार किया, लेकिन उनके दौर ने रूस में भयानक रूप से बढ़ती आर्थिक असमानता देखी, नागरिक अधिकारों के दमन का नया दौर देखा, बाजार पर कॉर्पोरेट का सत्ता संरक्षित नाजायज कब्जा देखा, क्या-क्या नहीं देखा।

ब्रांड की कैद में घिरे नेता की चमक बढ़ती गई, बाजार पर खास लोगों का कब्जा बढ़ता गया। अब ब्रांडिंग का जलवा देखना समझना हो तो पेप्सी और कोका कोला को ही देखें जिनके बारे में दुनियाभर के आहार विशेषज्ञ चेतावनी देते रहे कि यह संकट है, लेकिन उन कंपनियों ने भारत जैसे विशाल बाजार में आकर गंध मचा ही दी। कौन सुपरस्टार, कौन क्रिकेट स्टार, कितने-कितने स्टार उसके मार्केटिंग एजेंट बन करोड़ों कमाते रहे और पब्लिक उस मीठे जहर के घूंट लेती नकल में दुहराती रही...'पेप्सी अहा'। पुतिन कुछ संभाल कर, अधिक बिखरा कर, गिरा कर दृश्य से ओझल होंगे एक दिन। कितने महामानव तो ऐसे हैं जिन्होंने संभाला क्या इस पर तो बहस है, लेकिन बिखराया क्या, गिराया क्या, यह सब देख रहे हैं। अंतर यही है कि बड़े ही जतन से गढ़ी गई उनकी चेतना उन्हें इन बिखरावों, इन गिरावटों पर कूदने और हर्षित होने लायक ही बनाकर छोड़ती है।

# समतल हो गई दुनिया



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

बिल गेट्स (दुनिया के बहुत अमीर, माइक्रोसॉफ्ट के मालिक) कहते हैं कि माइक्रोसॉफ्ट में वे केवल एक ही बात जानते हैं: चार वर्षों में, उनके द्वारा बनाया गया प्रत्येक उत्पाद अप्रचलित हो जाएगा। एक मात्र सवाल यह है कि क्या माइक्रोसॉफ्ट इसे अप्रचलित कर देगा या इसका कोई प्रतिस्पर्धी इसे अप्रचलित कर देगा। यदि माइक्रोसॉफ्ट इसे अप्रचलित कर देता है तो कंपनी फलेगी-फूलेगी। यदि इसका कोई प्रतिस्पर्धी इसे अप्रचलित कर देता है तो माइक्रोसॉफ्ट संकट में पड़ जाएगा।

हम जब भी भवाली से हल्द्वानी जाते हैं, रास्ते की घड़ी बनाने की अपने समय की मशहूर एचएमटी कंपनी यही कहानी मुझे बार-बार याद दिलाती है। सब उजाड़ सा है वहां अब। ऐसे ही मेरे जिले रायबरेली की टेलीफोन फैक्ट्री। वहां पड़ोस के जनपद कानपुर की कपड़ा मिलें। मोबाइल के क्षेत्र में नोकिया, जो समय के साथ नहीं दौड़ेगा, वह पिछड़ जाएगा। वैसे अब दुनिया समतल हो गई है और दुनिया के दृष्टिकोण से देखें तो मैन्यूफैक्चर सेक्टर में देश पिछड़ रहा है। चीन तो बहुत आगे निकल ही गया था, अब कपड़ा उद्योग में बांग्लादेश कमाल कर रहा है, हमसे बहुत आगे हो गया, उसकी जीडीपी रफ्तार भी हमसे आगे है। अब कारण मत पूछिएगा, न आपको सुनते अच्छा लगेगा, न मुझे बताते।



लोहिया अस्पताल में भर्ती घायल। अमृत विचार



घायलों को देखते डीएम व अन्य। अमृत विचार



सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी को व्यथा सुनाते कल्पवासी।

# रामनगरिया मेले में लगी आग, किशोर की मौत

## सात कल्पवासी झुलसे, डीएम व एसपी के पहुंचने से पहले ही पुलिस ने मृत किशोर को एंबुलेंस से मॉर्च्युरी भिजवाया

कार्यालय संवाददाता,फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गंगा तट पांचाल घाट पर लगे माघ मेला रामनगरिया में गुरुवार आधीरात के बाद आग लग गई। घटना में एक किशोर की जलकर मौत हो गई जबकि 7 लोग झुलस गए। आग से 50 से अधिक कल्पवासियों की दुकानें व राऊटी (तंबू), दो-तीन रसोई गैस सिलिंडर फट गए व दो बाइके जल गईं। घटना में झुलसे लोगों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन गंभीर झुलसे लोगों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। डीएम व एसपी के पहुंचने से पहले ही पुलिस ने एक किशोर को मृत अवस्था में मोरचरी में रखवा दिया। गुस्साए लोगों ने शुक्रवार सुबह पुल पर जाम लगा दिया। लोगों ने कई बच्चों के गायब होने की बात कही है। घटनास्थल को सील कर दिया गया है।



गोविंद।



जले तंबू व झोपड़ियां। अमृत विचार

कादरीगेट थाने के पाचाल घाट स्थित रामनगरिया में गुरुवार रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। घटना के समय अधिकांश लोग अपनी राऊटी में गहरी नींद में सोए थे। कुछ लोगों ने शोरगुल करके मेलार्थियों को जगाया। करीब दो घंटे के प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। प्रशासनिक अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे। आग में झुलसकर पंचालघाट निवासी राजेश पंडा के 14 साल के पुत्र गोविन्द की मौत हो गई। जबकि जयवीर (26) निवासी बिछवा जिला मैनपुरी, रामकिशन (52) निवासी अलापुर राजेपुर, मनीष (23) निवासी बछावा जिला हरदोई, कौशल किशोर (76) निवासी बेहटा गोकुल जिला हरदोई, शिवरतन (32) निवासी सरैया थाना मिर्जापुर जिला शाहजहांपुर, लीलादेवी (60) निवासी शिवमोहन नगर जिला हरदोई झुलस गए। सभी घायलों को लोहिया अस्पताल लाया गया। जहां से जयवीर, सत्यवती व रामकिशन की हालत गम्भीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। रसोई गैस सिलिंडर फटने से आग और भयानक होना बताया जा रहा है। डीएम डॉ वीके सिंह, एसपी विकास कुमार, एसडीएम गजराज सिंह, तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय, सीएमओ अवनीन्द्र कुमार आदि अधिकारियों ने लोहिया अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। घायलों का हालचाल जाना। डीएम व एसपी के मेले में पहुंचने से पहले पुलिस ने एक झोपड़ी में झुलसकर मृत मिले गोविन्द को उठाकर मोरचरी में भिजवा दिया। परिजन सुबह तक अस्पताल और पुलिस के चककर लगाते रहे। गुस्साए लोगों ने पुल पर जाम लगा दिया। इससे इटावा-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर लम्बा जाम लग गया। कुछ मेलार्थी अपने बच्चों के गायब होने की बात कह रहे हैं। रात में ही डीएम व एसपी ने मेले का जायजा भी लिया। किशोर के परिजन बेहाल हैं।

- गंगा पुल पर लगाया जाम, लोगों के लापता होने का आरोप, आग के कारणों का नहीं चला पता

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। इसकी जांच कराई जा रही है। अग्नि पीड़ितों की मेला राम नगरिया में जिला प्रशासन की ओर से हर सम्भव सहायता की जा रही है। अग्नि पीड़ितों को प्रशासनिक पंडाल में ठहरा दिया गया है। उनके खाने पीने की व्यवस्था जिला प्रशासन की तरफ से की जा रही है। आग से हुई क्षति का आंकलन राजश्व टीम से कराया जा रहा है।

सुभाष चंद्र प्रजापति, अपर जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद

# रोडवेज की भूमि पर बने होटल पर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- विवाद होने पर पहुंची पुलिस तब आगे बढ़ सकी कार्रवाई

**अमृत विचार।** कादरी गेट थाना क्षेत्र में परिवहन निगम की भूमि में बने वैष्ण होटल को गिराने गई जेसीबी को महिलाओं ने लाठी डंडा लेकर खदेड़ दिया। जेसीबी के चालक ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने भी होटल संचालक और ईओ नगर पालिका परिषद के बीच काफी विवाद होता रहा। कादरी गेट थाना के प्रबारी के हस्तक्षेप के बाद ही होटल भवन को गिराया जा सका।

भवन को किराये पर लेकर होटल चला रहे आवास विकास के रहने वाले रघुराई दुबे और दिनेश दुबे ने आरोप लगाया कि एआरएम आरसी यादव ने उन्हें बिना सूचना दिए उनके होटल को ध्वस्त करवा दिया है। उन्होंने सामान निकालने का भी समय नहीं दिया। रोडवेज की जगह में बने होटल मां वैष्णो 20 साल से चल रहा है। इस भवन की मालिक रूबी शुक्ला ने दिनेश दुबे को भवन किराये पर उठा दिया था। जिसमें वह होटल चला रहे थे। इस होटल को ध्वस्त करने के लिए एआरएम आरसी यादव ने ईओ नगर पालिका परिषद विनोद कुमार को लिख कर दिया। ईओ विनोद कुमार शुक्रवार को जेसीबी लेकर होटल गिरवाने पहुंच गए। जेसीबी चलते ही महिलाएं लाठी डंडे लेकर पहुंच गईं और जेसीबी को खदेड़ दिया।

सूचना पर पहुंचे कादरी गेट थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला ने होटल संचालक को समझा बुझाकर भवन को ध्वस्त कर दिया और उन्हें निर्देशित किया कि वह अपना सामान उठा लें। इस जगह को समतलीकरण कराया जाएगा।



होटल को गिराती जेसीबी। अमृत विचार

# हर्ष फायरिंग से तीन लोग घायल

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** थाना कबरई के ग्राम बम्हौरी काजी में विवाह समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग के चलते तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने घायलों का परीक्षण किया, लेकिन घायलों की हालत में सुधार न होने पर उन्हें मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया।

ग्राम बम्हौरी काजी निवासी रामदयाल श्रीवास के पुत्र रवींद्र का गुरुवार की रात विवाह कार्यक्रम में मायना की रस्म की जा रही थी और शादी मंल आए रिश्तेदार और ग्रामीण भोजन कर रहे थे। बताया जाता है कि इसी दौरान भटेवर गांव से आए एक रिश्तेदार द्वारा हर्ष फायरिंग की जाने लगी और अचानक खाना खा रहे हरिदास (47) निवासी ग्राम गहरा, पप्पू श्रीवास (30) निवासी ग्राम लिलवाही व देवीदीन श्रीवास (40) को गोली लग गई। गोली लगते ही विवाह समरोह में शामिल लोगों में अफरा तफरी मच गई।



जिला अस्पताल में इलाज कराते घायल ग्रामीण। अमृत विचार

परिजनों द्वारा तीनों घायलों को आनन फानन में प्राइवेट वाहन की मदद से जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों द्वारा परीक्षण कर इलाज शुरू किया गया, लेकिन घायलों की हालत में सुधार न होता देख डाक्टरों ने उन्हें मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। तीनों को तत्काल एम्बुलेंस की मदद से हायर सेंटर झांसी ले जाया गया, जहां उपचार जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि रौब गलिब करने के चक्कर में फायरिंग की गई थी।

# मंगेतर से फोन पर बात कर दे दी जान

**बांदा:** गिरवां थाना क्षेत्र के खुरहंड गांव के मजरा बहुंडरी पुरवा में एक युवती ने मंगेतर से बात करने के बाद गुरुवार दोपहर साड़ी से गले में फंदा कसकर खुदकुशी कर ली।


बहुंडरी पुरवा निवासी ममता (18) पुत्री रामकुमार ने गुरुवार की दोपहर को कमरा बंद करने के बाद छत के छल्ले में साड़ी फंसा कर गले में फंदा कस लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त पिता खेत में काम पर गया हुआ था। गुरुवार की शाम को पिता जब खेत से घर वापस आया तो दरवाजा बंद था। कुंडी खटखटाने पर कोई हरकत नहीं हुई। शोर सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। किसी तरह खिड़की तोड़कर अंदर देखा तो ममता का शव फंदे पर लटक रहा था।

# परिजनों के साथ खाना खाया, नहीं लगने दी भनक


कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के भूड़पुरवा में बेरोजगारी से तंग युवक द्वारा शैक्षिक प्रपत्र जलाकर जान दे देने की घटना से हर कोई हतप्रभ है। युवक इतना परेशान हुआ कि पहले अब तक की शिक्षा के सभी कागज जलाए, सुसाइड नोट लिखा और फिर फांसी लगा ली। इससे पहले परिवार के साथ खाना खाया लेकिन किसी को अपनी मनःस्थिति की भनक तक नहीं लगने दी। इधर परिवार का इकलौता चिराग बुझने से परिजनों का बुरा हाल है।

ब्रजेश ने हाल ही में पुलिस भर्ती की परीक्षा दी थी। वह अपनी सफलता को लेकर आश्वस्त था। फिर ऐसा क्या हुआ तो इतना हताश हो गया। उसने गुरुवार की रात परिवार के साथ खाना खाया और फिर सोने चला गया। किसी को उसके इरादों की भनक तक नहीं लगी। सुबह होने पर कमरे से नहीं निकला तो मां ने अंदर झांका। वहां उसका शव फंदे से लटका था। यह देख कोहराम मच गया। पास मिले सुसाइड नोट में लिखा कि 'आज अपनी मां के साथ खाना खाया है। अब वह अपनी जिंदगी को समाप्त कर रहा है। माता-पिता से माफ करने की बात कही है। पिता से बहन की शादी अच्छी करने को लिखा। यह सुसाइड नोट 22 फरवरी को लिखा गया है। परिजनों ने बताया कि बृजेश ने हाल ही में पुलिस भर्ती परीक्षा दी थी। उसने अपने दोस्तों को भी बताया कि उसका पेपर अच्छा हुआ है। वह पास हो जायेगा। गुरुवार को गांव में श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर साथियों के साथ गंगा जी भी गया था। रात में मां व बहन के साथ खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। इसके बाद उसने अपने कागजात जलाये, सुसाइड नोट लिखा और फांसी लगा ली। पेपर लीक होने के बाद से वह मायूस रहने लगा था। वह अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी दो बहन भी हैं। इनमें एक की शादी हो चुकी है।



पंचनामा भरती पुलिस। अमृत विचार



सुसाइड नोट। अमृत विचार

- सदर कोतवाली के भूड़पुरवा में शैक्षिक प्रपत्र जलाने के बाद आत्महत्या करने का मामला

### घर से संपन्न था युवक

**कन्नौज।** ब्रजेश अपने पिता का इकलौता पुत्र होने के साथ ही संपन्न परिवार से था। पिता दिल्ली में किसी फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। ब्रजेश खुद की खेती करने के अलावा पढ़ाई करता था। नौकरी की तलाश में वह आवेदन करता रहता था। उसकी मंशा थी कि वह भी अन्य लोगों की तरह सरकारी नौकरी करे।

# बेटी के साथ मार्ग पर लेटे पीड़ित दंपति, जाम

संवाददाता, राठ-हमीरपुर

**अमृत विचार।** जमीन का जबरन बैनामा कराने का दबाव बनाने को लेकर एक वृद्ध दंपति अपनी बेटी के साथ कस्बे के ब्लाक गेट के सामने राठ हमीरपुर मुख्य मार्ग पर लेट गया। दंपित्त के सड़क पर लेटने से करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दंपति को किसी तरह समझा-बुझाकर जाम खुलवाया।

वृद्ध का कहना था कि कुछ लोग उसकी जमीन का जबरन बैनामा कराना चाह रहे हैं। जबकि वह बैनामा नहीं करना चाहता है। आरोप लगाया कि आरोपियों के साथ एक पुलिस कर्मी भी शामिल है। बताया कि जब वह शिकायत लेकर मुस्करा थाने पहुंचा तो उसे राठ थाने में टरका दिया। राठ पहुंचने पर राठ पुलिस ने उसे भी टरका दिया।



राठ हमीरपुर मार्ग पर ब्लाक गेट के सामने सड़क पर लेट कर जाम लगाए दंपति।

गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे मुस्करा थाने के बिहूनी खुर्द गांव निवासी वृद्ध अहमद पुत्र नूर मुहम्मद ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। बताया कि उसके बाद कुछ लोग राठ तहसील के औंराखेरा में डेढ़ बीघा जमीन का जबरन बैनामा उसकी बुआ बरकत अपने रिटायर्ड दरोगा रिश्तेदार के साथ मिलकर कराना चाह रहे हैं। शिकायत उसने मुस्करा पुलिस से की तो उसे राठ थाने के लिए भेजकर टरका दिया।

# बेकाबू कार ने महिला मजदूर को रौंदा, मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के महोबा रोड़ स्थित गल्ला मंडी के गेट के पास बेकाबू कार ने घर जाने के लिए ई रिक्शा का इंतजार कर रही एक मजदूर महिला को रौंद डाला। इस हादसे में उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। महिला को टक्कर मारकर तेज गति कार ने सैदपुर गांव के पास एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। तीन लोग घायल हो गए। पठानपुरा मोहल्ला निवासी प्रेमरानी पत्नी मोतीलाल गल्ला मंडी में अनाज की छनाई का काम करती थी। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे वह काम खत्म कर घर जाने के लिए गल्ला मंडी के बाहर खड़ी होकर ई रिक्शा का इंतजार करने लगी। इसी दौरान राठ की ओर से तेज रफ्तार कार गल्ला मंडी के सामने से गुजरी और सड़क किनारे खड़ी महिला को टक्कर मारते हुए रौंद दिया। मौके पर ही महिला की मौत हो गई। इसके बाद कार चालक महोबा की ओर भागा।

# साधारण किराए पर ट्रेन से इटावा यात्रा

**कंचौसी औरैया।** कोविड के समय शुरू की गईं मेमू स्पेशल ट्रेनों का दर्जा अब हट चुका है। रेलवे ने एक्सप्रेस ट्रेनों में जनरल कोच भी बहाल करने के निर्देश दे दिए हैं। यात्री सुविधाओं में भी धीरे-धीरे इजाफा हो रहा है। ऐसे में अब यात्रियों को फिर से पुराने किराए पर सुविधाओं के साथ सफर करने का मौका मिलेगा। रेलवे ने कोरोना काल में ट्रेनों को स्पेशल दर्जा देते हुए 30 से 40 फीसद तक किराया बढ़ा दिया था। जनरल कोच में भी आरक्षण जरूरी था।

# उरई में रसोई गैस सिलेंडर फटा, मकान की छत उड़ी

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** उरई शहर के नया पटेल नगर मुहाल में खाना बनाते समय एलपीजी सिलेंडर में आग लग गई। आग से सिलेंडर फटा तो तेज धमाके से लोगों के दिल दहल उठे। सिलेंडर फटने से एक मकान की छत उड़ गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बब्बू का मकान बना था। धमाका इतना तेज था कि मकान की छत और दीवारें फट गईं। मकान में रखा खाने पीने का सामान व घर-गृहस्थी का लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि गैस सिलेंडरमें आग लगते ही खाना बना रही। महिला, बच्चे-बूढ़े घर के बाहर निकल जाने से कोई हताहत नहीं हुआ। तेज धमाके से आस पास के लोगों में दहशत फैल गई कि आसपास भीड़ इकट्ठा हो गई। पड़ोसियों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पाते ही मौके पर पुलिस तो पहुंच गई, लेकिन दमकल घंटों बाद पहुंची।

**परेशानी बढ़ी** | सब्सिडी की राशि नहीं पहुंचने पर उज्जवला योजना के उपभोक्ता बैंक के लगा रहे चक्कर

# उज्जवला गैस सब्सिडी पर एजेंसी वालों ने डाला डाका!

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में उज्जवला और सामान्य गैस कनेक्शन के उपभोक्ताओं के खाते में पिछले कई माहों से सब्सिडी की राशि नहीं पहुंच रही है। उपभोक्ताओं के खाते में सब्सिडी की राशि नहीं आने से काफी हलकान हैं। खास बात तो यह है कि उज्जवला योजना के उपभोक्ताओं को नवंबर से फरवरी माह तक एक सिलेंडर बुकिंग पर समूची सब्सिडी वापस किया जाना है लेकिन एजेंसियां सब्सिडी खाते में नहीं भेजकर हजम करने में लगी हुई हैं। इससे उपभोक्ताओं को बैंक में चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

इस पर गैस एजेंसी के संचालक का कहना है कि उज्जवला और सामान्य गैस कनेक्शन के उपभोक्ताओं के खाते में सब्सिडी की राशि दी जा रही है। जिन उपभोक्ताओं का खाता किसी कारणवश बंद हो गया या खाते का केवाईसी न होने से बंद हैं, उन खाते में सब्सिडी की राशि नहीं जा रही है। वह एजेंसी में अपना अपना पासबुक और गैस कनेक्शन का पेपर लेकर आएं। बता दिया जाएगा कि किस कारण से उनके खाते में सब्सिडी नहीं जा रही है। वहीं उज्जवला योजना के उपभोक्ता ने बताया कि पिछले जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में लक्ष्मी भारत गैस एजेंसी बकेवर में बुकिंग करायी थी लेकिन एजेंसी ने सब्सिडी की समूची राशि नहीं भेजी जबकि सिलेंडर की पूरी राशि वापस किया जाना था। आरोप है कि जब एजेंसी से संपर्क किया गया तो बैंक का स्टेटमेंट और गैस कनेक्शन के पेपर मांगे गए, उपभोक्ता ने मोबाइल पर लिंक बुकिंग मैसेज को दिखाया तो एजेंसी कर्मचारी मानने को तैयार नहीं हैं। वे बैंक से एक साल का स्टेटमेंट लाकर देने पर अडिग दिखे।

बता दें कि बैंक स्टेटमेंट लेने पर निर्धारित शुल्क जमा करनी पड़ती है। इन दिनों एसबीआई शाखा बकेवर में लगा प्रिंटर काफी दिनों से खराब होने से बैंक पास बुक प्रिंट नहीं हो पा रही है। जो कोढ़ में खाज से कम नहीं है। इस तरह एजेंसी अपनी करतूतों को छुपाने के लिए तरह-तरह के बहाने बाजी करती रहती हैं। कभी एजेंसी मैनेजर नहीं आने का हवाला देकर फिर आने की सलाह दी जा रही। कभी कोई बहाना बनाकर टरकाया जा रहा है। उपभोक्ता थकहार कर अपने घर बैठ जाते और मिलने वाली सब्सिडी की राशि से उन्हे वंचित होना पड़ रहा है। तमाम उपभोक्ता कुछ इसी तरह की समस्या से जूझ रहे हैं। बैंक में सब्सिडी के लिए चक्कर काट रहे हैं। जिले की कई एजेंसी के मनमानेपन से उपभोक्ता परेशान हैं। एजेंसी चाहे तो इन परेशान उपभोक्ताओं के कनेक्शन पेपर देखकर समस्या का निस्तारण कर सकती हैं लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है।




हमने ऐसी बातों को गंभीरता से लिया है। जल्द अभियान चलाने वाले हैं। अगर किसी एजेंसी पर ऐसी शिकायत पाई गई तो सख्त कार्रवाई करेंगे।

–अभय सिंह, डीएसओ

### एजेंसी पहुंच समस्या का निस्तारण कराएं

इस बावत लक्ष्मी भारत गैस एजेंसी के मैनेजर अरूण से बात की गई तो कहा कि अभी बाहर हैं, उन्होंने भी कनेक्शन धारक का स्टेटमेंट देने की बात दोहराई है तथा एजेंसी पहुंच समस्या का निस्तारण कराये जाने की बात कही है।

# दिबियापुर से पीएनजी होगी शुरू

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- एलपीजी की तुलना में पाइप्ड नेचुरल गैस से उपभोक्ताओं को मिलेंगी तमाम तरह की सुविधाएं

**अमृत विचार।** दिबियापुर में हुए एक कार्यक्रम में पाइप नेचुरल गैस को बढ़ावा देने के लिए टोरेंट गैस द्वारा भारत सरकार की पहल के अंतर्गत पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के निर्देशनुसार दिबियापुर में पाइप नेचुरल गैस के राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की।

पाइप नेचुरल गैस के इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य आम जनमानस में इसके लाभों के बारे में जागरूकता प्रदान करना और पाइप नेचुरल गैस कनेक्शन लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। एलपीजी की तुलना में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) उपभोक्ताओं को कई विशिष्ट लाभ प्रदान करती है। पीएनजी सुरक्षित और विश्वसनीय है, न रसोई में एलपीजी सिलेंडर रखने के लिए स्थान की आवश्यकता, न एलपीजी सिलेंडर खत्म होने की चिंता और न बुकिंग और न सिलेंडर बदलने का झंझट है। पाइप नेचुरल गैस में एडवांस बुकिंग की जरूरत भी नहीं और उपभोक्ता उपयोग बाद द्विमासिक बिल भर सकते हैं। ये लाभ, पीएनजी को, उपभोक्ताओं के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाते हैं जोकि उपभोक्ताओं को सुविधा, सुरक्षा के साथ रसोई खर्च में बचत भी करती है। प्रो. डॉक्टर राम शंकर कठेरिया ने कहा पाइप नेचुरल गैस की सुविधा अब दिबियापुर नगर के नागरिकों के लिए उपलब्ध है। नगर में दो हजार से अधिक ग्राहक पीएनजी कनेक्शन के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। नगर से सटे मुहाल विकासकुंज, ककराही, इंदिरानगर, लोहिया नगर, रामकृष्ण नगर, बाबू दयाराम नगर, अम्बेडकर नगर, नेहरू नगर, कृष्णा नगर, न्यू कृष्णा नगर, उपाध्याय नगर, संजय नगर आदि में 1500 से अधिक ग्राहक पहले से ही पीएनजी का उपयोग कर रहे हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के ऊर्जा संघटन मे प्राकृतिक गैस का अनुपात 15 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए पाइप नेचुरल गैस के उपयोग को बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिन परिवारों ने अभी तक पीएनजी कनेक्शन के लिए पंजीकरण नहीं कराया है वह जल्द से जल्द पीएनजी कनेक्शन के लिए पंजीकरण कराए और पीएनजी से मिलने वाले लाभ उठाएं। उन्होंने नागरिकों से आगे बढ़ो, पीएनजी चुनो का आह्वान किया। इटावा सांसद राम शंकर कठेरिया ने टोरेंट गैस को अपेक्षित गैस पाइपलाइन नेटवर्क और बुनियादी ढांचा तैयार करने को कहा।

# अब सरयू में कीजिए वॉटर मेट्रो से सफर

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से किया अयोध्या में वॉटर मेट्रो का वर्चुअली उद्घाटन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रद्धालु और पर्यटक अब सरयू नदी में वाटर मेट्रो में जल विहार का आनंद ले सकेंगे। इसका संचालन संत तुलसीदास घाट से गुप्तारघाट के बीच होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वाराणसी दौरे के दौरान वर्चुअली अयोध्या में वाटर मेट्रो का शुभारंभ किया। तकनीकी सहायक बी गुप्ता ने बताया कि सरयू के किनारे संत तुलसी घाट से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वाटर मेट्रो करीब 14 किलोमीटर का सफर गुप्तार घाट तक तय करेगी। इसमें एक साथ लगभग 50 यात्री जलविहार का आनंद उठा सकेंगे। वॉटर मेट्रो में 50 सीटें हैं। उन्होंने बताया केंद्रीय जलमार्ग मंत्रालय द्वारा इसको अगले कुछ दिनों में राज्य सरकार को हैंडओवर किया जाएगा। इसके बाद इसका परिचालन राज्य सरकार करवाएगी।



अयोध्या : सरयू नदी में शुरू हुआ वाटर मेट्रो। अमृत विचार

### वाटर मेट्रो की खासियत

- 50 सीटर एमवी (मोटर व्हिकल) बोट यानी वाटर मेट्रो का नाम कैटा मेरन वैसेल बोट है।
- वाटर मेट्रो बोट को पूरा एयरकंडीशन बनाया गया है, जिसमें यात्रियों की जानकारी के लिए डिस्प्ले भी लगाया गया है।
- यात्रियों के केबिन के आगे बोट पायलट का केबिन अलग बनाया गया है।
- एकबार में इलेक्ट्रिक से चार्ज होकर यह वाटर मेट्रो बोट एक घंटे की यात्रा करने में सक्षम है।
- किसी भी आपात अवस्था के लिए बोट में जीवन रक्षक जैकेट्स व अन्य उपकरण भी रखे गए हैं।

# श्रद्धालुओं से बिहार का गिरोह कर रहा चोरी

अयोध्या कार्यालय

- चोरी-छिनैती के पांच मामलों में 16 गिरफ्तार
- इनोवा, तीन स्कार्पियो समेत 11 चेन व मंगलसूत्र बरामद

**अमृत विचार :** श्रीरामदर्शन यात्रा के तहत रामलला का दर्शन-पूजन करने आये दक्षिण प्रांत के कर्नाटक और तेलंगना के श्रद्धालुओं को बिहार के गिरोह ने शिकार बनाया था। इसका पर्दाफाश एक गिरोह की गिरफ्तारी के बाद हुआ है। पुलिस ने गिरोह के 16 लोगों को गुरुवार रात गिरफ्तार कर इनके पास से एक इनोवा, तीन स्कार्पियो समेत चोरी-छिनैती के पांच मामलों का 355 ग्राम वजनी 11 सोने की चेन व मंगलसूत्र बरामद किया है।

पुलिस लाइंस सभागार में शुक्रवार को एसपी देहात अतुल कुमार सोनकर ने बताया कि कर्नाटक और तेलंगना से दर्शन-करने आये कई श्रद्धालुओं के साथ 10 फरवरी को रामजन्मभूमि पथ और हनुमानगढ़ी के पास चोरी और छिनैती हुई थी। आरजेबी थाने में पांच मामले दर्ज किये गए थे। सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्र के नेतृत्व में थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय की पुलिस टीम लगाई गई थी। गुरुवार रात नगर कोतवाली के जीआईसी रेलवे ओवरब्रिज के पास से एक इनोवा और तीन स्कार्पियो सवार 16 को गिरफ्तार किया।

### बिहार और गोरखपुर निवासी हैं आरोपी

पकड़े गए लोगों ने अपना नाम-पता बिहार प्रांत के जिला बेतिया थाना गौनाहा स्थित औरार पिपरा निवासी शंकर रावत व लक्ष्मण रावत, जिला मोतिहारी के थाना भेलाही स्थित गमहरिया निवासी मुन्ना राय, पिपरिया निवासी उपेंद्र राय नट, थाना रमगढ़वा के मडिला निवासी आफताब राय, रजिला निवासी मन्तोष कुमार महतो, जिला पूर्वी चम्पारण जिले के थाना पलनवा स्थित पिपरिया निवासी डोमा राय नट, आनंद सागर पिपरिया निवासी हरेंद्र राय नट व मुसहरवा निवासी अनुज कुमार पाल, थाना कंगली के कठिया मठिया निवासी रमेश राय, राजेश राय, मिथुन राय व रूपनारायण राय, सेनवरिया निवासी सूरज कुमार सिंह और गोरखपुर के थाना चौरी-चौरा का होना बताया।

### श्रद्धालुओं और वकील के दबाव में दर्ज हुई थी रिपोर्ट

अयोध्या पहुंचे तेलंगाना प्रांत के करीमनगर जिले के आनंद और सुषमा ने 80 ग्राम वजनी सोने की चेन व दो कीमती मोबाइल, साकिन सुधाकर राय ने 92 ग्राम वजनी सोने का लॉकेट, अदावली मंजुला ने 34 ग्राम वजनी सोने की चेन, उपेंद्र राय ने 30 ग्राम वजनी सोने की चेन व एक मुखी रुद्राक्ष, पी अहिल्या ने 35 ग्राम वजनी सोने की चेन, चिदुवेता रानी ने 40 ग्राम वजनी मंगलसूत्र, कटेपु रेणुका पत्नी सुधाकर राय ने 55 ग्राम वजनी सोने के मंगलसूत्र, सुरेंद्र रेड्डी ने 15 ग्राम मोजनी सोने की चेन, कक्करा की श्रीमती पत्नी अंजना राय ने 40 ग्राम वजनी मंगलसूत्र, कलानी विद्यालक्ष्मी ने 40 ग्राम वजनी मंगलसूत्र समेत 14 ने चोरी व छिनैती की तहरीर दी थी। दो-तीन संदिग्धों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया था। रिपोर्ट पर पीड़ितों ने आरजेबी थाने में हंगामा भी किया था। हैदराबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता समेत अन्य के दबाव पर थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने सम्मिलित रिपोर्ट दर्ज कराई।

# वेश्यावृत्ति के मामले में आरोपी को मिली राहत

प्रयागराज कार्यालय

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वेश्यावृत्ति और अनैतिक तस्करी के मामले में आरोपी को निरपराध मानते हुए अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि अगर कोई व्यक्ति वेश्यालय में आता है तो उसे अधिक से अधिक अपनी वासना को संतुष्ट करने के लिए वेश्या का खरीदार कहा जा सकता है। किसी महिला के साथ संबंध बनाने के लिए उसे मोल लेने का यह मतलब नहीं कि उसने महिला को वेश्यावृत्ति के लिए खरीदा और प्रेरित किया है। वेश्यालय में ग्राहक के रूप में किसी व्यक्ति की केवल उपस्थिति अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम, 1956 की धारा 3,4,5,7,8,9 के तहत अपराध को आकर्षित नहीं करती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने आरोपी द्वारा उक्त अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले को निरस्त करने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए की। दरअसल याची को एक घर की तलाशी के दौरान रंगे हाथों पकड़ा गया था, जिसे वेश्यालय के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था, इसलिए उसके खिलाफ उक्त अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध बना। हालांकि याची की अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची केवल ग्राहक है और वह घर में केवल ग्राहक होने के नाते गया था। उस पर उक्त अधिनियम के तहत कार्यवाही और जुर्माना तब तक नहीं लगाया जा सकता, जब तक कि वेश्यावृत्ति में उसकी भागीदारी सिद्ध ना हो। अंत में कोर्ट ने गुजरात कर्नाटक और आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि वेश्यावृत्ति का मतलब व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए यौन शोषण या दुरुपयोग है। वेश्यालय में किसी व्यक्ति द्वारा किसी महिला के लिए अपनी व्यक्तिगत संतुष्टि हेतु पैसे देने मात्र से उसे उक्त अधिनियम की धाराओं के तहत अपराधी नहीं माना जाएगा।



# जमीन में गड़ा खजाना ढूंढ़ने पहुंचे तांत्रिक को ग्रामीणों ने पीटा

**प्रयागराज।** गंगा नगर के बहरिया में बीती रात एक तांत्रिक जमीन में गड़े खजाने की तलाश करने पहुंच गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों को हुई तो मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तांत्रिक को पकडकर पीटना शुरज कर दिया। उस दौरान तांत्रिक के साथ रहे सहयोगी मौके से भाग निकले। इस घटना को लेकर गांव में हड़कंप मचा रहा।

जानकारी के मुताबिक बहरिया के धनपालपुर गांव में बीती देर रात एक तांत्रिक अपने दो साथियों के साथ धनपालपुर गांव पहुंचा। वहां उसे जमीन में खजाना गड़े होने की जानकारी किसी ने दी थी। वह होने साथियों क्व साथ खुदाई करने के जेल तंत्र मंत्र शुरू कर दिया। इस दौरान किसी ने उसे देख दिया और गांव में शोर मचा दिया। जिसके बाद काफी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने उस तांत्रिक को पकडकर पीटना शुरु कर दिया। तांत्रिक की पिटाई देख साथी मौके से भाग निकले।

# दो बाइकों की भिड़ंत में चार की मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ कोतवाली स्थित जिला जेल के पास शुक्रवार रात दो बाइकों की भिड़ंत में चार युवकों की मौत हो गई। एक घायल हो गया। घायल को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना मोहम्मदाबाद के गांव भरतपुर रसूलपुर के रहने वाले बृजमोहन (23 ) अपने चचेरे भाई अजय (18 ) के साथ फतेहगढ़ में अपनी बुआ के यहां से भरत पुर आ रहे थे। इस दौरान फतेहगढ़ कोतवाली स्थित जिला जेल के पास बने जायका होटल के पास आमने-सामने दो बाइकों में टक्कर हो गई। इससे दोनों मोटर साइकिलों पर सवार पांच युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए है। जब तक लोग उपचार के लिए ले जाते तब तक चार की मौत हो गई। इन चचेरे भाइयों की पहचान गांव भरतपुर के यदुवीर सिंह ने की। वहीं दूसरी तरफ खूंटादेव के रहने वाले अमन ने बताया कि अंकित पुत्र सुभाष निवासी खूंटा देव तथा महेंद्र सिंह पुत्र रामपाल निवासी हुसैनपुर नोखण्डा व उसका भाई आशीष एक बाइक पर सवार थे। जिनमें अंकित और महेंद्र की घटना स्थल पर मौत हो गई। आशीष गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल आशीष निवासी खूंटा देव थाना कमालगंज महेंद्र और अंकित के साथ याकूतगंज में शादी में शामिल होने जा रहे थे।


दुर्घटना के बाद जांच करती पुलिस। अमृत विचार


दुर्घटना के बाद पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

- फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में हुआ हादसा, एक घायल

# वन स्टॉप सेंटर में दुष्कर्म पीड़िता का कराया गर्भपात

संवाददाता, हरदोई

- सेंटर के कर्मचारी व आरोपी की मां के खिलाफ केस दर्ज

**अमृत विचार।** वन स्टॉप सेंटर में रखी गई दुष्कर्म की शिकार किशोरी के यूरीन प्रेगनेंसी टेस्ट रिपोर्ट पाज़िटिव आने पर आरोपी की मां ने वहां के कर्मचारी से सांठ-गांठ कर दवाई खिला कर जबरन गर्भपात करा दिया। पुलिस ने आरोपी की मां और वन स्टॉप सेंटर के एक कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी जांच शुरू कर दी है।

मझिला थाना क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित ने कोर्ट में दायर की अर्ज़ी में कहा है कि 7 अक्टूबर 2023 को बाल कल्याण समिति ने उसकी पुत्री को राजकीय बाल गृह सिंधी खेड़ा पारा लखनऊ में रोका था। उस बीच जांच समिति के सामने गर्भावस्था के बारे में उसकी जांच लंबित थी। उसके बाद उसे फिर बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया। जिस पर समिति ने उसकी पुत्री के मेडिकल चेकअप के लिए पास के अस्पताल में यूरीन प्रेगनेंसी टेस्ट ज़रूरी बताया, लेकिन फिर भी जांच अधिकारी ने पीड़िता को तय तारीख पर बिना जांच रिपोर्ट के साथ समिति के सामने पेश किया। जिस पर समिति ने आपत्ति ज़ाहिर करने पर पीड़िता की जांच कर रिपोर्ट पेश की गई। जिसमें पीड़िता गर्भवती पाई गई। इसी मामले में 14 फरवरी 2024 को न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट न्यायालय ने पीड़िता को मेडिकल प्रोटेक्शन के लिए उसे वन स्टाफ सेंटर भेजा गया और आगे की कार्रवाई के लिए 27 सितंबर 2023 की तारीख तय की गई। उसके बाद कई अलग-अलग तारीखें तय की गई, लेकिन आईओ ने पीड़िता को तय तारीख पर हाज़िर नहीं कराया। इस बारे में पीड़िता की तरफ से दाखिल की गई अर्ज़ी पर कोर्ट ने वन स्टाफ सेंटर हरदोई के कर्मचारी व टड़ियावां थाना के कस्बा गोपामऊ के मोहल्ला टिकरी की सुशीला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए आदेश दिया।

# पूर्व विधायक सफदर रजा के मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर।** थानाक्षेत्र धम्मौर के भाईं पैमाइश करने गये लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौच के नौ साल पुराने मामले में वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई टली। एडीजीसी वैभव पाण्डेय ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए एक मार्च की तारीख नियत की है। एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गये तत्कालीन भांई लेखपाल विजय कुमार ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 मे धम्मौर थाने मे सरकारी कामकाज मे बाधा, धमकी, व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

# वायरल ऑडियो की हुई जांच, एडीओ निलंबित

कार्यालय संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) डलमऊ व ग्राम प्रधान के मध्य पेंशन आवेदकों से अवैध उगाही का मामला उजागर होने पर उसका खामियाजा संबंधित पक्षों को भुगतना पड़ा। यही नही इस लेनदेन की आग से उठी चिंगारी की आंच से जिला समाज कल्याण अधिकारी व पटल सहायक भी नही बच पाए।

लेनदेन का वायरल आडियो व बड़ी संख्या में लंबित पेंशन आवेदन पत्रों को देखते हुए पेंशन के कार्य में संलिप्त सभी को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए कार्रवाई के आदेश प्रदेश के समाज कल्याण निदेशक को दिए है। अमृत विचार में छपी खबर "एक फार्म का पांच सौ दो तब मिलेगी पेंशन" इस खबर को संज्ञान लेते हुए निदेशक समाज कल्याण कुमार प्रशांत नें इसकी जांच के लिए सहायक समाज कल्याण अधिकारी व ग्राम प्रधान खरगपुर सैताना को जांच के लिए तलब किया।

जांच में सहायक विकास अधिकारी डलमऊ प्रगति वर्मा व ग्राम प्रधान अपना पक्ष रखने के लिए नही पहुंचे। इस पर जांच अधिकारी निदेशक समाज कल्याण नें उन्हें प्रथम दृष्टया दोषी मानते दिए हुए सहायक विकास आधिकारी को निलंबित कर दिया है।

# ऑनलाइन होने पर ही शासनादेश को माना जाएगा वैध

**लखनऊ :** शासन ने सभी विभागों से जारी होने वाले रोजाना के शासनादेशों को ऑनलाइन अपडेट न करने पर सख्त रूख अपनाया है। अब कोई भी शासनादेश तबतक वैध नहीं माना जाएगा, जबतक उसे पोर्टल पर अपलोड करके ऑनलाइन नहीं कर दिया जाएगा।

शासन के स्पष्ट आदेश के बाद भी कई विभाग शासनादेशों को अपलोड नहीं कर रहे थे। प्रमुख सचिव के रविंद्र नायक ने आदेश में कहा है कि शासनादेश के ऑनलाइन जारी करने और शासनादेश की वेबसाईट http://shasanadesh.up.gov.in अपलोड करने की व्यवस्था करें।

# मुस्लिम युवक की शादी का कार्ड चर्चा का विषय

संवाददाता,बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद के सफीपुर गांव निवासी एक मुस्लिम समाज के ग्रामीण ने अपने बेटे के विवाह के लिए हिंदू रीति रिवाज के तहत कार्ड छपवाया है। यह कार्ड जिले में वायरल हो रहा है। कार्ड देखकर लोग तरह-तरह की बात कर रहे हैं।

मुस्लिम शादी का हिंदू समुदाय की तरह छपा शादी का कार्ड जिले में बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। हर तरफ इसको लेकर चर्चा हो रही है और लोग सोच में है कि आखिर माजरा क्या है। शादी के कार्ड में दूल्हा-दुल्हन और रिश्तेदारों के नाम तो मुस्लिम है। मगर शादी का कार्ड पूरे हिंदू रीति के अनुसार छपा है। जिस पर शादी की तारीख 29 फरवरी और पता बहराइच के कैसरगंज के गांव का है। इसी वायरल शादी के कार्ड की पड़ताल करने के लिए दूल्हे के पिता सफीपुर गांव के रहने वाले अजहुल कमर से संपर्क कर उनसे वायरल हो रहे शादी के कार्ड के बारे में जानना चाहा तो उन्होंने बताया के मेरे बेटे समीर अहमद की शादी 29 फरवरी को जरवल रोड निवासी जुमेराती की बेटी सानिया खातून से होनी है और हमने अपने हिंदू भाइयों को निमंत्रण देने के लिए हिंदू रीति के अनुसार शादी के कार्ड छपवाए है। हमारे गांव सफीपुर और कई जगह हमारे हिंदू भाइयों को निमंत्रण देना था तो हमने सोचा क्यों ना उनके लिए हिंदू रीति के अनुसार कार्ड छपवाए जाए ,हमने परिवार रिश्तेदारों और मुस्लिम भाइयों के लिए उर्दू में भी कार्ड छपवाएं है जो की हिंदू भाई पढ़ नहीं पाएंगे। इसलिए हमने अपने हिंदू भाइयों को बेटे की शादी का निमंत्रण देने के लिए ऐसा कार्ड छपवाया है। अजहुल कमर ने आगे बताया की हमने शादी में हिंदू भाइयों के लिए प्रीति भोज का कार्यक्रम एक दिन पहले ही रखा है।

अजहूल कमर ने बताया की जब से हमने कार्ड बाटने शुरू किए है तब से कई फोन आ चुके है लोग उत्सुकता वश पूछते है की ये कैसा कार्ड छपवाया है तो जब हमने लोगों को बताया तो लोग काफी खुश हुए और हमारे इस कदम की सराहना की।




### एकता की दे रहे मिसाल

मुस्लिम शादी का हिंदू रीति के अनुसार छपे इस कार्ड ने समाज में हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल पैदा की है जो भाईचारे की डोर को और मजबूत बनाने के लिए बहुत कारगर साबित हो रहा है ।वायरल हो रहा शादी का ये कार्ड हिंदू मुस्लिम एकता का पैगाम घर-घर पहुंचा रह है।

अध्ययन कार्यक्रम | बैठक कर निगमित सामाजिक दायित्व संबंधित गतिविधियों पर की मंत्रणा

# रेलवे की स्थायी संसदीय समिति ने देखी अयोध्या

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रेल संबंधी स्थायी समिति के अध्ययन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री के नेतृत्व में संसदीय समिति के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने जनपद का दौरा किया। अंतर्राष्ट्रीय सुविधाओं से युक्त अयोध्या धाम जंक्शन का निरीक्षण किया और रामलला -पूजन किया। साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने सिविल स्थित एक होटल में आयोजित बैठक में निगमित सामाजिक दायित्व संबंधित गतिविधियों पर मंत्रणा की।

अध्ययन कार्यक्रम के तहत पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय रेलवे स्थायी संसदीय समिति का दल रेलवे के अधिकारियों के साथ उत्तर रेलवे,लखनऊ मण्डल के अयोध्या पहुंचा। होटल सभागार में आयोजित निगमित सामाजिक दायित्व संबंधित गतिविधियों की बैठक में दोनों पक्षों के मध्य रेल संबंधी अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई तथा रेलवे की कार्यदायी संस्था राईट्स की ओर से एक प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। रेलवे के उत्तरोत्तर विकास एवं प्रगति की नई दिशाओं पर मंथन हुआ और इस विषय में चेयरमैन एवं समिति के समस्त सदस्यों ने समिति की ओर से अपने सुझाव दिए तथा

विशेष गाड़ियों का कुशलतापूर्वक संचालन करते हुए देश के प्रत्येक प्रांत से अयोध्या आने वाले दर्शनार्थियों एवं भक्तों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के लिए प्रशंसा की। इसके पूर्व स्थायी समिति ने अयोध्या धाम जंक्शन की व्यवस्थाओं और सुख-सुविधाओं तथा निर्माण और प्रगति का जायजा लिया तथा दर्शन-पूजन किया।

उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि बैठक और निरीक्षण में समिति सदस्य श्रीमती शताब्दी रॉय,कौशलेन्द्र कुमार,मुकेश राजपूत,रमेश चंद्र कौशिक,श्रीमती केसरी देवी पटेल, सुश्री चंद्राणी मुर्मू, नरहरी अमीन,अजीत कुमार भूयन, खिरू महतो, डॉ. प्रशांत नंदा,रेलवे की उप महाप्रबंधक (सामान्य) श्रीमती गुंजन भारद्वाज , मण्डल रेल प्रबंधक एस.एम. शर्मा एवं रेलवे के अन्य अधिकारी तथा रेलवे की अन्य कार्यदायी संस्थाओं इरकॉन, राईट्स,कानकार व आईआरएफसी के अधिकारी मौजूद रहे।


निरीक्षण करते संसदीय समिति के सदस्य। अमृत विचार

# सीट बंटवारे पर छलका सलमान खुर्शीद का दर्द

**लखनऊ :** इंडिया गठबंधन में कांग्रेस व सपा के बीच सीट बंटवारे के बाद कांग्रेस के उन नेताओं में नाराजगी पैदा हो गई है, पूर्व केंद्रीय मंत्री कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि वह टूट सकते हैं, पर झुकेंगे नहीं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट के जरिये कहा कि टूट सकता हूं लेकिन झूकंगा नहीं। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद से उनके रिश्तों के कितने इम्तहान का सामना करना पड़ेगा? सवाल उनका नहीं, पर हम सब के मुस्तकाबिल का है। आने वाली नस्लों का है। किस्मत के फैसलों के सामने कभी झुका नहीं। उन्होंने लिखा-'टूट सकता हूं, झुकूंगा नहीं। तुम साथ देने का वादा करो, मैं नगमें सुनाता रहूं' ।मालूम हो कि प्रदेश में कांग्रेस के खाते में 17 सीटें व सपा के खाते में 63 सीटें आई हैं। सलमान फर्रुखाबाद से चुनाव लड़ते रहे हैं, लेकिन सपा ने फर्रुखाबाद से नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी घोषित कर रखा है।

# 'चुनाव में बढ़ेगा जीत का अंतर'

सीतापुर कार्यालय

- राजस्थान के सीएम ने 5 लोकसभा क्षेत्रों की संचालन समिति की बैठक में दिए मंत्र

**अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान सीएम भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को लोकसभा कलस्टर चुनाव प्रबधंन समिति और विधानसभा संयोजक प्रभारी सहित जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान आगामी लोकसभा चुनाव में अवध क्षेत्र की सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव जीतने का मंत्र दिया। 5 घंटे तक चली बैठक के बाद सीएम ने खैराबाद स्थित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित कर कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने का मंत्र दिया। गोपनीय बैठक के दौरान सीएम ने खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख लोकसभा के संचालन समिति की बैठक कर कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। मुख्यमंत्री ने लोक सभा के प्रभारी, विस्तारक व संयोजकों को लोकसभा चुनाव में जीत का अंतर कैसे बढ़ाया जाए, इसके लिए मंत्र देते हुए कहा कि कैलेंडर बनाकर कार्य करें।

सीतापुर दौरे पर पहुंचे सीएम भजन लाल शर्मा ने सर्वप्रथम नैमिषारण्य पहुंचकर मां ललिता देवी के चरणों में हाजिरी लगाई। सीएम ने नैमिषारण्य के साधु-संतों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाइद सीएम ने शहर स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में कलस्टर समिति की बैठक का दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की। बैठक के दौरान पार्टी से जुड़ी पांच लोकसभाओं (सीतापुर सदर, मिश्रख ,हरदोई, धौरहरा, लखीमपुर के जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने लोकसभा के प्रभारी, विस्तारक व संयोजकों को लोक सभा चुनाव में जीत का अंतर कैसे बढ़ाया जाए, इसके लिए मंत्र देते हुए कहा कि कैलेंडर बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस बार पीएम मोदी ने 400 पार का नारा दिया है। यूपी में सीएम योगी ने 80 सीटें जीतने का वादा किया है। कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को आमजनमानस को बताकर प्रदेश की सभी अस्सी सीटों को जीते और बीते लोक सभा चुनाव में जीत के अंतर को और बढ़ाना है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सांसदों, विधायकों, ब्लॉक प्रमुखों, जिला पंचायत सदस्यों को चुनाव में कैसे कार्य करे, इसके बारे में बताया।

### प्रबुद्ध सम्मेलन को भी किया संबोधित

लोकसभा की बैठक के बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने खैराबाद स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन के दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता राष्ट्र के लिए कार्यकर्ता है पार्टी के कार्यकर्ता का व्यक्तिगत कोई लाभ नहीं है। केवल राष्ट्र के उत्थान के लिए हमारी पार्टी 24 घंटे कार्य करती है।

## एक नजर

### आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ: समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव 25 फरवरी को आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे। इस दिन कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के भी शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही यात्रा राजधानी से रायबरेली, अमेठी, लखनऊ आदि जिलों से गुजर चुकी है। पूर्व में सपा प्रमुख के यात्रा में शामिल होने की चर्चा थी, पर वह शामिल नहीं हुए। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस व सपा के सीटों पर समझौता होने के बाद कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय उन्हें यात्रा का न्योता देने सपा मुख्यालय पहुंचे थे। सूत्रों ने बताया कि सपा प्रमुख ने 25 फरवरी को यात्रा में शामिल होने पर सहमति दी है।

# 100 प्रत्याशियों की जारी होगी भाजपा की पहली सूची

## लोकसभा चुनाव: मार्च के पहले सप्ताह में सूची जारी करने की तैयारी, प्रत्याशी चयन पर हो रहा मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहली सूची में प्रदेश में हारी हुई 14 लोस सीटों के प्रत्याशियों के होंगे नाम
- प्रत्याशियों को जनता तक पहुंचने का पूरा मौका देने का प्रयास कर रही भाजपा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर भाजपा मार्च के पहले हफ्ते में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। इसमें 100 प्रत्याशियों के नाम शामिल होने की उम्मीद है। सूची में ज्यादातर वे सीटें होंगी, जिनमें भाजपा 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में हार गई थी। इसमें प्रदेश की 14 लोकसभा सीटें शामिल है।

सूत्र बताते हैं कि भाजपा मार्च के पहले हफ्ते में लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी पहली सूची जारी कर सकती है। भाजपा की पहली सूची में करीब 100 प्रत्याशियों के नाम होने की भी बात कही जा रही है। इसमें उत्तर प्रदेश पर सबसे ज्यादा फोकस है। इसके अलावा कई प्रदेशों की हारी हुई सीटें शामिल हैं, जहां भाजपा प्रत्याशी दूसरे नंबर पर थे। उप्र में भी भाजपा के 14 प्रत्याशी पिछले लोकसभा चुनाव में हार गए थे। साथ ही 10 सीटों पर उनकी जात का अंतर भी कम था। ऐसी सीटों को लेकर भाजपा नेतृत्व ज्यादा सतर्क है। मिशन-80 साधने के लिए भाजपा इन सीटों पर प्रत्याशियों की पहले घोषणा कर उन्हें जनता तक पहुंचने के लिए पर्याप्त मौका देना चाहता है, ताकि कोई कोर कसर न रहे।

**लोकसभा की 160 सीटों पर फोकस:** भाजपा लोकसभा चुनाव में पूरी शक्ति और क्षमता के साथ उतरने जा रही है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा ने लोकसभा की ऐसी करीब 160 सीट पहले से ही चयनित कर रखी है, जिनमें या तो भाजपा जीत नहीं पाई थी या फिर बहुत कम अंतर से चुनाव जीती थी। यहां पहले ही कलस्टर प्रभारी तैनात कर काम कर रही है।

### 10 लोकसभा सीटें जीतने में छूट गए थे पसीने

उप्र में सभी 80 सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा को पिछली बार 10 लोकसभा सीटों पर जीत के लिए पसीने बहाने पड़े थे। इसमें मछलीशहर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी बीपी सरोज को महज 181 वोटों से जीत मिली थी। जबकि मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर संजीव बालियान मात्र 6,526 वोटों से जीते। इसी तरह मेरठ लोकसभा सीट पर भी राजेंद्र अग्रवाल मात्र 4,729 वोटों से जीत पाए। सपा की गढ़ रही कन्नौज सीट पर भी पिछली बार भाजपा के सुब्रत पाठक ने डिंपल यादव को मात्र 12,353 वोटों से हराया था। चंदौली लोकसभा सीट पर महेंद्र नाथ पांडेय करीब 14 हजार वोट से जीते थे। सुल्तानपुर में मेनका गांधी भी महज 14,526 वोटों से जीत सकीं। बलिया में भी सिर्फ 15,519 वोटों से वीरेंद्र सिंह मस्त जीते। पश्चिम की बदायूं लोकसभा सीट पर संघमित्रा मौर्य को भी मात्र 18,454 वोटों से जीत हासिल हुई। बागपत सीट पर सत्य पाल सिंह भी मात्र 23,502 वोटों से जीत पाए थे। दूसरे स्थान पर रालोद के जयंत चौधरी थे, जो अब भाजपा गठबंधन के तहत यह लोकसभा सीट ले सकते हैं। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर पिछली बार भाजपा चंद्रसेन जौदान 28,781 वोटों से जीते थे। उनकी जीत का अहम फैक्टर था कि पिछली बार बागी होकर शिवपाल सिंह यादव ने ताल ठोकी थी, और 91869 वोट हासिल हुए थे। इस बार शिवपाल सपा के साथ हैं। ऐसे में भाजपा के लिए इस सीट पर जीत हासिल करना आसान नहीं होगा।

# विधान परिषद की खाली 13 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश विधान परिषद की खाली 13 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चार मार्च से मतदान शुरू होगा, जबकि मतदान 21 मार्च को होगा। इसी दिन परिणाम घोषित किये जाएंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि परिषद के 13 सदस्यों का कार्यकाल पांच मई को समाप्त हो रहा है। इसी के मद्देनजर चुनाव कार्यक्रम घोषित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रत्याशियों के नाम-निर्देशन की अधिसूचना चार मार्च की जाएगी। इसी दिन से प्रत्याशी नामांकन शुरू कर सकेंगे। नामांकन की अंतिम तिथि 11 मार्च निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद 14 मार्च तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। 21 मार्च को पूर्वान्ह 9 बजे से अपरान्ह चार बजे तक मतदान होगा। इसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना होगी।

### इनका कार्यकाल होगा समाप्त

भाजपा के डॉ. महेंद्र सिंह, मोहसिन रजा, अशोक कटियार, अशोक धवन, बुक्कल नवाब, यशवंत, विजय बहादुर पाठक, -विद्यासागर सोनकर, डॉ. सरोजिनी अग्रवाल, निर्मला पासवान, अपना दल केआशीष पटेल, सपा के नरेश उत्तम पटेल व बसपा के भीमराव अंबेडकर।

# छह का लैब टेस्ट, जारी किया तीन हजार उत्पादों का हलाल प्रमाण पत्र

## प्रमाण पत्र जारी करने वाली सात संस्थानों की कुंडली खंगाल रही एसटीएफ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मोहम्मद मदनी और हलाल काउंसिल के पदाधिकारियों के खातों की जांच शुरू
- प्रमाण पत्र बांटने के नाम पर करोड़ों रुपये की हुई वसूली हजरतगंज में दर्ज हुई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** हलाल प्रमाण पत्र में एसटीएफ के हाथ कई अहम दस्तावेज हाथ लगे। इसमें हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया ने जिन 3000 उत्पादों को हलाल प्रमाण पत्र जारी किया था। उनमें से सिर्फ छह का ही लैब टेस्ट कराया गया था। इन जांच के साक्ष्य मिले है। बाकी अन्य उत्पादों जांच कराए जाने के प्रमाण नहीं मिले। प्रमाण पत्र बांटने के नाम पर करोड़ों रुपये की वसूली की गई। वहीं, कोर्ट दायर याचिका का जवाब भी तैयार किया जा रहा है।

स्पेशल टास्क फोर्स ने हलाल प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर करोड़ों रुपये की वसूली करने के मामले में हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया, मुंबई के अध्यक्ष सहित चार पदाधिकारियों को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ हजरतगंज थाने में पिछले साल नवंबर माह में केस दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों में अध्यक्ष मौलाना हबीब युसुफ पटेल, उपाध्यक्ष मौलाना मुइदशीर सपाडिआ, जनरल सेक्रेटरी मो. ताहिर जाकिर हुसैन चौहान और ट्रेजरार मो. अनवर शामिल है।

**याचिका का तैयार किया जा रहा जवाब:** वहीं, हलाल मामले में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। यह याचिका मदनी की करीबी वकीलों ने दायर की। इसका जवाब भी तैयार किया जा रहा है। एसटीएफ की टीम ने मुकदमे से संबंधित सारे दस्तावेज जुटा लिए है। कोर्ट में दायर याचिका के हर बिंदु पर जवाब विधि विशेषज्ञों के सहयोग से तैयार किए जा रहे हैं।

**हवाला कारोबार से कनेक्शन का संदेह:** एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक हलाल प्रमाण पत्र जारी करने का अवैध कारोबार हवाला से जुड़ने का संदेह गहराता जा रहा है। इसमें कई ऐसे लेन-देन सामने आये हैं। जो कोडवर्ड और पर्ची के जरिए किए गए हैं। एसटीएफ की टीम इस बारे में भी जांच कर रही है। अधिकारी के मुताबिक रुपये लेने के कई तरीके अपनाए गए। इसमें बैंक खातों में सिर्फ दिखावे की रकम मंगाई जाती थी। वहीं, कई एजेंसी व ट्रस्ट ने हवाला के जरिए भी रुपये वसूले हैं। इसका ब्योरा जुटाया जा रहा है।

**7-8 संस्थाओं का ब्योरा जुटा रही एसटीएफ:** हलाल प्रमाण पत्र मामले में पिछले साल नवंबर से ही एसटीएफ कई संस्थाओं का ब्योरा जुटा रही है। इसमें 7-8 एजेंसी व ट्रस्ट के नाम सामने आये। इनमें प्रमुख रूप से हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जमीयत उलमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट और हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया प्रमुख है। इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। एसटीएफ की टीम इन सभी संस्थाओं के खातों की डिटेल जुटा रही है।

### मदनी से छह घंटे हुई थी पूछताछ

चार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ ने जमीयत उलमा-ए-हिंद हलाल ट्रस्ट के चीफ महमूद मदनी को बुधवार को पूछताछ के लिए बुलाया। उनसे छह घंटे की पूछताछ की गई। इस दौरान हलाल प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में कई सवाल किए गए। एसटीएफ की टीम ने मदनी से खाते के बारे में भी जानकारी मांगी। मामले के विवेचक व एसटीएफ के विवेचना टीम अधिकारी के मुताबिक महमूद मदनी से दोबारा पूछताछ की जाएगी। इस मामले से संबंधित कई जरूरी दस्तावेज जुटाए जा रहे हैं।

# भारत एक विचार है, संस्कृत उसकी प्रमुख अभिव्यक्ति

## प्रधानमंत्री मोदी ने बीएचयू में सांसद संस्कृत प्रतियोगिता पुरस्कार समारोह को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के स्वतंत्रता भवन समागार में आयोजित सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत एक विचार है, संस्कृत उसकी प्रमुख अभिव्यक्ति। भारत एक यात्रा है तो संस्कृत उस इतिहास यात्रा का प्रमुख अध्याय है। भारत विविधता में एकता की भूमि है तो संस्कृत उसका प्रमुख उर्वरक है।

प्रधानमंत्री ने बीएचयू में आयोजित समारोह में अपने उद्बोधन में कहा कि महामना के इस प्रांगण में सभी विद्वानों खासकर युवा विद्वानों के बीच आकर ज्ञान की गंगा में डुबकी लगाने जैसा अनुभव हो रहा है। काशी समय से भी प्राचीन कही जाती है। इसकी पहचान को हमारी आधुनिक युवा पीढ़ी इतनी जिम्मेदारी से सशक्त कर रही है, ये दृश्य हृदय में संतोष भर देता है और ये विश्वास दिलाता है कि अमृत काल में आप सब देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

**विजेताओं और प्रतिभागियों को दी शुभकामनाएं:** प्रधानमंत्री ने काशी सांसद संस्कृत प्रतियोगिता, सांसद ज्ञान प्रतियोगिता और सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को उनके परिश्रम और प्रतिभा के लिए बधाई दी। यहां उन्होंने दो बुकलेट भी विमोचित की जिसमें यहां हुए विकास के हर पड़ाव और संस्कृति का वर्णन किया गया है। इसके अलावा जितनी भी सांसद प्रतियोगिताएं काशी में आयोजित की गई हैं, उनपर भी छोटी छोटी पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, काशी विश्वनाथ न्यास परिषद के अध्यक्ष प्रो. नागेंद्र पांडेय, काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ त्रिपाठी, मंत्री दयाशंकर मिश्र ''दयालु'', रवींद्र जायसवाल, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### परिवारवादी पार्टियों ने प्रथम आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने से रोकने की कोशिश की: प्रधानमंत्री

**वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को सीर गोवर्धनपुर स्थित गुरु रविदास जन्मस्थली मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद गुरु के 647वें प्रकाशपर्व समारोह को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा, देश को जाति के नाम पर उकसाने और लड़ाने में भरोसा रखने वाले इंडी गठबंधन के लोग दलितों वंचितों के लिए हर योजना का विरोध करते हैं और जाति के नाम पर अपने परिवार के स्वार्थ के लिए राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टी अपने परिवार के बाहर किसी दलित और आदिवासी को आगे नहीं बढ़ने देना चाहते। देश में पहली आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने का किन किन लोगों ने विरोध किया था, ये हर कोई जानता है। ये सब वही परिवारवादी पार्टियां हैं, जिन्हें चुनाव के वक्त दलित की याद आने लगती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को जाति के नाम पर उकसाने और लड़ाने में भरोसा रखने वाले इंडी गठबंधन के लोग दलितों वंचितों के लिए हर योजना का विरोध करते हैं और जाति के नाम पर अपने परिवार के स्वार्थ के लिए राजनीति करते हैं।

### प्रधानमंत्री के प्रयास से यूएई में बना पहला हिंदू मंदिर: योगी

लखनऊ/वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा व प्रयास से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में पहला हिंदू मंदिर बना है। बीते सप्ताह ही उसका लोकार्पण कर प्रधानमंत्री काशी में पधारे हैं। योगी ने कहा कि गुरुवार रात 11 बजे भी अपने संसदीय क्षेत्र काशी में रहकर प्रधानमंत्री को आप सभी ने विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए देखा होगा। रात्रि 11 बजे जब दुनिया सोती है, तब प्रधानमंत्री जगकर आपके हित में कार्य कर रहे थे। उक्त बातें योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में आयोजित सांसद खेलकूद, सांसद संस्कृत प्रतियोगिता, सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण को संबोधित करते हुए कहीं।

# ... तो 10 जिलों ने ज्यादा डिलीट किए जॉब कार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ:** मनरेगा में किसी कारण शिफ्ट या मृत श्रमिकों के जॉब कार्ड 10 जिलों में सर्वाधिक डिलीट किए गए हैं। इसमें पारदर्शित बरती गई या नहीं इसका परीक्षण कराने के निर्देश ग्राम्य विकास विभाग द्वारा दिए गए हैं। जिलों में मनरेगा श्रमिकों के जॉब कार्ड डिलीट करने हैं। उनमें वह श्रमिक शामिल हैं जो कहीं शिफ्ट हो गए या फिर उनकी मृत्यु हो गई है। या फिर ग्राम पंचायत नगर में शामिल होने के कारण काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे प्रदेश में 56,01,146 जॉब कार्ड डिलीट किए गए हैं। इसमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी, प्रयागराज, सीतापुर, बस्ती, हरदोई, आजमगढ़, गाजीपुर, बहराइच, जौनपुर व कुशी नगर ने कार्ड डिलीट किए हैं। इन जिलों में संख्या अधिक होने के कारण कार्रवाई उचित हुई या नहीं इसका परीक्षण कराया जाएगा। संयुक्त आयुक्त मनरेगा अनिल कुमार पांडेय ने सभी जिले से रिपोर्ट मांगी है।

# प्रदेश बनेगा मैन्युफैक्चरिंग, ईवी, टूरिज्म, एनर्जी और फॉर्मा का हब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दुनिया में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लेकर प्रदेश मजबूत स्थिति में

**अमृत विचार:** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रदेश विकास की नई गाथा लिखने जा रहा है। 10 लाख करोड़ से अधिक धनराशि की 14 हजार से अधिक परियोजनाओं के भूमिपूजन से न सिर्फ विकास को गति मिलने जा रही है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी सुपर बूस्टअप मिलेगा। देश की अर्थव्यवस्था में अभी प्रदेश 9.2 प्रतिशत का योगदान दे रहा है, इसमें और वृद्धि होगी और दूसरे स्थान पर स्थिति और मजबूत होगी।

जीबीसी-4 के बाद प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग, ईवी, फॉर्मा, एनर्जी, डाटा सेंटर, एमएसएमई, रिन्यूएबल एनर्जी, रीयर एस्टेट, वेस्ट मैनेजमेंट समेत अनेक सेक्टर्स में प्रदेश का दबदबा बढ़ने जा रहा है। सर्वाधिक 21 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में परियोजनाएं आने से प्रदेश इसका हब बनेगा।

इसके अतिरिक्त रिन्यूएबल एनर्जी में 13 प्रतिशत, आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में 9 प्रतिशत, पावर में 8 प्रतिशत, फूड प्रॉसेसिंग में 6 प्रतिशत, रीयल एस्टेट में 6 प्रतिशत, एमएसएमई में 5 प्रतिशत, हॉस्पिटैलिटी एंड एंटरटेनमेंट में 3 प्रतिशत, वेस्ट मैनेजमेंट में 3 प्रतिशत और एजुकेशन में 3 प्रतिशत निवेश हुआ है। जाहिर है इन सभी सेक्टर में प्रदेश क्षमता बढ़ेगी, अधिक वर्कफोर्स लगेगा, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के विकास और इसकी अर्थव्यवस्था को होगा। इसके अतिरिक्त हेल्थकेयर, वुड बेस्ड इंडस्ट्रीज, डिस्टलरीज, डेयरी, कोऑपरेटिव्स, हैंडलूम एंड टेक्सटाइल, फॉर्मा एंड मेडिकल डिवाइस और एनीमल हस्बैंड्री जैसे सेक्टर में भी बड़े पैमाने पर निवेश अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक होगा।

साथ ही प्रदेश अब जॉब क्रिएटर बन रहा है। सभी 75 जनपदों में निवेश से हर जनपद में रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। 56 प्रतिशत कामगार आबादी वाला प्रदेश अब भारत के अर्थ शक्ति पुंज वाला प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है।

### पर्यटन से मजबूत होगी अर्थव्यवस्था

जीबीसी 4.0 के तहत पर्यटन स्थलों पर भी विकास परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ है। पर्यटन स्थलों पर विकास होने से यहां पर्यटकों का आमद बढ़ेगी, जिससे इन स्थलों की अर्थव्यवस्था में वृद्धि होगी और लोगों को रोजगार मिलेगा। उदाहरण के तौर पर अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से अब तक 60 से 65 लाख लोगों ने यहां दर्शन किए हैं। काशी और मथुरा-वृंदावन भी इस मामले में पीछे नहीं हैं। प्रयागराज में अगले वर्ष लाखों-करोड़ों लोग महाकुंभ में स्नान करेंगे।

### रीढ़ बनेंगी एमएसएमई इकाईयां

जीबीसी 4.0 के ताजा आंकड़ों पर नजर डालें तो एमएसएमई के तहत 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं का भी शुभारंभ हुआ है। प्रदेश में अभी 96 लाख से अधिक एमएसएमई यूनिट हैं। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत के साथ अब इनका एक करोड़ के पार जाना सुनिश्चित है। प्रदेश सरकार ने एमएसएमई सेक्टर को समर्थन देने के लिए विभिन्न योजनाओं और अनुदानों की शुरुआत की है। इसी वजह से बड़ी संख्या में एमएसएमई को लेकर निवेश हो रहा है, जो प्रदेश के विकास में नया आयाम स्थापित करेगा।


## वर्ग पहेली-352

**बाएं से दाएं**

4. अधीन, वशीभूत, वश में आया हुआ।, नीचे।
5. डरावना, भयानक।
6. 1. आडंबर, तड़क-भड़क 2. सौंदर्य 3. विस्तार 4. बहुत बड़ा समूह या झुंड 5. एक तरह का चंदवा 6. सादृश्य 7. गर्व 8. चहल-पहल।
7. 1. जिसके मन में मैल या द्वेष हो, ईर्ष्यालु 2. कपटी, धूर्त, दुष्ट।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नीरस होने का भाव, रस का अभाव, फीकापन 2. रोचक अथवा दिलचस्प न होना।
2. 1. सादा आहार 2. रूखा-सूखा भोजन।
3. फाटक या द्वार के ऊपर का वह स्थान जहां बैठकर नौबत नामक वाद्य बजाया जाता है, नक़्क़ारखाना।
5. 1. भ्रम, धोखा 2. संदेह, वहम 3. धाक, साख।



### वर्ग पहेली - 351 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अं | त | र | 2 अ | य | 3 न |
| शु | | | म | | वी |
| मा | | 4 वि | ल | स | न |
| ला | | | ता | | ता |
| | 5 सु | खा | स | न | |
| | दि | | | | 6 ख़ा |
| 7 ति | न | क | ना | | लू |

## सुडोकू -69

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | | | 7 | | |
| | | 2 | | 1 | 5 | 8 | | |
| | | 6 | | 9 | | | | |
| | | | 1 | | | 9 | | |
| 6 | | 1 | | | | 3 | | 2 |
| | | 7 | | 4 | 8 | | | |
| | | 4 | | 6 | | 1 | | |
| | | | 8 | | | 2 | 3 | |
| | | 8 | | | 2 | | 5 | |

### सुडोकू - 68 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 7 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 24 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 17.59 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।


मेष
आज ऑफिस में अधिकारियों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। अपनी प्रतिभा का सही उपयोग करने का प्रयास करें। आत्मविश्वास में कमी आएगी। आपको किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है।


वृष
आज मन में असमंजस जैसी स्थिति बन सकती है। स्वास्थ्य संबंधी लापरवाही बिल्कुल न करें। बाहर का भोजन करने से आपको बचना चाहिए। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं। बच्चों के साथ आनंद का समय व्यतीत करेंगे।


मिथुन
आज धार्मिक और अध्यात्मिक चर्चाओं में रुचि ले सकते हैं। माता-पिता आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। सेहत की दृष्टि से दिन बहुत अच्छा है। इंटरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा।



कर्क
आज परिजनों के साथ मतभेद सामने आ सकते हैं। छोटी-मोटी दुर्घटना होने की आशंका है। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत न करें। किसी बात को लेकर मन में तनाव रहेगा। क्रोध में आकर कुछ भी बोलने से बचें।



सिंह
आज फिर भी विवादित मुद्दों पर चर्चा से दूरी बनाकर रखना चाहिए। धार्मिक स्थल पर जाने का विचार बना सकते हैं। संतान के लिए समय अच्छा रहेगा। घर में कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है। लोग आपकी कार्यक्षमता से प्रभावित होंगे।


कन्या
आज यात्रा के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। दिनचर्या बहुत अच्छी नहीं रहेगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी में जल्दबाजी न करें। कारोबार में कुछ व्यवहारिक चूक कर सकते हैं। जीवनसाथी से बहस हो सकती है।


तुला
आज व्यापार में सहयोगियों से परामर्श लेना हितकर होगा। मानसिक तनाव में कमी आएगी। अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी। कुछ महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा।


वृश्चिक
आज धैर्यपूर्वक विचार करना बेहतर होगा। काम की अधिकता के कारण थकान हो सकती है। कुछ नजदीकी सहकर्मियों की कार्यशैली से आप नाखुश हो सकते हैं। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे।



धनु
आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी सहभागिता बढ़ने वाली है। यात्रा का आनंद उठाएंगे। घर में बड़ों की सलाह से काम करना बेहतर होगा। स्वास्थ्य से जुड़े कष्टों का निवारण होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।


मकर
आज आर्थिक पक्ष कमजोर होगा। किसी से भी धन उधार लेन-देन न करें। विद्यार्थी अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आपको भागदौड़ का सामना करना पड़ेगा। अवमानना झेलनी पड़ सकती है।


कुंभ
आज अपने निजी मामलों में दूसरों का हस्तक्षेप न करने दें। किसी उलझन से बाहर निकल सकते हैं। अपने दायित्वों को निर्वहन करना चाहिये। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। दांपत्य जीवन में प्रेम भावना और सामंजस्य भाव बढ़ेगा।


मीन
आज आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। विरोधियों को अच्छी तरह से परास्त कर पाएंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। अपनी भावनाओं पर नियन्त्रण रखें। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

## आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- गुरु रविदास जयंती। दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 22.20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
खेल — सुबह: 10.00
शान — रात: 07.00

Sony Pix
एनाकोंड्रास — सुबह: 10.13
जर्नी 2 — रात: 09.00

Sony Max
परिनीता — सुबह: 09.21
हुड़दंग — शाम: 05.24

Zee Cinema
गंगाजल — सुबह: 10.30
कहो ना... प्यार है — रात: 07.30

Colors Cineplex
गब्बर इज बैक — सुबह: 09.36
देवदास — रात: 09.24

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू से उसकी पत्नी बोलीं, सुनो! तुम्हारा जिगरी दोस्त चंपू शादी करने जा रहा है और जिस लड़की से उसकी शादी होने वाली है, वह बिल्कुल घटिया है। तुम्हारे दोस्त का जीवन बरबाद हो जाएगा। चलो, चलकर उसे समझाएं। मैं नहीं जाऊंगा। मुझे कौन समझाने आया था? सोनू ने गुस्से से कहा।

प्लंबर- सर, नल ठीक हो गया लेबर चार्ज एक हजार रुपये
घर का मालिक इंजीनियर- अरे, दो घंटे की इतनी फीस तो मेरी भी नहीं है।
प्लम्बर-सर, जब मैं इंजीनियर था तो मेरी भी नहीं थी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1095 डीएमओ 860 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## कानपुर मंडी

**अनाज**
गेहूं दड़ा 2525-2550
आरआर.21 2700-2750
गेहूं फारम 2800-2850
जौ 2000-2100
ज्वार 2600-4000
बाजरा 2125-2175
मकाई 2000-2200
**दलहन (प्रति क्वि.)**
लोकल मिल डिलीवरी
चना 5200-5400
अरहर 7500-8000
मसूर 5500-5600
मटर 4400-4500
उड़द हरा 10000-10200
उड़द काला 6000-8000
मूंग 8500-8800
**दाल (प्रति क्वि.)**
अरहर फूल 14600-14800
अरहर स्पेशल1 12100-12200
चना दाल 7100-7200
मटर दाल5000-5100
मसूर दाल 7000-7050
उड़द दाल 9000-12000
उड़द धोवा10500-13000
मूंग दाल 8800-10300
मूंग धोवा 9800-11500
**चावल (प्रति क्वि.)**
अरवा 2000-2300
बासमती नं1. 8500-10000
सेला 2500-3000
बासमती नं2. 6500-7500
**आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)**
आटा 1490-1550
मैदा 1475-1520
सूजी 1500-1550
**चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)**
शाह पसंद 1430-1475
धनिया 6000-13000
लाल मिर्च 28000-34000
जीरा 58000-62000
अजवाइन 20000-28000।

# मोदी पर गूगल एआई टूल की प्रतिक्रिया आईटी नियमों का उल्लंघन: केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

● इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने लगाए आरोप



इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जैमिनी की प्रतिक्रिया अपराध संहिता के कई प्रावधानों के साथ ही आईटी नियमों का सीधा उल्लंघन है।

मंत्री ने इस संबंध में एक पत्रकार के विशिष्ट एकाउंट द्वारा उठाए गए मुद्दे का संज्ञान लिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि गूगल जैमिनी की, मोदी संबंधी एक सवाल पर प्रतिक्रिया पूर्वाग्रह से ग्रस्त थी, जबकि यही सवाल जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बारे में किया गया तो उसने स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा, 'ये आईटी अधिनियम के मध्यस्थ नियमों (आईटी नियमों) के नियम 3(1) (बी) का प्रत्यक्ष उल्लंघन और आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का उल्लंघन हैं।' मंत्री ने आगे की कार्रवाई के संकेत के साथ पोस्ट को गूगल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय को प्रेषित किया है।

पत्रकार ने एक स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें गूगल जैमिनी से मोदी के बारे में एक सवाल किया गया था। जवाब में, जैमिनी ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में अशोभनीय टिप्पणियां कीं, लेकिन जब ट्रम्प और जेलेंस्की के बारे में वही प्रश्न पूछा गया तो उसने सीधा जवाब नहीं दिया।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल एक यूजर ने गूगल के एआई चैटटूल जेमिनी से पूछा था कि क्या नरेंद्र मोदी फासीवादी हैं? इस सवाल के जवाब में जेमिनी ने कहा, 'नरेंद्र मोदी भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री हैं और भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। उन पर ऐसी नीतियां लागू करने का आरोप लगाया गया है। कुछ विशेषज्ञों ने इसे फासीवादी बताया है। ये आरोप कई पहलुओं पर आधारित हैं। इसमें भाजपा की हिंदू राष्ट्रवादी विचारधारा भी शामिल है।'

## अब तीन दिन में मिलेगा बिजली का नया कनेक्शन

**नई दिल्ली।** सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए नए कनेक्शन लेने और छतों पर लगने वाली सौर इकाइयों के लिए नियम सरल बनाए हैं। इसके तहत नए बिजली कनेक्शन अब महानगरीय क्षेत्रों में तीन दिन, नगरपालिका क्षेत्रों में सात दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिन में मिलेंगे। बिजली मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने इससे संबंधित बिजली (उपभोक्ता अधिकार) नियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

मंत्रालय ने कहा कि संशोधनों के बाद छत पर सौर बिजली इकाई लगाने की प्रक्रिया भी सरल हो गई है। साथ ही इसमें बहुमंजिला फ्लैटों में रहने वाले लोगों को भी कनेक्शन का प्रकार चुनने का अधिकार दिया गया है। आवासीय सोसाइटी में सामान्य क्षेत्रों और बैक-अप जनरेटर के लिए अलग-अलग बिलिंग सुनिश्चित की गई है।

## रवींद्रन को बायजू के निदेशक मंडल से हटाने का प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली, एजेंसी



शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू के बहुलांश शेयरधारकों ने शुक्रवार को लोकप्रिय तकनीकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' को लेकर संस्थापक एवं सीईओ बायजू रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के लिए मतदान किया, लेकिन बायजू मंच का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने इस मतदान को 'अमान्य' बताते हुए इसे नकार दिया। कंपनी के निदेशक मंडल में फिलहाल रवींद्रन, उनकी पत्नी एवं सह-संस्थापक दिव्या गोकुलनाथ और उनके भाई रिजु रवींद्रन शामिल हैं।

कंपनी के छह निवेशकों ने रवींद्रन एवं उनके परिजनों के खिलाफ प्रस्ताव लाने के लिए असाधारण आम बैठक बुलाई थी, लेकिन अंत में 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखने वाले शेयरधारकों ने बैठक में लाए गए प्रस्तावों के पक्ष में मत दिए। लेकिन कंपनी ने इस बैठक में सिर्फ 20 प्रतिशत शेयरधारकों के ही शामिल होने और उनके पास सामूहिक रूप से 47 प्रतिशत हिस्सेदारी होने का दावा किया। रवींद्रन और उनका परिवार ईजीएम को 'प्रक्रियात्मक रूप से अमान्य' बताते हुए इससे दूर रहा। भले ही ईजीएम में रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के पक्ष में मतदान हुआ है, लेकिन इस बैठक का नतीजा 13 मार्च तक लागू नहीं होगा।

## सर्राफा

**कानपुर**
चांदी 999 (प्रति किलो) 71,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) 82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल 87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम) 63,650
गिन्नी (प्रति नग) 47,400-47,600
**लखनऊ**
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) 65,000
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) 63,850
गिन्नी (प्रति 10 नग) 42, 500
चांदी (999) 73,700
चांदी तैयार 73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) 80, 000
**बरेली**
सोना जेवरात पक्के 63,800
सोना जेवरात गिन्नी 62,800
चांदी पक्की 712 (अनुमानित)
**मुरादाबाद**
सोना 24 कैरेट 63,850
चांदी आभूषण 71,900।

## रिजर्व बैंक ने पेटीएम हैंडल पर यूपीआई करने वालों को दी राहत

मुंबई, एजेंसी

● बैंक ने एनपीसीआई को भुगतान के मामले में कदम उठाने का कहा

रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के जरिये बैंक और वॉलेट सेवाओं का लाभ उठाने वाले ग्राहकों और व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को कुछ अतिरिक्त कदम उठाए। केंद्रीय बैंक ने यूपीआई भुगतान के लिए पेटीएम हैंडल (@पेटीएम) का उपयोग कर रहे पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों के चार-पांच अन्य बैंकों से जुड़ने की संभावना पर भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से गौर करने के लिए कहा है। इस पहल का मकसद भुगतान व्यवस्था में किसी भी तरह की बाधा को रोकना है।

आरबीआई ने पेटीएम की सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 15 मार्च, 2024 के बाद अपने ग्राहक खातों और वॉलेट में धन लेने से रोक दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की वेबसाइट के अनुसार उसके 30 करोड़ वॉलेट और तीन करोड़ बैंक ग्राहक हैं। एनपीसीआई भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणालियों के संचालन के लिए एक केंद्रीय संगठन है।


## मारुत ड्रोन को मिला धान की सीधी बुवाई उपकरण के लिए पेटेंट

**नई दिल्ली।** तेलंगाना स्थित मारुत ड्रोन को अपने 'मल्टी-नोजल बीज वितरण उपकरण' के लिए पेटेंट मिला है। इस ड्रोन की मदद से धान की सीधी बुवाई की जा सकती है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह पेटेंट अधिनियम, 1970 के प्रावधानों के तहत 20 वर्षों के लिए दिया गया दुनिया का पहला जनकेंद्रित पेटेंट है। यह पेटेंट मारुत के सीधे बीज बोने वाले चावल ड्रोन को मान्यता देता है। इसे प्रोफेसर जयशंकर तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय (पीजेटीएसएयू) के सहयोग से विकसित किया गया है। इसमें एक मल्टी-नोजल बीज वितरण उपकरण शामिल है।

## मटर को टक्कर देगी सोयाबीन की खास किस्म

इंदौर, एजेंसी

● इंदौर के भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने विकसित की विशेष किस्म



भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर) के वैज्ञानिकों ने करीब सात साल के अनुसंधान के बाद सोयाबीन की ऐसी खास किस्म विकसित की है, जिसे हरी मटर के दानों की तरह सब्जी के तौर पर खाया जा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रोटीन से भरपूर यह किस्म देश में कुपोषण घटाने और किसानों की आमदनी बढ़ाने में मददगार साबित हो सकती है।

'एनआरसी 188' नाम की इस किस्म को विकसित करने वाले दो सदस्यीय अनुसंधान दल में शामिल प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विनीत कुमार ने बताया, 'सोयाबीन की इस किस्म की हरी फली के दानों में सुक्रोज (शक्कर का एक स्वरूप) होने से इसमें थोड़ी मिठास होती है। यह खूबी सोयाबीन की अन्य किस्मों में नहीं पाई जाती।' उन्होंने बताया कि 'एनआरसी 188' किस्म की हरी फली के दानों को नमक के पानी में उबालकर सब्जी की तरह इसका उपयोग किया जा सकता है।

कुमार के मुताबिक, हरी मटर की तुलना में सोयाबीन की इस किस्म के दानों में तीन से चार गुना ज्यादा प्रोटीन होता है। उन्होंने बताया कि 'एनआरसी 188' की फलियों को सब्जी की तरह बेचकर सोयाबीन उत्पादक किसान मोटी कमाई कर सकते हैं। इसके अलावा इसकी फलियों के दानों को उचित पैकेजिंग के साथ फ्रिज में जमाकर निर्यात भी किया जा सकता है। कुमार ने बताया कि मध्य भारत में खरीफ सत्र के दौरान 'एनआरसी 188' की खेती की सिफारिश की गई है।

# राष्ट्रीय

# संदेशखालि: भीड़ ने शाहजहां की संपत्तियों में लगाई आग

## पश्चिम बंगाल के इस अशांत क्षेत्र में शुक्रवार को फिर हुए प्रदर्शन, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

कोलकाता, एजेंसी



पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में अशांत संदेशखालि के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को फिर से विरोध प्रदर्शन हुए। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने दोषियों के प्रति पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ प्रदर्शन करने के अलावा शाहजहां शेख समेत आरोपी तृणमूल नेताओं की संपत्ति में आग लगा दी।

पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय निवासियों ने संदेशखालि के झूपखाली क्षेत्र में पुलिस वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए सड़कों पर लट्ठे लगाकर उनमें आग लगा दी। तनाव का यह दूसरा दिन है और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर हमलों तथा उनके घरों में लूटपाट किए जाने की खबरें हैं। लाठी-डंडों से लैस प्रदर्शनकारियों ने संदेशखालि के बेलमाजुर इलाके में मछली पकड़ने के एक यार्ड के पास छप्पर वाले ढांचे को आग लगा दी और फरार तृणमूल नेता शाहजहां शेख एवं उसके भाई सिराज के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया।

इस संबंध में एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'पुलिस ने वर्षों तक कुछ नहीं किया। यही कारण है कि हम अपनी जमीन और सम्मान वापस पाने के लिए सबकुछ कर रहे हैं।' बाद में पुलिस इलाके में दाखिल हुई और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। पुलिस महानिदेशक कुमार दोपहर बाद अशांत क्षेत्र में पहुंचे और स्थानीय लोगों से बात की। पुलिस ने जब आगजनी और संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले ग्रामीणों को पकड़ने के प्रयास शुरू किए तो फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा रहीं महिलाएं सड़कों पर उतर आईं। उन्होंने प्रदर्शन किया और यहां तक कि पकड़े गए लोगों को ले जाने से पुलिस को रोकने के लिए वाहनों के सामने लेट गईं।

संदेशखालि में स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जबरन जमीन हड़पने तथा वर्षों तक उनका यौन उत्पीड़न करते रहने का आरोप लगाया है, जिसके बाद से यह जगह सुर्खियों में है।

### शाहजहां के सहयोगियों के आवासों पर ईडी के छापे

**कोलकाता।** ईडी ने धोखाधड़ी से जमीन हड़पने के एक पुराने मामले में तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता शाहजहां शेख से जुड़े कारोबारियों के आवासों पर शुक्रवार को छापे मारे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ईडी ने हावड़ा, विजयगढ़ और बिराती सहित शहर में और उसके आसपास के पांच अलग-अलग स्थानों पर शुक्रवार को सुबह छापेमारी शुरू की। अधिकारी ने कहा, 'यह छापेमारी शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी करके जमीन हड़पने के एक पुराने मामले से संबंधित है। ये लोग शाहजहां के साथ मछली के कारोबार में शामिल थे। हम कुछ विशिष्ट दस्तावेजों की तलाश कर रहे हैं।'

### संदेशखालि पहुंची एनएचआरसी की टीम

**कोलकाता।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की एक टीम शुक्रवार को संदेशखालि पहुंची और महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों में तथ्य जुटाने के लिए ग्रामीणों से बात की। एनएचआरसी ने कहा कि उसने प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर हिंसा के संबंध में चार सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा है।

## महुआ मोइत्रा की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ एक जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से 'गोपनीय' सूचना मीडिया में कथित तौर पर लीक किए जाने के विरुद्ध उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने फैसला सुनाते हुए कहा, '(याचिका) खारिज की जाती है।'

मोइत्रा ने जारी जांच के सिलसिले में 'कोई भी गोपनीय, संवेदनशील, सूचना मीडिया को लीक करने से' ईडी को रोकने के लिए एक निर्देश जारी करने का अदालत से अनुरोध किया था। उन्होंने कई मीडिया संस्थानों को ईडी द्वारा की जा रही जांच/कार्यवाही के सिलसिले में कोई भी सूचना लीक/प्रकाशित करने या प्रसारण करने से रोकने के लिए भी निर्देश देने का अनुरोध किया था।

## भाजपा एजेंसियों के जरिए चंदा वसूल रही: कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

● जयराम रमेश ने कहा- 30 कंपनियों से भाजपा को 335 करोड़ रुपये का चंदा मिला



कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि जांच एजेंसियों के माध्यम से 30 कंपनियों को धमकी देकर और 'ब्लैकमेल' करके 335 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को दिलवाया गया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र पर 'हफ्ता वसूली सरकार' होने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच जरूरी है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सवाल किया कि क्या सरकार इस मामले पर 'श्वेत पत्र' लाने, बिंदुवार स्पष्टीकरण देने और उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच के लिए तैयार है? जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा, 'हफ्ता वसूली और ब्लैकमेल की राजनीति हो रही है। ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। निजी कंपनियों से चंदा लेने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया है।' उन्होंने दावा किया, 'वर्ष 2018-19 से 2022-2023 में 30 कंपनियों से 335 करोड़ रुपये वसूले गए।'

रमेश ने आरोप लगाया कि यह 'हफ्ता वसूली सरकार' है। उनके मुताबिक, इन 30 कंपनियों में से 23 कंपनियों ने वर्ष 2018 से पहले भाजपा को कोई चंदा नहीं दिया था।

## एक नजर

### नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में दो की हत्या की

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में दो आम नागरिकों की हत्या कर दी। चिंतागुफा पुलिस सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बस्तर संभाग के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। ग्रामीणों के नाम सोड़ी हूंगा और माड़वी नंदा हैं। दोनों कहेर दुल्लेड़ गांव के निवासी थे। इसके साथ ही दो अन्य ग्रामीणों को भी नक्सलियों ने सजा देने की चेतावनी दी है। सूत्रों ने बताया कि नक्सली वर्चस्व वाले इलाकों के गांवों में सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित होने से नक्सली बौखला गए हैं और आम नागरिकों को लक्ष्य बना रहे हैं।

### बैंक लूटने आए बदमाशों ने कैशियर को मारी गोली

**जयपुर।** जयपुर के झोटवाड़ा इलाके में दो बदमाशों ने शुक्रवार सुबह पीएनबी की ब्रांच में लूट की कोशिश की और इस दौरान उन्होंने बैंक के कैशियर को गोली मार दी। कैशियर को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जैसे ही बैंक खुला दो नकाबपोश बदमाश घुस गए और और नकदी लूटने का प्रयास किया। बैंक कैशियर नरेंद्र सिंह वहां आ गए तो एक ने उन पर गोली चला दी।

## बीआरएस विधायक नंदिता की सड़क हादसे में मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना में विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधायक जी. लस्या नंदिता की शुक्रवार सुबह संगारेड्डी जिले के पाटनचेरू में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नंदिता (36) जिस कार में यात्रा कर रही थीं, वह सुबह करीब पांच बजकर 10 मिनट पर आउटर रिंग रोड पर सड़क किनारे लगे धातु के अवरोधक से टकरा गई, जिसके चलते दुर्घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## गुजरात: नौका से 350 करोड़ की हेरोइन जब्त

**गांधीनगर।** गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात पुलिस को ड्रग्स के खिलाफ अभियान में 350 करोड़ का ड्रग्स जब्त करने में एक और बड़ी सफलता मिली है। संघवी ने एक्स पर पोस्ट में शुक्रवार को कहा है कि गुजरात पुलिस ने वेरावल बंदरगाह के नलिया गोली किनारे पर छापा मारकर नौका से 350 करोड़ रुपये के हेरोइन ड्रग्स के 50 किलो सीलबंद पैकेट जब्त किए हैं। ऑपरेशन को एसओजी एवं एनडीपीएस की टीम ने संयुक्त रूप से सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए इस ऑपरेशन के तहत नौ लोगों को पकड़ लिया है और कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा है कि गुजरात पुलिस की सतर्कता से ड्रग्स के खिलाफ का यह बहुत बड़ा अभियान सफलता की नई मंजिल की ओर बढ़ रहा है।

## होटल में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

**हावड़ा/कोलकाता।** भाजपा के एक स्थानीय नेता और 10 अन्य लोगों को हावड़ा जिले के एक होटल में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय भाजपा नेता सब्यसाची घोष और उनके 10 सहयोगियों को संकरेल इलाके के एक होटल पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस छापेमारी के दौरान कथित तौर पर भाजपा नेता द्वारा संचालित होटल से कई लड़कियों और महिलाओं को बचाया गया।

## पालम एयरपोर्ट से फर्जी विंग कमांडर अरेस्ट

**नई दिल्ली।** खुद को भारतीय वायुसेना का विंग कमांडर बताकर दिल्ली छावनी क्षेत्र स्थित पालम वायुसेना स्टेशन में प्रवेश करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया विनायक चड्ढा नाम का आरोपी अपने पिता का इलाज वायुसेना स्टेशन के डेंटल अस्पताल में कराना चाहता था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने बताया कि पुलिस को घटना के बारे में सूचना बुधवार को दी गई। उन्होंने बताया कि वह व्यक्ति खुद को विंग कमांडर बताकर थिमैया मार्ग स्थित वायुसेना के डेंटल अस्पताल में दाखिल हुआ। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पहचान के तौर पर उसने जाली दस्तावेज का इस्तेमाल किया और सुरक्षा के पहले घेरे को पार कर लिया, लेकिन बाद में वायुसेना के सुरक्षा कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया।

## कांग्रेस को उम्मीद: आप व तृणमूल के साथ जल्द हो जाएगा गठबंधन

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के साथ सीट बंटवारे की घोषणा के बाद कांग्रेस को उम्मीद है कि आम आदमी पार्टी (आप) और तृणमूल कांग्रेस के साथ गठबंधन को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। पार्टी सूत्रों का कहना है कि आप के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है तथा तृणमूल कांग्रेस के साथ बातचीत जारी है।

सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस और आप दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में सीटों के तालमेल पर सहमत हैं, लेकिन गुजरात की भरूच सीट को लेकर पेंच फंसा है, क्योंकि दिवंगत अहमद पटेल के कारण पार्टी के लोगों की 'भरूच से भावना' जुड़ी है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि दिल्ली में उत्तर मध्य दिल्ली लोकसभा सीट को लेकर पेंच फंसा है, लेकिन इसका समाधान जल्द निकाल लिया जाएगा। सूत्रों का यह भी कहना है कि राहुल गांधी भरूच सीट आप को दिए जाने के पक्ष में नहीं हैं।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, 'भरूच से भावना जुड़ी है। हमें उम्मीद है कि बहुत जल्द इस मामले का समाधान हो जाएगा और कांग्रेस एवं आप के बीच सीट बंटवारे की घोषणा हो जाएगी।' उधर, कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे दिवंगत अहमद पटेल के पुत्र फैसल पटेल ने भरूच सीट आप के खाते में नहीं जाने का फैसला होने का संकेत दिया।

## जदयू नेता नरेंद्र नारायण यादव बिहार विस के उपाध्यक्ष चुने गए

**पटना।** जनता दल यूनाइडेट (जद यू) के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नारायण यादव शुक्रवार को बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यादव को सदन का उपाध्यक्ष चुने जाने पर उन्हें बधाई दी। इस पद पर अपनी नियुक्ति के बाद विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा, 'मुझे यह अवसर प्रदान करने के लिए मैं मुख्यमंत्री और अन्य राजग नेताओं का आभारी हूं। मैं समझता हूं कि जिस पद के लिए मुझे चुना गया है, उसका महत्व है। मैं सदन के सभी विधायकों को आश्वस्त करता हूं कि मैं अपना संवैधानिक कर्तव्य निभाते हुए निष्पक्ष रहूंगा।'

## विशेष योजनाएं लागू करने के निर्देश नहीं दे सकतीं अदालतें

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सरकार के नीतिगत मामलों में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार के नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है और अदालतें राज्यों को इस आधार पर किसी विशेष नीति या योजना को लागू करने का निर्देश नहीं दे सकती हैं कि बेहतर, निष्पक्ष या समझदार विकल्प उपलब्ध है। भूख-कुपोषण से निपटने के लिए सामुदायिक रसोई स्थापित करने की योजना बनाने की अपील करने वाली एक जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की।

शीर्ष न्यायालय ने यह कहते हुए मामले में कोई भी निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) और अन्य कल्याणकारी योजनाएं केंद्र और राज्यों द्वारा लागू की जा रही हैं। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि नीति की विवेकशीलता या सुदृढ़ता के बजाय नीति की वैधता न्यायिक समीक्षा का विषय होगी। पीठ ने कहा, "यह सर्वविदित है कि नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है। अदालतें किसी नीति की शुद्धता, उपयुक्तता या औचित्य की जांच नहीं करती हैं और न ही कर सकती हैं, न ही अदालतें उन नीतिगत मामलों में कार्यपालिका की सलाहकार हैं जिन्हें बनाने का कार्यपालिका को अधिकार है। अदालतें राज्यों को किसी विशेष नीति या योजना को इस आधार पर लागू करने का निर्देश नहीं दे सकतीं कि एक बेहतर, पारदर्शी या तार्किक विकल्प उपलब्ध है।"

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर है कि वह वैकल्पिक कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करें। पीठ ने कहा, "जब खाद्य और पोषण सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'अधिकार आधारित दृष्टिकोण' के साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू है और जब लोगों को गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए किफायती मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण भोजन की पहुंच सुनिश्चित करने के वास्ते उक्त अधिनियम के तहत अन्य कल्याणकारी योजनाएं भी भारत संघ और राज्यों द्वारा बनाई और कार्यान्वित की गई हैं, तो हम उस संबंध में कोई और दिशा देने का प्रस्ताव नहीं करते।"

## डब्ल्यूपीएल 2024 का आगाज



**बेंगलुरु :** बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग 2024 के उद्घाटन समारोह का आयोजन शुक्रवार की शाम हुआ इस दौरान कई सिने कलाकारों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से मैच देखने आए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर बीसीसीआई सचिव जय शाह, अभिनेता शाहरुख खान, वरुण धवन, शाहिद कपूर और डब्ल्यूपीएल टीमों की कप्तान स्मृति मंधाना (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर), हरमनप्रीत कौर (मुंबई इंडियंस), मेग लैनिंग (दिल्ली कैपिटल्स), बेथ मूनी (गुजरात जाइंट्स) के साथ), एलिसा हीली (यूपी वारियर्स) मौजूद रहीं। वहीं डब्ल्यूपीएल का पहला मैच दिल्ली और मुंबई के बीच खेला गया है। • एजेंसी

## मुंबई इंडियन ने दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से रौंदा

**बेंगलुरु, एजेंसी**

यास्तिका भाटिया (57 रन), कप्तान हरमनप्रीत कौर (55 रन) अर्धशतकीय पारी और आखिरी गेंद पर संजीवन संजना के छक्के की बदौलत मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 4 विकेट से हरा दिया है। 172 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई ने पहले ओवर में हेली मैथ्यूज (0) का विकेट गंवा दिया। यास्तिका भाटिया और नैट साइवर-ब्रंट ने दूसरे विकेट लिए 49 रन जोड़े। अरुंधति ने नैट साइवर ब्रंट (19 रन) को बोल्ड किया। भाटिया ने 45 गेंदों में 8 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 57 रन बनाए। एमेलिया कर 24 रन पर आउट हुई। हरमनप्रीत कौर ने 34 गेंदों में 7 चौके और 1 छक्के की मदद से 55 रन बनाए। अमनजोत कौर 3 और संजीवन संजना 6 बनाकर नाबाद रहीं। मुंबई ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 173 रन बनाकर मैच जीत लिया। दिल्ली की अरुंधति रेड्डी और ऐलिस कैप्सी ने दो-दो, शिखा पांडे और मरीजन्न काप ने एक-एक विकेट लिए। इससे पहले ऐलिस कैप्सी 75 रन की तूफानी अर्धशतकीय पारी और जेमिमाह रॉड्रिग्स के 42 रन की मदद से दिल्ली ने मुंबई को 172 रन का लक्ष्य दिया था। मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी को उतरी दिल्ली ने तीसरे ही ओवर में शेफाली वर्मा (1 रन) का विकेट गंवा दिया। 11वें ओवर में कप्तान मेग लानिंग 31 रन बना आउट हुई। ऐलिस कैप्सी और जेमिमाह रॉड्रिग्स ने टीम को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 74 रन जोड़े। ऐलिस कैप्सी ने 53 गेंदों में 8 चौके और 3 छक्कों की मदद से 75रनों की पारी खेली। वहीं जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 24 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 42 रन बनाए। मरीजन्न काप 16 रन बनाकर आउट हुई। दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवरों में 5 विकेट पर 171 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुम्बई की ओर से नैट साइवर-ब्रंट और एमेलिया केर ने दो-दो विकेट और शबनीम इस्माइल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



## खेल डायरी

### भारतीय टीम के सामने हांगकांग की चुनौती



तुर्किश कप

**अलान्या (तुर्की), एजेंसी।** पहले मैच में एस्तोनिया को हराने के बाद भारतीय महिला फुटबॉल टीम तुर्किश कप के दूसरे मैच में शनिवार को हांगकांग के खिलाफ इस लय को जारी रखने उतरेगी। भारत ने पहले मैच में एस्तोनिया को 4-3 से हराया था जो सीनियर महिला टीम की किसी यूरोपीय टीम के खिलाफ पहली जीत थी। इससे छाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम का मनोबल बढ़ा होगा। फीफा रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज हांगकांग के खिलाफ भारत का यह पांचवां मैच होगा। भारत ने पिछले चारों मैच जीते हैं, जिनमें 11 गोल दागे और दो गोल गंवाए। आखिरी बार 2019 में एक दोस्ताना मुकाबले में भारत ने प्यारी शाशा के दो गोल के दम पर जीत दर्ज की थी। प्यारी ने एस्तोनिया के खिलाफ पहले मैच में भी गोल दागा। भारत इस समय तीन अंक और प्लस एक का गोल औसत लेकर तालिका में शीर्ष पर है जबकि हांगकांग का खाता भी नहीं खुला है और वह आखिरी स्थान पर है।

### कपूर, संधू पहले दौर के बाद संयुक्त 26वें स्थान पर

**मस्कट।** भारतीय गोल्फर शिव कपूर और युवराज संधू ने 20 लाख डॉलर पुरस्कार राशि की 'इंटरनेशनल सीरीज ओमान' के पहले दौर में दो अंडर 70 का समान कार्ड खेला, जिससे वे संयुक्त 26वें स्थान पर हैं। स्पेन के डेविड पुइग ने 7 अंडर पार 65 के कार्ड से एकल बढ़त बनाई। अन्य भारतीयों में एस चिक्कारंगप्पा (71) संयुक्त 37वें जबकि करणदीप कोचर, एसएसपी चौरसिया और राशिद खान 72 का कार्ड खेलकर संयुक्त 59वें स्थान पर हैं। अनिर्बान लाहिड़ी, गगनजीत और अजीतेश संधू एक ओवर के कार्ड खेलकर संयुक्त 71वें स्थान पर हैं। हनी बेसोया (74) संयुक्त 91वें और जीव मिल्खा सिंह (75) संयुक्त 108वें स्थान पर हैं। उन पर कट से चूकने का खतरा है।

### अभय गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह टोरंटो में चैलेंजर टूर के 9000 डॉलर ईनामी राशि के गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त अभय ने फ्रांस के मेथियो लेवी को 13-11, 11-7, 11-3 से हराया। हांगझोउ एशियाई खेलों में टीम वर्ग में स्वर्ण और मिश्रित युगल कांस्य जीतने वाले अभय का सामना अब मिस्र के अब्दुलरहमान अब्दुलखालिक से होगा। पिछले महीने अभय ने मुंबई में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन पीएसए टूर्नामेंट जीता था। शिकागो में विंडी सिटी ओपन के दूसरे दौर में भारत के रमित टंडन मिस्र के आठवीं वरीयता प्राप्त तारिक मोमिन से 11-5, 4 -11, 4 -11, 8-11 से हार गए।

### एफआईएच प्रो लीग : ऑस्ट्रेलिया से बदला लेने पर भारत की नजर



**राउरकेला।** पिछले मैच की नाकामी को भुलाकर भारतीय पुरूष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के अगले मैच में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के अपराजेय अभियान में नकेल डालने की कोशिश करेगी। भारत ने पिछले मैच में दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ अच्छी हॉकी खेली, लेकिन शूटआउट में 2-4 से हार गई। भारत इस समय छह मैचों में 11 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया सारे छह मैच जीतकर अपराजेय है। अपने घरेलू अभियान का अंत जीत के साथ करने के अलावा भारत की नजरें बदला चुकता करने पर भी लगी होंगी। इस महीने की शुरूआत में भुवनेश्वर में भारत को आस्ट्रेलिया ने 6-4 से हराया था। आस्ट्रेलिया को हराने के लिये हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# रूट ने इंग्लैंड को संभाला, आकाशदीप का दमदार आगाज

## चौथे टेस्ट के पहले दिन रूट ने 226 बॉल में बनाए 106 रन, आकाशदीप ने 24 रन देकर इंग्लैंड के लिए 3 विकेट

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट शृंखला**

**रांची, एजेंसी**

भारत को आकाश दीप के रूप में शानदार तेज गेंदबाज मिला लेकिन जो रूट ने शतक जमाकर अकेले इंग्लैंड को संकट से निकालते हुए चौथे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को 7 विकेट पर 302 रन तक पहुंचाया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर रूट 226 गेंद में 106 रन बनाकर खेल रहे थे । उनके साथ ओली रॉबिनसन ने 26 रन बना लिए हैं।

दोनों ने इंग्लैंड को आकाश दीप के दिए झटकों से निकाला। बिहार के आकाश दीप बंगाल के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंने पहले घंटे में ही गेंद को दोनों तरफ से स्विंग कराके इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत नहीं करने दी। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले सत्र में इंग्लैंड के 5 विकेट 112 रन पर गिर गए थे । पिछले तीन टेस्ट में 29, 2 , 5, 16, 18 , 7 रन बनाने वाले रूट ने संयम से खेलते हुए पारी को संभाला। उन्होंने 15 पारियों में पहला शतक जड़ा जो उनके कॅरियर का 31वां टेस्ट शतक है। उन्होंने नौ चौके लगाए। 5 मैचों की शृंखला में इंग्लैंड 1-2 से पीछे है, जिसे विशाखापत्तनम और राजकोट में पिछले दोनों टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी।

इससे पहले आकाश ने दस गेंद के भीतर बेन डकेट (11), ओली पोप (0) और जाक क्रॉली (42) के विकेट चटकाए। उन्होंने 24 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने क्रमशः जॉनी बेयरस्टो और स्टोक्स को पगबाधा आउट किया। आकाश दीप ने दूसरे ही ओवर में क्रॉली का ऑफ स्टम्प उखाड़ दिया था लेकिन वह नो बॉल थी। नई गेंद के उनके जोड़ीदार मोहम्मद सिराज लय के लिए जूझते दिखे जिन्हें खेलने में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशानी नहीं हुई। क्रॉली ने उन्हें लगातार 3 चौके और मिडविकेट पर छक्का लगाया। उन्होंने 4 के स्कोर पर जीवनदान मिलने के बाद 32 गेंद में 32 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से स्पिनर जडेजा को गेंद सौंपी। आकाश दीप ने दसवें ओवर में दो विकेट लिए, जिसमें दो बार रिव्यू का इस्तेमाल हुआ और एक भारत के पक्ष में रहा। उनका पहला विकेट डकेट बने जिनका कैच विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल ने लपका। अंपायर के नॉट आउट करार देने पर रोहित ने रिव्यू लिया और अंपायर को फैसला बदलना पड़ा। पोप को आकाश दीप ने पगबाधा आउट किया। अगली गेंद पर जो रूट भी चकमा खा गए लेकिन रिव्यू लेने पर पता लगा कि गेंद आफ स्टम्प से बाहर जा रही थी। अगले ओवर में आकाश दीप ने क्रॉली को आउट किया जो क्लीन बोल्ड हुए । इसके बाद से रूट और बेयरस्टो ने 50 से अधिक रन की साझेदारी की। फॉर्म के लिये जूझ रहे बेयरस्टो ने कुछ अच्छे स्ट्रोक्स खेले लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। उन्हें अश्विन ने पगबाधा आउट किया जब वह स्वीप लगाने की कोशिश में थे। भारत ने एक बार फिर सटीक रिव्यू लिया। इस विकेट के साथ ही अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ सौ विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए। रूट और बेन फोक्स (126 गेंद में 47 रन) ने छठे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की। सिराज ने चाय के बाद फोक्स को रविंद्र जडेजा के हाथों लपकवाकर इस साझेदारी का अंत किया। सिराज ने टॉम हार्टली को पवेलियन भेजा।



टेस्ट मैच के दौरान शतक लगाने पर जो रूट को बधाई देते बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन। • एजेंसी



रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड के ओली पोप का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम। • एजेंसी

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | 302/7 (90 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जाक क्रॉली बो आकाश दीप | 42 | 42 | 6/1 |
| बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप | 11 | 21 | 1/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप | 00 | 02 | 0/0 |
| जो रूट नाबाद | 106 | 226 | 9/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन | 38 | 35 | 4/1 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा | 03 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज | 47 | 126 | 4/1 |
| टॉम हार्टली बो सिराज | 13 | 26 | 1/1 |
| ओली रॉबिनसन नाबाद | 31 | 60 | 4/1 |

**अतिरिक्त:** 11, **विकेट पतन:** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, **गेंदबाजी:** सिराज 13-3-60-2, आकाश दीप 17-0-70-3, जडेजा 27-7-55-1, अश्विन 22-1-83-1, यादव 10-3-21-0, जायसवाल 1-0-6-0

## मुश्किलों के बाद आकाशदीप को मिली मंजिल

**रांची।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में पदार्पण करने वाले आकाशदीप की मां लाडुमा देवी अपने बेटे को पदार्पण 'कैप' मिलते देखकर भावुक हो गई। उनकी आंखों में आंसू के साथ गर्व भी था। जब गुरुवार को आकाशदीप ने अपनी मां को फोन कर कहा कि मां, मैं कल भारत के लिए टेस्ट में मेरा पदार्पण होगा, तुम्हें आना होगा। तो वह बिहार के रोहतास जिले के बड्डी गांव से रांची के जेएससीए स्टेडियम पहुंचीं। उनके साथ आकाशदीप की दो भतीजी और उनका चचेरा भाई बैभव कुमार भी था।

आकाशदीप ने पहले घंटे में इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन पहुंचाकर मैच को प्रभावित किया, इससे लंच तक मेहमान टीम का स्कोर 5 विकेट पर 112 रन था। उनकी मां ने कहा कि उसके पिता हमेशा उसे सरकारी अधिकारी बनाना चाहते थे लेकिन क्रिकेट उसका जुनून था और मैं उसका हमेशा साथ दिया। मैं उसे छुपकर क्रिकेट खेलने भेज देती थी। उस समय अगर कोई सुनता कि तुम्हारा बेटा क्रिकेट खेल रहा है तो वे कहते, 'ये तो आवारा मवाली बनेगा', लेकिन हमें उस पर भरोसा था और छह महीने में मेरे मालिक (पति) और बेटे के निधन के बावजूद हमने हार नहीं मानी। आकाशदीप के पिता रामजी सिंह सरकारी हाई स्कूल में 'फिजिकल एजुकेशन' शिक्षक थे और वह कभी भी अपने बेटे को क्रिकेटर नहीं बनाना चाहते थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें लकवा मार गया और पांच साल तक बिस्तर पर रहे। उन्होंने फरवरी 2015 में अंतिम सांस ली। इसी साल अक्टूबर में आकाशदीप के बड़े भाई धीरज का निधन हो गया। इसके बाद अब बड़े भाई की पत्नी और उनकी दो बेटियों की जिम्मेदारी भी उनके ही ऊपर थी। लाडुमा देवी ने कहा कि अगर उसके पिता और भाई जीवित होते तो वे आज खुशी से फूले नहीं समाते।



### सफलता दिवंगत पिता को की समर्पित

**रांची।** तेज गेंदबाज आकाश दीप ने टेस्ट पदार्पण में 3 विकेट के शानदार प्रदर्शन को अपने पिता को समर्पित किया, जिनका 2015 में निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि वह संतुष्ट हैं कि उन्होंने अपने पिता के 'जीवन में कुछ कर दिखाने' के सपने को पूरा कर दिया है। आकाश दीप ने पिता रामजीत सिंह का लकवा मारने के बाद निधन हो गया और छह महीने के अंदर ही आकाश दीप ने अपने बड़े भाई को खो दिया। आकाश दीप ने कहा कि एक साल में पिता और बड़े भाई को गंवा देने के बाद मैं कुछ करना चाहता था और मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया। मेरे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था, बस कुछ हासिल कर सकता था।




# बॉलीवुड हलचल

## राकेश का गाना जीजा जी 2.0 रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का गाना लहंगा में मारा देब ताला जीजा जी 2.0 रिलीज हो गया है। इस गाने को राकेश मिश्रा के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि यह गाना 2024 में आने वाले रंगों के उत्सव को अभी से सेलिब्रेट करने को हमने बनाया है। हमारे यहां फाल्गुन मास में होली की तैयारी पहले दिन से गीत संगीत में शुरू हो जाती है। इसलिए हमने अभी से ही यह गाना रिलीज कर दिया है और आगे आने वाले दिनों में और भी कई गाने लेकर आएंगे। यह गाना होली गीत है जो की अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में होली से पहले सुनाई देती है और लोग बड़े चाव से इसे गाते और सुनते भी हैं। हमने इस गाने में होली गीत की शैली को जीवंत करने की कोशिश की है उम्मीद करता हूं कि सबों को पसंद आएगी और आप इस होली गीत को खूब अपना प्यार और आशीर्वाद देंगे।

## सिद्धार्थ की फिल्म 'योद्धा' के पहले गाने का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा के पहला गाना जिंदगी तेरे नाम टीजर रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। 'योद्धा' के पहला गाना जिंदगी तेरे नाम का टीजर रिलीज हो गया है। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गाने का टीजर जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'क्या हम कह सकते हैं... योद्धा के पहले गाने जिंदगी तेरे नाम के साथ प्यार 'हवा' में है, जो 24 फरवरी को आ रहा है। गाने के टीजर में सिद्धार्थ के साथ राशि खन्ना दिखाई दे रही हैं। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है जिसके करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। वहीं इसे सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने निर्देशित किया है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

## जंगली पोकर के 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन में अनिल



**मुंबई।** स्किल गेम कंपनी, जंगली गेम्स इंडिया प्रा. लिमिटेड ने जंगली पोकर के नए कैम्पेन 'अपने टाइप के लोग' में बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर को शामिल किया है। जंगली पोकर खिलाड़ियों के बीच हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में, 18-30 आयु वर्ग के 26% प्रतिभागियों ने युवा बॉलीवुड सितारों की तुलना में अनिल कपूर को पसंद किया। अनिल कपूर की मुख्य भूमिका वाले 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन का उद्देश्य पोकर को सभी उम्र, जेंडर या पृष्ठभूमि के लोगों के लिए सुलभ खेल के रूप में स्थापित करना है, साथ ही इससे जुड़ी पुरानी मान्यताओं को भी खत्म करना है। कैम्पेन के बारे में बात करते हुए, जंगली गेम्स के चीफ मार्केटिंग ऑफीसर, भरत भाटिया ने कहा, हम अनिल कपूर के साथ साझेदारी करके और 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन शुरू करके रोमांचित हैं। हमें विश्वास है कि उनकी भागीदारी हमें विश्वसनीयता, जीवंत, करिश्माई ऊर्जा और हमारा संदेश पहुंचाने के लिए उनका ट्रेडमार्क 'झकास' एटिट्यूड प्रदान करेगी। हमारी सोच यह है कि दर्शकों को यह दिखाया जाए कि कैसे जंगली पोकर एक सभी के खेलने के योग्य गेम है, जो एक स्वस्थ वातावरण में जीवन के सभी क्षेत्रों और कौशल वाले लोगों के लिए बनाया गया है। हम गेमिंग उद्योग में बड़ा बदलाव लाने उद्देश्य से विश्वास और जिम्मेदार गेमिंग के अपने मूल्यों को आगे भी विस्तार देना जारी रखेंगे। इस साझेदारी से उत्साहित, अनिल कपूर ने कहा, जंगली पोकर के साथ उनके नए कैम्पेन के लिए साझेदारी करना वास्तव में एक शानदार अनुभव है। मैं इस सफर का हिस्सा बनने और यह दिखाने के लिए उत्सुक हूं कि कैसे यह हर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए एक सर्वव्यापी गेमिंग एडवेंचर है। इसकी टैगलाइन 'अपने टाइप के लोग' मेरे व्यक्तित्व के साथ भी मेल खाती है और यह साझेदारी जबर्दस्त साबित होगी। यह देखना बहुत जरूरी है कि कैसे जंगली पोकर कैसे पोकर की धारणा को नए सिरे से परिभाषित करता है और जिम्मेदार गेमिंग की भावना को बढ़ावा देता है।

## करिश्मा कक्कड़ और चांदनी कुशवाहा का होली गीत कलर गुलाबी रिलीज





**मुंबई।** गायिका करिश्मा कक्कड़ और अभिनेत्री चांदनी कुशवाहा का होली गीत कलर गुलाबी रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'कलर गुलाबी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत में चांदनी कुशवाहा अपने प्रेमी के हरकतों की उलाहना देते हुए उसको समझाते हुए कह रही हैं कि ...होली में लभर तू सहाकल बाड़ा, देखतानी हम बहकल बाड़ा... सुधर जा सुधर जा, आदमी बन जा... होली में लभर तू सहाकल बाड़ा, देखतानी हम बहकल बाड़ा... अइसन काला लागता सीख आइला ह अपना भाभी से, साड़ी सरकइला बुलेटवा के चाभी से, रंग देला अंग पूरा कलर गुलाबी से... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'कलर गुलाबी' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीत दीपक दिलकश ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है।

## नीलकमल सिंह का होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन रिलीज



**मुंबई।** गायक-अभिनेता नीलकमल सिंह का होली स्पेशल गाना देवरा होली में मले साबुन रिलीज हो गया है। होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन को नीलकमल सिंह ने गाया है और इसके म्यूजिक वीडियो में उनके साथ नीलम गिरी नजर आईं हैं। यह गाना सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। नीलकमल सिंह ने कहा कि होली को हमारे गानों के साथ रंग बिरंगी बना लीजिये। अभी एक से बढ़ कर एक गाना हम लेकर आने वाले हैं। सारेगामा हम भोजपुरी, भोजपुरी म्यूजिक के लिए एक उत्कृष्ट प्लेटफॉर्म है, यहां हमने साथ मिलकर अब तक एक से बढ़ कर एक गाने को रिलीज किया है, जिसे लोगों ने पसंद किया है। आगे भी इसी तरह हम मनोरंजन भरपूर डोज लेकर आते रहे हैं। फ़िलहाल होली के अवसर पर होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन को खूब प्यार और आशीर्वाद मिले, यही कामना है। गौरतलब है कि गाना देवरा होली मे मले साबुन के गीतकार आशुतोष तिवारी हैं। संगीतकार शुभम राज (एसबीआर) हैं। प्रोडक्शन आकाश विश्वकर्मा का है। गाने के निर्देशक और कोरियोग्राफर लक्की विश्वकर्मा हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

